पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शनिवार 11 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण 05 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 20
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | ~ | 82,500.82 |
| निफ्टी | ~ | 25,285.35 |
| सोना | ~ | 1,23,710 |
| चांदी | ~ | 1,74,000 |
| डॉलर | ~ | 88.75 |

/padmeshmedia  /padmeshmedia  epaper.balaghatexpress.in  E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारी-पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा वोटर वेरिफिकेशन

# 2026 में पांच राज्यों में होगा एसआईआर

**नई दिल्ली।एजेंसी।** चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे।

गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा।




### राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

अधिकारियों के अनुसार, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।

## मणिपुर में सरकार गठन की कवायद तेज

**नई दिल्ली।एजेंसी।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को हटाने और नई सरकार के गठन के प्रयास तेज हो गए हैं। भाजपा के विधायक, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलने और सरकार बनाने पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि मणिपुर में सरकार बनाने के लिए कई मैतेई विधायक सक्रिय रूप से कुकी विधायकों से संपर्क साध रहे हैं, ताकि सरकार गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। बताया जा रहा है कि मणिपुर विधानसभा के स्पीकर सत्यब्रत ठाकुर, विधायक ब्रोजन पाओनाम (वांगजिंग तेंथा) और रोबिंद्रो टोंगब्राम ने दिल्ली में पूर्व कुकी मंत्री लेतपाओ हाओकिप से मुलाकात की है। सूत्रों का कहना है कि ये विधायक बिहार विधानसभा चुनाव के बाद मणिपुर में सरकार गठन के लिए पार्टी नेतृत्व को मना रहे हैं।

### शीर्ष नेताओं से मुलाकात

भाजपा के पांच प्रमुख विधायकों ने बीएल संतोष से मुलाकात की है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, टीएच बिस्वजीत सिंह, गोविंददास कोंथौजम, टीएच सत्यव्रत और इबोमचा के। शामिल हैं। इन विधायकों के करीबी सूत्रों ने बताया कि वे पार्टी नेताओं को यह विश्वास दिला रहे हैं कि मणिपुर में हालात धीरे-धीरे सामान्य की तरफ बढ़ रहे हैं और यह सरकार बनाने और राष्ट्रपति शासन हटाने का उपयुक्त समय है। आपको बता दें कि 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 356 के तहत मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की थी। संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति शासन 6 महीने तक वैध होता है। इसके बाद अगस्त 2025 में इसे अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

## खास खबर

### कोलकाता में नेता और बिल्डर अरेस्ट

**समस्तीपुर। एजेंसी।** समस्तीपुर के रहने वाले लोजपा (रामविलास) के नेता और बिल्डर राजीव रंजन को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजीव रंजन पर रिटायर्ड जज इंद्रजीत चटर्जी से 4.49 करोड़ रुपए ठगने का आरोप है। बताया जा रहा है कि राजीव रंजन समस्तीपुर जिले के टभका गांव के रहने वाले हैं और विभूतिपुर विधानसभा सीट से लोजपा(आर) के टिकट पर चुनाव लडने की तैयारी कर रहे थे। इससे पहले ही कोलकाता पुलिस ने उन्हें विद्यानगर थाना के सॉल्ट लेक इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने राजीव से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है।

### पूर्व सांसद ने थामा राजद का दामन



**पटना।एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड को फिर एक बार झटका लगा है, जहां पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने पार्टी छोडक़र आरजेडी का दामन थाम लिया है। उन्होंने यह फैसला पार्टी में अनदेखी और टिकट बंटवारे में उपेक्षा की वजह से लिया। उनके इस कदम से जेडीयू को नुकसान हो सकता है क्योंकि कुशवाहा का सीमांचल की राजनीति में काफी प्रभाव है। बता दें कि वह दो बार (2014 और 2019) पूर्णियां से जेडीयू की टिकट पर सांसद रह चुके हैं। हालांकि पिछली बार यानी साल 2024 में उन्हें कद्दावर नेता पप्पू यादव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उनके इस्तीफे को आरजेडी कुशवाहा वोट बैंक को साधने की रणनीति मान रही है।

### श्री हेमकुंड साहिब के कपाट बंद

**चमोली।एजेंसी।** चमोली स्थित श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए शुक्रवार को दोपहर एक बजे के बाद बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे सुखमणि साहिब के पाठ के बाद से शुरू हुई। गुरुद्वारा साहिब और मंदिर को फूलों से सजाया गया है, और सबद-कीर्तन का आयोजन हुआ। हेमकुंड साहिब के मुख्य ग्रंथी हमीर सिंह ने कहा कि कपाट बंद करने के उत्सव को यादगार बनाने के लिए अमृतसर के खजूरी रागी बंधु मनिंद्र सिंह का जत्था भी घांघरिया पहुंचा। इस जत्थे ने सबद-कीर्तन की प्रस्तुति दी। इस साल हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले गए थे और आज 10 अक्टूबर को बंद हुए। इस तरह हेमकुंड साहिब की यात्रा इस साल 139 दिन चली। हेमकुंड साहिब में गुरुवार तक 2 लाख 74 हजार 441 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

## अयोध्या में 2 विस्फोट में 7 लोगों का परिवार खत्म

**अयोध्या।एजेंसी।** अयोध्या के रहने वाले राम कुमार कसौधन का पूरा परिवार खत्म हो गया। 18 महीनों के अंदर उनका कोई नामो-निशान नहीं बचा। उनके खुद के भी चिथड़े-चिथड़े उड़ गए। दरअसल, पगलाभारी गांव में एक घर में विस्फोट हुआ। धमाके में 6 लागों की मौत हुई। मरने वालों में तीन बच्चों, पत्नी समेत राम कुमार भी शामिल थे। पत्नी की लाश 16 घंटे बाद मलबे से बरामद हुई।

विस्फोट इतना भयंकर था कि कुछ ही पलों में पूरा मकान जमींदोज हो गया। करीब 200 मीटर के एरिया में शव और मकान का मलबा बिखरा हुआ था। लोहे का गेट घर से 100 मीटर दूर पड़ा था। धमाका राम कुमार कसौधन के घर पर गुरुवार शाम करीब 7 बजे को हुआ। इससे पहले राम कुमार का एक और घर करीब 18 महीने पहले हुए एक धमाके में जमींदोज हो गया था। विस्फोट में उसकी मां और पहली पत्नी के अलावा एक पड़ोसी लडक़ी की भी मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, विस्फोट की वजहें तलाशी जा रही हैं। फॉरेंसिक जांच की जा रही है। मलबा हटवाया जा रहा।

# सरकार का बड़ा फैसला

## एसबीआई एमडी व बैंकों के ईडी पद पर हो सकेगी निजी क्षेत्र के लोगों की तैनाती

**नई दिल्ली।एजेंसी।** सरकार ने देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शीर्ष प्रबंधन पदों के लिए निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए अवसर खोल दिए हैं। एसबीआई में प्रबंध निदेशक के चार पदों में से एक पद पर निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों में काम करने वाले व्यक्तियों की तैनाती हो सकेगी। फिलहाल, सभी एमडी और अध्यक्ष पद आंतरिक उम्मीदवारों से ही भरे जाते हैं। संशोधित नियुक्ति दिशानिर्देशों के अनुसार, अब एमडी का एक पद निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध होगा।




इसी प्रकार, संशोधित दिशानिर्देशों में निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में कार्यकारी निदेशक (ईडी) की चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी गई। एसबीआई के अलावा, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया सहित 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं।

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, जहां तक निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों का संबंध है, उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 21 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें कम से कम 15 वर्ष का बैंकिंग अनुभव और बैंक बोर्ड स्तर पर कम से कम 2 वर्ष का अनुभव शामिल है।

सरकार की ओर से कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के पद के लिए पात्र उम्मीदवार भी ऐसी रिक्तियों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। इसमें कहा गया है कि इन दिशानिर्देशों के लागू होने की तिथि से, एसबीआई के एमडी का पहला पद रिक्त माना जाएगा। दिशा-निर्देशों के अनुसार पहली रिक्ति के बाद उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पद धारण करने वाले पात्र उम्मीदवारों से भरा जाएगा।

राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों के संबंध में, इसमें कहा गया है कि बैंक में एक पद निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों सहित सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए खुला रहेगा। बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में चार कार्यकारी निदेशक हैं, जबकि छोटे ऋणदाताओं में दो पद हैं।

निजी उम्मीदवारों के लिए कहा गया है कि व्यक्ति के पास न्यूनतम 18 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसमें बैंकिंग में 12 वर्ष का अनुभव शामिल है और बोर्ड स्तर से नीचे उच्चतम स्तर पर 3 वर्ष का अनुभव भी शामिल है। राष्ट्रीयकृत बैंकों के उन अधिकारियों को तरजीह दी जाएगी जिनके पास वित्त वर्ष 2027-28 तक मुख्य महाप्रबंधक और महाप्रबंधक स्तर पर चार वर्षों की संयुक्त सेवा हो। इसके बाद, पात्रता की शर्त दो वर्षों की सेवा के साथ मुख्य महाप्रबंधक पद पर तैनाती की होगी। मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के पद पर आसीन अभ्यर्थी इस पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

## नोबेल शांति पुरस्कार मिला मारिया कोरिना मचाडो को लेकिन सोशल मीडिया पर छाए हैं ट्रंप

**नई दिल्ली।एजेंसी।** संभवत- यह पहली बार हुआ होगा जबकि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के दूसरी बार बने राष्ट्रपति ने अपने खुद के लिए नोबल शांति पुरस्कार मांगा हो और उन्हें नहीं मिला। इस ऐतिहासिक घटना को लेकर सोशल मीडिया पर विचार-वमर्श के साथ ही मीम्स की बाढ़ आ गई है। एक तरफ तो लोग सम्मान पाने वाली आयरन लेडी को बधाई दे रहे हैं तो दूसरी तरफ ट्रंप की तरह-तरह की भाव-भंगिमाओं वाले मीम्स बनाकर हंसी उड़ा रहे हैं।

दरअसल साल 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार का ऐलान किया जा चुका है और एक बार फिर दुनियाभर में यह चर्चा का विषय बन गया है। फर्क यह है कि इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबल नहीं मिला, जबकि वे स्वयं लंबे समय से इसके लिए खुलकर लॉबिंग करते रहे। बावजूद इसके नोबल कमेटी ने अपना प्रतिष्ठित पुरस्कार वेनेजुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो के नाम कर दिया। गौरतलब है कि आयरन लेडी मारिया कोरिना को यह सम्मान उनके तानाशाही के खिलाफ संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए दिया गया है। वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली के लिए किया गया लगातार प्रयास उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना का कारण बना है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रपति ट्रंप लगातार दावा कर रहे थे कि उन्होंने आठ बड़े युद्धों को रोकने और इज़राइल-हमास के बीच शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई, इसलिए उन्हें नोबल मिलना चाहिए। यही नहीं, ट्रंप ने तो भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को टालने का बारंबार दावा किया, जिसे भारत अस्वीकार करता रहा है। बहरहाल ट्रंप के तमाम दावे काम नहीं आए और उनके हाथ कुछ नहीं लगा। बस यही वजह है कि अब सोशल मीडिया पर ट्रंप के इन्हीं तमाम दावों और यथा स्थिति को लेकर तरह-तरह के मीम्स बनाकर लोग खूब मजे ले रहे हैं। इन मीम्स में ट्रंप कहीं बच्चे की तरह रोते दिख रहे तो कहीं गुस्से से लाल-पीले होते दिखाई दे रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इसे टंप किस नजर से देखते हैं और इन मीम्स बनाने वालों और मजे लेने वालों को क्या जवाब देते हैं।

## तमिलनाडु के प्रसिद्ध तिरुचेंदूर सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में कुल 5.28 करोड़ का चढ़ावा आया

**थूथुकुडी,। एजेंसी।** तमिलनाडु के प्रसिद्ध तिरुचेंदूर सुब्रमण्य स्वामी मंदिर को श्रद्धालुओं से भारी मात्रा में चढ़ावा मिला है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, हाल ही में खुले हंडियों (दानपात्र) से कुल 5.28 करोड़ का चढ़ावा प्राप्त हुआ है। इसमें नकद राशि के साथ 1,905 ग्राम सोना और 72,255 ग्राम चांदी शामिल है।

शुक्रवार को चढ़ावे की गिनती का कार्य शुरू हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस प्रक्रिया की निगरानी ठक्कर अरुलमुरुगन और जॉइंट कमिश्नर रामू कर रहे हैं। गिनती में शिवकाशी पथिनेन सिद्धार मठ पीडम टीम की मदद ली जा रही है। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मंदिर प्रशासन ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था की है।

तिरुचेंदूर सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भगवान मुरुगन के छह प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों भक्त दर्शन के लिए आते हैं।

### हरियाणा आईपीएस सुसाइड केस

## सीएस-डीजीपी समेत 15 अफसरों पर एफआईआर

**चंडीगढ़।एजेंसी।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के सुसाइड केस में चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित 15 अफसरों पर गुरुवार देर रात एफआईआर दर्ज कर ली गई। चंडीगढ़ पुलिस की ओर से सुसाइड नोट को आधार बनाते हुए सेक्टर-11 थाने में 156 नंबर एफआईआर भारत न्याय संहिता की धारा 108, 3(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर) के तहत दर्ज की गई है।



हरियाणा के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी मामले में चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी सहित 14 पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। हालांकि आईपीएस पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार ने इस एफआईआर पर एतराज जताए हैं। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस को एप्लिकेशन देकर कहा कि एफआईआर में आरोपी अफसरों के नाम अलग से कॉलम में नहीं लिखे गए हैं। एफआईआर को फिक्स फॉर्मेट में लिखा जाए। इसको लेकर उनकी चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर से हॉट टॉक भी हुई है। अब थोड़ी देर में वह चंडीगढ़ की एसएसपी से मिलने के लिए जाएंगी। परिवार के राजी न होने से चौथे दिन भी पूरन का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया है। वहीं सरकार ने पूरे मामले को हैंडल करने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की ड्यूटी लगाई है। पंवार ने 2 बार आईजी की पत्नी से मुलाकात कर पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार के लिए राजी करने की कोशिश की लेकिन अमनीत ने डीजीपी को पद से हटाने और रोहतक एसपी को गिरफ्तार करने तक इससे इनकार कर दिया।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा केस की सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब मांगा

## -केंद्र बोला- जम्मू-कश्मीर के 99.9 प्रतिशत लोग सरकार के साथ

**नई दिल्ली।एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकारक को चार हफ्ते का समय दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश सरकार मामले में बात कर रहे हैं। कुछ लोग झूठी बातें फैला रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। मेहता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कई बातें हैं जिन पर विचार करने की जरूरत है। राज्य के हालात सामान्य हैं, विकास हो रहा है और 99.9 प्रतिशत लोग सरकार के साथ हैं। इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा था।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा था कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था। तब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर का राज्य दर्जा बहाल करेगी। सरकार चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे पर काम कर रही है। मेहता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कई बातें हैं जिन पर विचार करने की जरूरत है। इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा था।

ये याचिकाएं प्रोफेसर जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक ने दायर की थीं। उन्होंने दलील दी कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक हो गए हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य की सुरक्षा व लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

## कुछ ना कहना




## अमेरिका की ईंट का जवाब चीन ने पत्थर से दिया... ट्रंप के फैसले पर जिनपिंग का करारा पलटवार!

**बीजिंग।एजेंसी।** चीन ने अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देते हुए उसके सभी जहाजों पर अतिरिक्त पोर्ट फीस लगाने की घोषणा की है। चीन के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिकी फर्मों और व्यक्तियों के स्वामित्व या संचालन वाले जहाज जितनी बार चीनी बंदरगाहों पर आएंगे, उन्हें पोर्ट फीस देनी होगी। ये फीस अमेरिका में बने या अमेरिकी झंडा लगे सभी जहाजों को भी देनी होगी। यह फीस 14 अक्टूबर यानी अगले हफ्ते मंगलवार से लागू हो जाएगी। मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि चीन ये फीस इसलिए ले रहा है क्योंकि अमेरिका ने भी ऐसे ही एक फैसले के तहत अपने बंदरगाहों पर रुकने वाले चीनी जहाजों पर फीस लगाने की घोषणा की है। अमेरिका की पोर्ट फीस भी 14 अक्टूबर से ही लागू हो रहा है जिसके तहत



चीन में बने जहाजों, चीनी संस्थाओं के स्वामित्व या उनकी तरफ से ऑपरेट किए जाने वाले जहाजों को अमेरिका में अपने पहले बंदरगाह पर फीस देनी होगी। चीनी परिवहन मंत्रालय ने कहा कि 14 अक्टूबर से चीनी बंदरगाहों पर ठहरने वाले अमेरिकी जहाजों के लिए प्रति टन 400 युआन (56.13 डॉलर) की फीस लगेगी। 17 अप्रैल, 2026 से पोर्ट फीस बढक़र 640 युआन (89.81 डॉलर) हो जाएगी, और 17 अप्रैल, 2027 से 880 युआन हो जाएगी। 17 अप्रैल, 2028 से चीनी बंदरगाहों पर आने वाले अमेरिकी जहाजों को प्रति टन 1,120 युआन (157.16 डॉलर) पोर्ट फीस देना होगा।

विश्लेषकों का अनुमान है कि 10,000 से अधिक कंटेनर ले जाने वाले एक जहाज के लिए यह शुल्क .1 मिलियन (10 लाख डॉलर) तक हो सकता है, और 2028 तक सालाना बढ़ सकता है। चीनी फर्मों के स्वामित्व या संचालन वाले जहाज जब भी अमेरिकी पोर्ट पर आएंगे, उन्हें हर बार 80 डॉलर प्रति टन की एक निश्चित फीस देनी होगी। अमेरिका यह फीस यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव के एक सर्वे के बाद लगाने जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा...बताएं जम्मू-कश्मीर को फिर से पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया जाना चाहिए?

**नई दिल्ली।एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की मोदी सरकार से पूछा है कि जम्मू-कश्मीर को फिर से पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? शीर्ष अदालत ने सुनवाई कर केंद्र को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।



मुख्य न्यायाधीश बी.आर.गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है। इन याचिकाओं में प्रमुख रूप से जहूर अहमद भट और राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता अहमद मलिक शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील ने सुप्रीम कोर्ट को याद दिलाया कि दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को बरकरार रखा था, लेकिन अपने निर्णय में कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द ही राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। अदालत ने उस समय निर्देश दिया था कि राज्य में सितंबर 2024 तक चुनाव कराए और राज्य का दर्जा लौटाने की प्रक्रिया शुरु करे।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से बताया कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने पर सरकार विचार कर रही है, लेकिन इस पर निर्णय लेने से पहले कई संवैधानिक और प्रशासनिक पहलुओं पर मंथन जारी है। एसजी मेहता ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की स्थिति को लेकर भ्रामक नैरेटिव तैयार करते हैं, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है और राज्य में हालात लगातार बेहतर हो रहे हैं।

# पति की दीर्घायु के लिए सौभाग्यवती महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

## छलनी में चांद और पति के चेहरे का किया दीदार, राम मंदिर सहित विभिन्न वार्डो में की गई माँ करवा की सामुहिक पूजा-अर्चना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
अखंड सौभाग्य का महापर्व करवाचौथ 10 अक्टूबर शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। जहां सुहागिन महिलाओ ने अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जल व्रत धारण कर भगवान शिव ,माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश सहित चंद्रमा की विशेष पूजा-अर्चना की।इसके अलावा सुहागिन व्रतधारी महिलाओ ने सोलह श्रृंगार कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानो में भाग लिया।वही जगह जगह सामुहिक रूप माता करवा की कथा का वाचन कर माँ करवा की विशेष आराधना की गई।जहां रात को चंद्रोदय के बाद छलनी में चांद और अपने सुहाग के चेहरे का दीदार कर पति के हाथों जल ग्रहण कर महिलाओ व्रत खोला।



### करवा चौथ को लेकर महिलाओ में दिखा उत्साह

अखंड सौभाग्य के इस व्रत को लेकर नगर की महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया जहां महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए निर्जल व्रत धारण कर पूरे दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए वही शाम के वक्त सोलह श्रृंगार कर नगर के राम मंदिर, सहित नगर के विभिन्न वार्डो में आयोजित सामूहिक धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया जहां उन्होंने माता करवा की कथा सामूहिक रूप से सुनकर, मां करवा की सामूहिक आरती उतारी, वही सामूहिक रूप से पूजा पाठ में भाग लिया।जिसके बाद देर शाम छलनी में चांद और पति का एक साथ दीदार कर पति के हाथों जल ग्रहण कर करवा चौथ का व्रत पूरा किया।

### पति की दीर्घायु और परिवार में सुख समृद्धि के लिए रखा जाता है व्रतङ्कसुहागिन महिलाएं

करवा चौथ व्रत और सामूहिक पूजा अर्चना के संदर्भ में की गई चर्चा के दौरान सुहागिन महिलाओं ने बताया की करवा चौथ का व्रत पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए रखा जाता है ताकि परिवार में हमेशा सुख समृद्धि बनी रहे और पति की दीर्घायु हो। इसके अलावा उनके परिवार को हर मोड़ पर सफलता मिलती रहे।इसी उद्देश्य को लेकर सौभाग्यवती महिलाएं पूरे दिन निर्जल रहकर करवा चौथ का व्रत धारण करती हैं।जहा सुबह उठकर जल ग्रहण करते हैं फिर पूरा दिन निर्जल रहते हैं पूरे दिन व्रत धारी महिलाएं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मां करवा सहित अन्य देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना करती है उन्होंने आगे बताया कि इस व्रत को रखने से पति पत्नी के बीच प्रेम में वृद्धि होती है।पति पत्नी दोनों ही इस व्रत का सम्मान करते हैं।रात को जब पति देव घर आते हैं तब चंद्रमा का दीदार कर उनके हाथों से जल ग्रहण करते हैं।

# आज दोपहर 12 से शाम 05 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे द्वारा बताया गया है कि 11 अक्टूबर दिन शनिवार को (ट्रांसमिशन कंपनी) 132 केवी सबस्टेशन बालाघाट में अति आवश्यक सुधार कार्य करने के लिए सम्पूर्ण बालाघाट शहर की विद्युत सप्लाई दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। साथ ही 132 केवी सबस्टेशन से निर्गमित समस्त 33 केवी ग्रामीण फीडरों एवं फीडर से संबंधित क्षेत्र और संबंधित समस्त हाईटेंशन उपभोक्ताओं की सप्लाई बाधित रहेगी। सभी बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि सुधार कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें।

# एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भारी में इसी ग्राम के एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। 10 अक्टूबर को सुबह 5:00 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति रस्सी बाल्टी लेकर अपने घर समीप कुएं में पानी के लिए गया था। बैहर पुलिस ने मृतक रूपेश पिता रननुलाल मेरावी 37 वर्ष का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपेश मेरावी खेती किसानी और मजदूरी करता था। जिसके परिवार में पत्नी मालती मेरावी और चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। बताया गया है कि 10 अक्टूबर को सुबह 5:00 बजे रूपेश मेरावी रस्सी बाल्टी लेकर अपने घर के पास स्थित कुएं में पानी के लिए गया था। रूपेश मेरावी कुएं से पानी निकलते समय अचानक पैर फिसलने से कुएं में गिर गया। जिसकी बचाव बचाव की आवाज सुनकर उसकी पत्नी मालती पहुंची और मोहल्ले पड़ोस वालों को बताई।मोहल्ले पड़ोस के लोग पहुंचे और गर्ल डालकर रूपेश मेरावी को बाहर निकाले तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की रिपोर्ट मालती पति रूपेश मेरावी 29 वर्ष ने बैहर थाना ने की थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद बिसेन अपने स्टाफ के साथ ग्राम भारी पहुंचे। और मृतक रूपेश मरावी का शव बरामद किए। पंचनामा कार्रवाई पश्चात रूपेश मेरावी का शव बैहर के अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। बैहर पुलिस द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 में विजेता टीमों को मिलेगी पुरूष्कार राशि

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के नेतृत्व में संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लोकसभा स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों को नगद पुरूष्कार राशि दी जाएगी। इस खेल महोत्सव में वालीबाल, कबड्डी, फुटबाल, रस्सा कस्सी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, शतरंज, मैराथन, कराटे, कुश्ती की प्रतियोगिता विधानसभा स्तर पर आयोजित की जा रही है। विधानसभा स्तर पर विजेता टीमों के बीच लोकसभा स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सांसद खेल महोत्सव 2025 में वालीबाल, कबड्डी, फुटबाल, रस्साकस्सी में गोल्ड मेडल पाने वाली टीम को 11 हजार रुपए, रजत पदक प्राप्त करने वाली टीम को 7100 रुपए एवं कांस्य पदक पाने वाली टीम को 3100 रुपए की पुरूष्कार राशि दी जाएगी। बैडमिंटन के सिंगल एवं डबल प्रतियोगिता, शतरंज तथा एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल विजेता को 05 हजार रुपए, रजत पदक विजेता को 03 हजार रुपए एवं कांस्य पदक विजेता को 1500 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। मैराथन दौड़ में प्रथम आने वाले खिलाड़ी को 11 हजार रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 7100 रुपए, तृतीय स्थान के लिए 5100 रुपए, चतुर्थ स्थान के लिए 4100 रुपए एवं पांचवे स्थान के लिए 3100 रुपए की राशि पुरूष्कार के रूप मे दी जाएगी। कराटे एवं कुश्ती के विजेताओं को आकर्षक पुरूष्कार दिये जाएंगे। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बालाघाट एवं कटंगी में खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। बालाघाट विधानसभा क्षेत्र में केवल कबड्डी की प्रतियोगिता शेष रह गई है, जिसका आयोजन 14 अक्टूबर को लालबर्रा में किया जाना है। संसदीय क्षेत्र की विधानसभा बैहर, परसवाड़ा, लांजी, वारासिवनी, बरघाट एवं सिवनी में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है।

# सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत विधानसभा स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

## खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जिला स्तर पर विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा स्तर बालाघाट व लालबर्रा में 10 अक्टूबर को मुलना स्टेडियम मे एथलेटिक्स ट्रैक के सभी इवेंट, शतरंज एवं रस्साकसी खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें लालबर्रा और बालाघाट विधानसभा के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राकेश सेवईबार नगर अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक गणेश अग्रवाल, नगर महामंत्रीडा अक्षय कटरे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विवेक शिववंशी,संजू वराडे, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, सहित खिलाड़ी, खेलप्रेमियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर राकेश सेवईवार ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता के माध्यम से खेल प्रतिभाएं सामने आ रही है और विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर जिला स्तर में आयोजन होगा। इस आयोजन में सहयोग प्रशिक्षक मनीष शिवहरे, विनोद ठाकुर, खेलो इंडिया कोच आशु पवार, महाविद्यालय से अनिल झरवडे, हरिश धुवारे, योगेन्द्र पटले, केदार ठाकरे कार्यालय, अजय ठाकुर आकाशवाणी, युवा समन्वयक लवकुमार नगपुरे, राजेंद्र बिसेन, श्रीमती कंचन महाजन श्रीमती सुनीता बिसेन, रस्साकसी के लिए कोच सजिन्द्र कृष्णन, पुरुषोत्तम लिल्हारे सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# मोटरसाइकिल एक व्यक्ति को टक्कर मारकर हुई अनियंत्रित- दो व्यक्ति घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
बैहर रोड भरवेली समीप हीरापुर चौक में मोटरसाइकिल एक व्यक्ति को ठोस मारकर अनियंत्रित हो गई इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार और एक व्यक्ति घायल हो गए दोनों घायल दिशांत पिता जीवनलाल यादव 21 वर्ष ग्राम मानेगांव थाना भरवेली और रमन पिता राधेलाल अजीत 50 वर्ष ग्राम हीरापुर थाना भरवेली निवासी है। दोनों घायल का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिशांत यादव ने स्नातक की पढ़ाई की है। गुरुवार को सुबह 5:00 बजे दिशांत यादव मोटरसाइकिल में बालाघाट से अपने घर मानेगांव जा रहे थे। तभी हीरापुर चौक के पास रमन अजीत पैदल रोड पर कर रहा था। दिशांत यादव ने मोटरसाइकिल का हार्न बजाय किंतु मोटरसाइकिल की आवाज सुनकर रमन अजीत आगे पीछे होने लगा तभी दिशांत यादव ने ब्रेक लगाया। किंतु मोटरसाइकिल रमन अजीत से टकराकर अनियंत्रित हो गई। जिससे दिशांत यादव भी मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गया और रमन अजीत मोटर की ठोकर से घायल हो गया। इस दुर्घटना में घायल दिशांत यादवऔर रमन अजीत को ऑटो से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।



# साइबर जागृत भारत थीम पर स्कूली बच्चों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**पद्मेश न्यूज। किरनापुर ।**
शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में साइबर जाग्रत थीम पर साइबर सुरक्षा जागरूकता पर स्कूली बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में कहा कि साइबर जाग्रत भारत थीम पर साइबर सुरक्षा जागरूकता के अन्तर्गत एटीएम कार्ड फ्राड, यूपीआई, डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराध से बचाव के लिए सावधानियॉ जैसे किसी भी प्रकार की लाटरी इनाम, कैश बेक, केबीसी लक्की ड्रा, बीमा आदि के लुभावने आर्फस से सावधान रहे। साथ ही सोशल मीडिया, मेसेजिंग ऐप, इंस्ट्राग्राम एक्स, वाट्सअप, टेलीग्राम आदि पर 2-स्टेप वेरिफिकेशन विकल्प ऑन रखे ताकि कोई आपके अकाऊंट को हेक न कर सके। वृद्धजनों एवं महिलाओं हेतु साइबर अपराध से बचने के उपाय बताये तथा अन्य तथ्य परख महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।वही आगे बताया कि विद्यार्थियों को अपने मोबाइल से किसी की धार्मिक भावनाएं भड़कने वाली पोस्ट नहीं करने, कानून का उल्लंघन नहीं करने के साथ साइबर अपराध से संबंधित जागरूकता रखते हुये ऑनलाईन शापिंग करते समय सावधानियॉ रखनी चाहिए तथा ऑनलाईन ठगी होने पर तुरन्त 1930 पर फोन करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य अनिता तारन, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

# सपेरे को सांप ने काटा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के प्रेम नगर में सांप पकड़ने गए एक व्यक्ति को सांप ने हीं काट दिया। सांप पदम् नाग के काटने से अस्वस्थ व्यक्ति हमीद शेख पिता बाबा मियां शेख 40 वर्ष वार्ड नंबर 29 जयप्रकाश कॉलोनी बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हमीद शेख कबाड़ी और सांप पकड़ने का काम करता है। गुरुवार को सुबह 10:30 प्रेम नगर में सांप निकला था। हमीद शेख को खबर मिलने पर वह सांप पकड़ने के लिए प्रेमनगर गया और वह सांप पकड़ रहा था। तभी पदम नाग सांप ने हमीद शेख के बाए हाथ के अंगूठे की पास वाली अंगुली में काट दिया। जिससे खून निकलने लगा था। हमीद शेख को उसके दोस्त लाली कसार ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य का दौरा कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन 11 अक्टूबर को शाम 07 बजे सरदार पटेल विश्वविद्यालय डोंगरिया, रात्रि 09 बजे पचपेड़ी (नगरवाड़ा) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। रात्रि 11=30 बजे वे बालाघाट पहुंचेगी।



# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राहियों से की जा रही गृह भेंट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजनांतर्गत लाभांवित हितग्राहियों से महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह गृह भेंट कर उन बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, शिक्षा, केरियर काउंसलिंग की जा रही है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट श्रीमती दीपमाला मंगोदिया एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास वारासिवनी, श्रीमती यशोदा भगत एवं परियोजना अधिकारी बालाघाट ग्रामीण शैलेन्द्र चौकसे द्वारा अपने संबंधित परियोजना के हितग्राहियों से गृह भेंट कर उनसे संवाद कर उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी जानकारी ली गई व कैरियर काउंसलिंग की गई। बच्चों के संरक्षकों से व्यक्तिगत संवाद कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिए एवं बच्चों के उचित देखभाल के लिए परामर्श दिया गया। बच्चों को किसी भी प्रकार की मानसिक व शारीरिक समस्या होने पर विभाग से संपर्क करने की समझाईश दी गई।



बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# अफसर सरकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर करें प्रभावी क्रियान्वयन

## योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार करने के निर्देश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

भोपाल में 07 एवं 08 अक्टूबर को हुई कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस में दिये गए निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर मृणाल मीना ने 10 अक्टूबर को सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करें और नवाचार करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि भोपाल में हुई कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस में बालाघाट जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को प्रोत्साहित किया गया है। जिले में मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण तथा सिकल सेल की जांच में अच्छा काम हुआ है। स्वास्थ्य विभाग को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ सुरक्षित मातृत्व, टीकाकरण, क्षय उन्मूलन एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि क्षय रोगियों के उपचार के लिए निक्षय मित्रों के नामांकन में जनप्रतिनिधियों व निजी क्षेत्र को प्रेरित कर फूड बास्केट का नियमित रूप से वितरण कराए। सुरक्षित प्रसव एवं कुपोषण को दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिये गए। जिले में एयर एम्बुलेंस की सुविधा का उपयोग किया जाए। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के लिए ईट-राईट कैम्पेन चलाने तथा भोजन में आईल (तेल एवं वसा) का उपयोग कम करने के लिए जन सामान्य को प्रोत्साहित करने कहा गया।



बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आंगनवाड़ी में सभी पात्र बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें और आंगनवाड़ी केंद्रो में अच्छा वातावरण निर्मित करने के लिए नवाचार करें, जिससे आंगनवाड़ी के बच्चे खेल के साथ शिक्षा संबंधी बाते भी सीख सके। पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से आंगनवाड़ी के बच्चों के पोषण स्तर पर नजर रखी जाए और कुपोषित बच्चों का पोषण पुनर्वास केंद्रों में उपचार कराया जाए।

### शालाओं में शत प्रतिशत शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगायी जाए

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निपुण भारत मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन करें। शाला से बाहर बच्चों का समग्र आईडी से चिन्हांकन करें। शालाओं में शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगायी जाए। जिन शालाओं में शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस नही लगायी जा रही है उनके प्राचार्यों को नोटिस जारी किया जाए और कार्यवाही के लिए चेतावनी दी जाए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार शत प्रतिशत शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगाना अनिवार्य है। जब अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगायी जा रही है तो नियमित शिक्षकों की भी शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस होना चाहिए। प्रदेश के अन्य जिलों में 85 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगायी जा रही है, तो बालाघाट जिले में भी इसे शत प्रतिशत किया जाए।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण करें और शालाओं में शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान शाला में दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखे। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शालाओं में पालक शिक्षक संघ की नियमित रूप से बैठकें आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चिन्हित 348 ग्रामों का विलेज एक्शन प्लॉन शीघ्र तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन की नल-जल योजनाओं से जल प्रदाय किया जा रहा है वहां पर जल कर की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बने आवासो का इच्छुक लोगो को शीघ्र आवंटन करें और इस योजना में आवास निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन करें।

बैठक में जिला व्यापार उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को जिले में नए उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहन के लिए कार्यवाही करने तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कारगर कदम उठाने कहा गया। उपसंचालक कृषि को धान पराली प्रबंधन के लिए किसानों को अनुदान पर सुपर एवं हैप्पी सीडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।

# पेंशनर्स संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय में लगाई याचिका

## 36 प्रतिशत दुर्घटनाओं ने कमी आने का किया दावा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

ओ.बी.सी. एस.सी. एस.टी. पेंशनर्स संगठन जिला बालाघाट अध्यक्ष बीआर भैरम में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संगठन द्वारा भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भारत की सड़को में पैदल चलने वाले राहगीरो को बाये न चल, दाये चलने के लिए समर्थन में पत्र याचिका लगाई है। इस संदर्भ में संगठन के अध्यक्ष बी.आर. भैरम ने बताया कि उनका संगठन वर्ष 2020 से भारत के महामहिम राष्ट्रपति एवं कमलनाथ, योगी आदित्यनाथ, उद्धव ठाकरे, अशोक गहलोत, नीतिश कुमार, अमरिन्दर सिंह, मनोहरलाल खटटर, ममता बनर्जी, तत्कालिन मुख्यमंत्रियों को पत्राचार कर दाहिने चलने के लिए मार्गदर्शन की मांग की है।जिस पर हरियाणा सरकार ने आंशिक कार्यवाही की तथा पत्र भेजकर महानिरीक्षक ट्राफिक एवं हाईवे करनाल ने पत्रांक 2014-37 दिनांक 20 फरवरी 2020 को जानकारी दी, संगठन ने पुनः महामहिम राष्ट्रपति, एवं प्रधान मंत्री, परिवहन मंत्री सहित एक दर्जन राज्यो के मुख्य मंत्रियों को पुनः वर्ष 2024 में पत्र भेजकर दाये चलने की आवश्यकता बताई, अब संगठन को समाचार से ज्ञात हुआ कि जबलपुर के याचिकाकर्ता ज्ञान प्रकाश शर्मा द्वारा इस संबंध में याचिका लगाई गई है तथा माननीय न्यायालय के जस्टिस दीपांकरदत्ता एवं जार्ज मसीह ने भारत सरकार तथा नेशनल अथार्टी हाइवे आफ इण्डिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, जिसमें याचिकाकर्ता ने 36 प्रतिशत दुर्घटनाए बाये पैदल चलने के कारण होने का तर्क दिया है इसे देखते हुए संगठन ने उक्त याचिका के समर्थन में जनहित में पत्र याचिका प्रस्तुत की है। ताकि राहगीर को वाहन पीछे से आकर ठोकर न मारे, और आकाल किसी की मृत्यु ना हो सके।

# शराब पीने मना करने पर व्यक्ति ने क्लीनर का किया सेवन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** पत्नी के द्वारा शराब पीने पर एक व्यक्ति ने शराब पीने मना करने पर क्लीनर का सेवन कर लिया। क्लीनर के सेवन से अस्वस्थ व्यक्ति राम प्रसाद राहंगडाले 45 वर्ष ग्राम धड़ी थाना हट्टा निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम प्रसाद राहंगडाले खेती किसानी करते हैं। 9 अक्टूबर की रात राम प्रसाद राहंगडाले शराब पीकर घर आए और खाना खाकर सो गए थे। 10 अक्टूबर को सुबह रामप्रसाद की पत्नी सुनीता राहंगडाले ने अपने पति रामप्रसाद राहंगडाले से बोली की शराब पीकर क्यों आते हो, इसी को लेकर कुछ कहासुनी हुई तभी रामप्रसाद राहंगडाले गांव की दुकान में गया और क्लीनर खरीद कर लाया और पी गया ।1 घंटे बाद रामप्रसाद राहंगडाले ने बताया कि उसने क्लीनर पी लिया है। तब रामप्रसाद को उसके बेटे यश राहंगडाले ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

# समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो जाएंगे कई किसान

## पंजीयन तारीख बढाने की मांग को लेकर किसान गर्जना ने सौंपा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम दिलाने और उन्हें बिचौलियों से बचाने के लिए शासन द्वारा प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीब सीजन में धान की खरीदी की जाती है।जहां समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू करने से पहले मार्केटिंग एवं सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से किसानों का पंजीयन कराया जाता है।ताकि किसान अपना पंजीयन करवाकर फसल को समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सके।समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का पंजीयन करने की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर शासन द्वारा निर्धारित की गई थी।जो शुक्रवार को पूरी हो गई है।लेकिन बेमौसम बारिश, सरकारी रिकार्ड में हुई त्रुटिया और गिरदावरी नही होने सहित अन्य कारणों के चलते जिले के कई किसान अब भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अपना पंजीयन नहीं कर सके हैं। जिसके चलते किसानों को धान बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और समर्थन मूल्य पर धान ना बिकने का फायदा बिचौलिए उठाएंगे। ऐसा तर्क प्रस्तुत करते हुए 10 अक्टूबर शुक्रवार को किसान गर्जना द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा गया है। जहां सौंप गए इस ज्ञापन में उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानो के पंजीयन कराने की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर को बढ़ाकर 20 अक्टूबर किए जाने की मांग की है।




### 20 अक्टूम्बर की जाए पंजीयन की अंतिम तारीख- अरविंद

किसान गर्जना संगठन, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि जिले में धान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी। परंतु अनेक कारणों से अनेक किसानों का पंजीयन अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है।जिनमें सर्वर की तकनीकी समस्याएँ, दस्तावेज़ों के सत्यापन में विलंब, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या प्रमुख हैं।इस कारण जिले के अनेक किसान भाई-बहन पंजीयन से वंचित रह जाने की स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में पिछले तीन-चार दिनों से विद्युत गुल रही। जिसके चलते किसानों का पंजीयन नहीं हो सका, तो वही खसरे नक्शे में परिवर्तन होने के चलते, पंजीयन नही हो सका है। जिले के कई क्षेत्रों में गिरदावरी का काम ऑफलाइन किया गया है जिसके चलते किसानों ने कौन सी फसल लगाई है उनका खसरा नक्शा कैसा है आदि जानकारी ऑनलाइन दर्ज नहीं है। जिसके चलते किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि कटंगी क्षेत्र में कई जगह किसानों ने धान की फसल लगाई है, लेकिन रिकार्ड में उनके खेत में गन्ने की फसल दर्शायी गई है। ऐसे में किसान रिकॉर्ड सुधारने में लगे हुए हैं, जिसके चलते कई किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। इसीलिए हमारी मांग है कि इस कल्याणकारी योजना से कोई भी किसान वंचित न रहे ,सभी किसानों का पंजीयन हो सके। इसीलिए हमारी मांग है कि पंजीयन की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर से बढ़कर 20 अक्टूबर की जानी चाहिए ताकि सभी किसान अपना पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर अपना उपार्जन शासन को बेच सके। इस निर्णय से जिले के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और सरकार की जनकल्याणकारी भावना का सही संदेश पहुँचेगा।

# बोनस की राशि निकालने किसान हो रहे परेशान

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में मूलभूत सुविधाओं की देखी जा रही कमी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

शहर के स्थानीय गोंदिया रोड स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण ग्रामीण अंचलों से आने वाले किसानों को बैंकों में अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां बोनस की राशि लेने पहुंचे किसानों ने बताया कि बैंक में ना ही पार्किंग की व्यवस्था है और ना ही बैठक व्यवस्था हैं , जिस कारण उन्हें सुबह से शाम तक परेशान होना पड़ता है । कुछ किसानों ने तो यह भी बताया कि यहां 1 घंटे के काम के लिए पूरा दिन बीत जाता है और सिर्फ उन्हें टोकन देकर नंबर आने का इंतजार करने को कहा जाता है और वह पूरा दिन भर यहां परेशान होते रहते हैं । जबकि देखा जाए तो जिस प्रकार से बैंक में सुविधा और व्यवस्थाएं होनी चाहिए, वह बहुत कम है और यह पहली बार का विषय नहीं है , इसके पहले भी कई बार किसानों ने बैंक में पर्याप्त व्यवस्था और बैंक को अन्य जगह स्थानांतरित किए जाने की मांग की है क्योंकि यहां किसानों को खड़े रहने के लिए तक जगह नहीं है ,उन्हें रोड पर खड़े रहकर अपने नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है । बैंक प्रबंधन ने भी माना की सही में बैंक में व्यवस्थाओं की कमी है और वह इस बैंक को अन्य जगह



स्थानांतरित किए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्राचार कर दिए हैं । फसल का उचित दाम पाने, वैसे ही किसान संघर्ष कर रहे है, तो दूसरी ओर सरकार के बोनस की राशि पाने में उन्हें बैंक में परेशान होना प ? रहा है। नगर के आजाद चौक स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शहरी शाखा में तकरीबन, 9 सहकारी समितियां आती है, जिसके अंतर्गत आने वाले किसानों की बोनस की राशि, उनके बैंक खाते में आई है, जिसे निकालने, बैंक पहुंच रहे किसानों के देरी से विड्राल होने से किसान परेशान है, स्थिति यह है कि किसानों को तीन से चार घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। घंटो के इंतजार के लिए, बैंक में ना तो बैठने की व्यवस्था है और ना ही वाहन पार्किंग और पेयजल की। जिसके कारण किसानों को अन्य दुकानों के सामने बैठना पड़ रहा है। जिस पर अन्य दुकानदारो को, दुकानों के सामने, किसानों के बैठने पर एतराज है। ऐसी स्थिति में, किसानों को पग-पग पर बोनस की राशि के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री की राशि के दौरान भी किसानों को ऐसा ही परेशान होना प ?ता है। बावजूद जिला मुख्यालय की इस शाखा पर बैंक के जिम्मेदार, कोई व्यवस्था, अब तक नहीं बना सके। किसानो के परेशान होने पर शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा ने बताया कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, किसानों को हो रही इस समस्या पर गंभीर है और जल्द ही किसानों को सुविधायुक्त जगह पर स्थानांतरित किया जाएगा। बैंक में बोनस की राशि का देरी से विड्राल होने पर किसान विनोद हरिनखेड़े बताते है कि 11 बजे मैंने विड्राल जमा किया था। साढ़े 12 बजे मेरा विड्राल पास हो जाने का मैसेज आया लेकिन 6 बज चुके है और अब तक उसे पेमेंट नहीं मिला। 75 वर्षीय मेहतरीन बाई की भी शिकायत ऐसी ही है, वह भी 11 बजे बैंक पहुंची थी। जिसे अब तक भुगतान नहीं हो पाया। पड़ रही धूप की गर्मी से परेशान होकर, वृद्ध महिला, यहां-वहां भटककर और पानी पीकर, दिन भर राशि की आस में बैंक में बैठी रही।

## बैहर नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई

# मटन मार्केट से हटाया पक्का अतिक्रमण

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

बैहर के मटन मार्केट में लंबे समय से फैला अतिक्रमण को बाहर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हटा दिया है। बताया जा रहा है कि बैहर के मटन मार्केट में लंबे समय से अतिक्रमणकारियों द्वारा पक्का अतिक्रमण कर रखा गया था। इसके बाद नगर परिषद बैहर द्वारा लगातार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाए जाने की बात कही गई थी ,किंतु अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब बैहर नगर परिषद और बैहर प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए यहां बने पक्के टिन के शैड को बुलडोजर चलाते हुए हटा दिया है ,जानकारी यह भी आ रही है कि इस पक्के अतिक्रमण से यहां का आवागमन बाधित हो रहा था, जबकि कुछ दुकानदार तो यह भी बता रहे हैं, की दुकान तोड़े जाने की वजह से अब यहां अपना व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को व्यवसाय करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा , जबकि तहसीलदार द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया गया था, कि अतिक्रमण में लगाई गई दुकानों को हटा ले , दुकानों के टूटने के बाद अब यहां दुकान लगाने वाले स्थानीय दुकानदारों में प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश भी देखा जा रहा है, उनके सामने अब व्यवसाय करने का संकट भी उत्पन्न हो गया है उन्होंने बैहर नगर परिषद से अपने व्यवसाय करने के लिए स्थान की भी मांग की है ताकि वह अपना व्यवसाय कर सके।



# सांसद खेल महोत्सव के तहत कटंगी में 9 खेलों का हुआ ट्रायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

सांसद खेल महोत्सव बालाघाट , सिवनी सांसद भारती पारधी के मार्गदर्शन में जिला खेल अधिकारी अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक युवा समन्वयक संतोष पारधी के माध्यम से 9 खेलों का ट्रायल 9 से 10 अक्टूबर शासकीय राजा भोज महाविद्यालय कटंगी में करवाया गया । जिसमें वॉलीबॉल, फुटबॉल ,कराते, रस्साकशी, शतरंज , कुश्ती ,हॉकी, बैडमिंटन दौड़ 100 मीटर 200 मीटर 1500 मी, शॉट पुट ,जैसे खेल शामिल थे ,कार्यक्रम का उद्घाटन मे सांसद प्रतिनिधि लुब्देश्वर, राहागडाले वरुण देशमुख, कटंगी एसडीएम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महाविद्यालय प्राचार्य अनिल शिंडे, स्पोर्ट्स अधिकारी अधीर घोड़ेश्वर जन भागीदारी के सदस्य टिंकल वाघमारे, अवलेश पारदी और नवजीत दुबे, पेमेंद्रपारदी, रूपेंद्र बनकर



स्कूल प्राचार्य महेंद्र डहरवाल तथा युवा समन्वयक संतोष पारधी उपस्थित रहे जिसमें वॉलीबॉल तथा कराटे खेल से कार्यक्रम कीशुरुआत की गई जिसमें डॉली माहुरकर, उर्वशी चौधरी रोशनी ठाकरे आनंद रोकड़े द्वारा अन्य सभी खेल के ट्रायल में सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# बालाघाट की बेटी ने नेपाल में लहराया परचम

## डॉ. पूजा गोस्वामी को मिला शिक्षण में उत्कृष्टता का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नही है।यह बात समय समय पर समाने आती रहती है।जहां जिले के युवा ना सिर्फ प्रदेश, बल्कि राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा के लोहा मनवाकर जिला, प्रदेश व देश का नाम रौशन कर रहे है।इसी कड़ी में बालाघाट जिले की बेटी, डॉ. पूजा गोस्वामी को नेपाल में हुए जलवायु परिवर्तन पर विश्व सम्मेलन (6 से 8 सितंबर 2023) में उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए शिक्षण में उत्कृष्टता का अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है।यह न केवल डॉ. पूजा गोस्वामी के लिए, बल्कि पूरे बालाघाट जिले के लिए गर्व का क्षण है।अपनी मेहनत और ज्ञान से अंतर्राष्ट्रीय स्तर



पर जिले का नाम रोशन करने पर सांसद भारती पारधी सहित अन्य ने उन्हें बधाईयां व शुभकामनाएं प्रेषित की है।यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि बालाघाट की बेटियाँ शिक्षा और शोध के क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं।बताया गया कि डॉ. पूजा गोस्वामी राजा भोज कृषि महाविद्यालय बालाघाट में सहायक प्राध्यापक के रूप में विगत 10 वर्षों से जो अमूल्य सेवाएँ दी हैं, एवं इन्हें कृषि शोध क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है, वह भी अत्यंत सराहनीय हैं।जिनके उक्त कार्यो की सरहाना करते हुए सांसद भारती पारधी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और शोध के क्षेत्र में निरंतर सफलता के लिए अनंत शुभकामनाएँ दी है।

# कांग्रेसियों ने कफ सिरप से मृतक बच्चों को दी श्रध्दांजलि

## कैंडल मार्च निकालकर किया शोक व्यक्त, दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की





पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। छिंदवाड़ा जिले में कप सिरप से मासूम बच्चों की मौत हो जाने के बाद कांग्रेस पार्टी के द्वारा सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा देने की मांग कर रहे है। इसी कड़ी में लालबर्रा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुरूवार की शाम 7 बजे स्थानीय बस स्टैण्ड स्थित संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा स्थल में श्रध्दांजली एवं कैंडल मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसी पदाधिकारी एकत्रित हुए और छिंदवाड़ा जिले में कप सिरप से मृत बच्चों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रध्दांजली अर्पित की तत्पश्चात कैंडल मार्च निकालकर शोक व्यक्त किया गया। वहीं श्रध्दांजली व कैंडल मार्च कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य मंत्री की इस्तीफा की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि कोल्ड्रीफ कफ सिरप से छिंदवाड़ा जिले में करीब दो दर्जन से अधिक मासूम ब'चों की मौत हो चुकी है। इस दर्दनाक हादसे ने न केवल प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं इस कफ सिरप से दो दर्जन से अधिक बच्चों की मौत हो जाने के बाद भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने किसी प्रकार की सुरक्षा परीक्षण या गुणवत्ता जांच नहीं करवाई है। जिसके चलते जहरीले रसायन युक्त सिरप के सेवन से कई मासूमों की जान रोजाना जा रही है। इसलिए सरकार से मांग है कि जिस कंपनी के कप सिरप से मासूम ब'चों की मौत हुई है उस कंपनी के मालिक सहित जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही करें एवं स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दे नही तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा आंदोलन किया जायेगा। चर्चा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष धर्मेद्र ढांडे ने बताया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद सरकार की भूमिका असंवेदनशील रही है। सरकार ने भले ही उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा कर दी हो, लेकिन सिरप बनाने वाली 'श्रीसन कंपनी' के मालिक के खिलाफ अब तक कोई कानूनी कार्यवाही नही की गई है। सरकार से मांग है कि कंपनी के मालिक पर सख्त कार्यवाही करें एवं स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दे, मांगे पूरी नही होने पर आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाडेश्वर, वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानचंद शर्मा, धर्मेन्द्र ढांडे, मनीष कुशवाहा, दीपक तोमर, ओपी बिसेन, मुनेन्द्र ठाकरे, कमल शांडिल्य, जुगल भैरम सहित अन्य कांग्रेसीगण उपस्थित रहे।

### थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, स्मार्ट मीटर का विरोध करने की दी जानकारी

बस स्टैण्ड में आयोजित श्रध्दांजली कार्यक्रम संपन्न होने के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कांग्रेसी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर विद्युत विभाग पर बिना सहमति के जबरन स्मार्ट मीटर लगाने और स्मार्ट मीटर लगाने पर 31 मार्च 2028 तक रोक लगने के बाद भी जबरन लगाया जा रहा है। जिसका विरोध करने की जानकारी देकर स्मार्ट मीटर न लगाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विद्युत विभाग एवं कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा लालबर्रा विकासखण्ड में निवासरत ग्रामीणजन एवं दुकानों में पुराने अच्छे मीटर को निकालकर स्मार्ट मीटर डरा धमका कर लगाया जा रहा है एवं लगाने के लिए मना करने पर बिजली काटकर आपके घर व दुकान का मीटर खंबे में लगा दिया जायेगा। जो नियम के विपरित है और उपभोक्ताओं के बिना सहमति के लगाया जा रहा है। जबकि विगत दिवस समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी है कि 31 मार्च 2028 तक स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी गई है। स्मार्ट मीटर में उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्मार्ट मीटर में काई प्रकार की विसंगतियों को जांचा है इसके बावजूद भी कंपनी के लोग जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे है। जिसका कांग्रेसीजन विरोध करते है और सरकार से मांग है कि स्मार्ट मीटर न लगाये, पुराने मीटर को यथावत रखने की मांग की है।

# सतपुड़ा कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निक बालाघाट में फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम की मेजबानी




पद्मेश न्यूज। बालाघाट। AICTE अटल अकादमी के द्वारा स्पॉन्सर की गई ऑनलाइन फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज के द्वारा किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में शिक्षा के स्तर को नई टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने से संबंधित है इस प्रोग्राम में डॉक्टर देवब्रत दत्ता जो की भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में पूर्व सीनियर न्यूक्लियर साइंटिस्ट रहे हैं के द्वारा द्वारा रोल ऑफ डिजिटल ट्विंस इन इंडस्ट्री 4.0 के विषय पर जानकारी दी गई एवं पदम श्री डॉक्टर वी कोल्टे कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग मलकापुर बुलढ़ाणा महाराष्ट्र के प्रोफेसर डॉक्टर मोहित महेश्वरकर के द्वारा साइबर फिजिकल सिस्टम इन स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस सेमिनार में संस्था के प्रमुख श्री संजीव मिश्रा एवं श्री अंशुल जयसवाल उपस्थित रहे एवं संस्था के संरक्षक श्री वी एन तिवारी, श्री भंडारी सर एवं श्री दमाहे सर एवं संस्था के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता एवं सीईओ श्री मितेश शुक्ला भी उपस्थित रहे।

संस्था के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे सेमिनार वर्तमान में चल रही तकनीक छात्रों को इंडस्ट्री कल्चर के वास्तविक रूप से अवगत कराती है जिसका फायदा पूर्ण रूप से छात्रों को मिलता है एवं यह कार्यक्रम 6 दिवसीय है जिसका आज दूसरा दिन था एवं इसका समापन 11 अक्टूबर को होगा।

# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

## संघ के नवीन पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण, नये दायित्व का करेगें निर्वहन



पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय में तहसील संघ लालबर्रा का गुरूवार को शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम अधिवक्ता तहसील संघ लालबर्रा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी अतुल भारद्वाज के द्वारा नवीन कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को उनके पदों की शपथ दिलवाई गई। जिसमें अध्यक्ष पद की शपथ बाबूलाल सर्राटे, उपाध्यक्ष अधि. संदेश इंदुरकर, सचिव जगदीश बोपचे, सहसचिव केपी रजवाड़े, कोषाध्यक्ष मुकेश नागपुरे, ग्रंथपाल केवल उके, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अधि. अनिल शर्मा, अजय कौशल, पवन गौतम, निलेश मेश्राम, नितेश श्रीवास, अतुल भारद्वाज एवं अखिलेश देशमुख ने ग्रहण किया। वहीं अधि. आनंद बिसेन को दूसरे दिन उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई गई। साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संघ के हित में काम करने की बात कही गई। चर्चा में अधिवक्ता संघ लालबर्रा अध्यक्ष बाबूलाल सर्राटे ने बताया कि पुन: मुझे अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है और गुरूवार को नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ है एवं सभी नवीन पदाधिकारियों को जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कही गई है। साथ ही अधिवक्ताओं के हितों में काम किया जायेगा। इस अवसर अधिवक्ता संघ वारासिवनी सचिव भेजेंद्र रहांगडाले, वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीतसिंह चौहान सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ माँ सरस्वती महोत्सव का हुआ समापन

## ईनामी कूपन का खुला पिटारा, 51 भाग्यशाली भक्तों को मिला ईनाम, आर्केस्ट्रा का हुआ आयोजन





पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय में आयोजित होने वाला माँ सरस्वती महोत्सव बालाघाट जिले ही नहीं अपितु महाकौशल में विभिन्न आयोजनों एवं मनमोहक झांकियों के लिए जाना जाता है। जो इस वर्ष अपने सफलतम 33 वें वर्ष में बड़े ही भक्तिभाव और धूमधाम के साथ माँ सरस्वती महोत्सव मनाया गया। माँ सरस्वती महोत्सव के समापन के एक दिन पूर्व 8 अक्टूबर को रात 9 बजे कूपन ड्रा एवं शशिराज म्यूजिकल ग्रुप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारदर्शिता के साथ कूपन ड्रा का पिटारा खोला गया जिसमें प्रथम ईनाम कूपन क्रमांक 127629 को टीव्हीएस जूपिटर 113, द्वितीय ईनाम कूपन क्रमांक 134535 को टीवीएस स्पोटर्स 110 मोटरसाइकिल, तृतीय पुरस्कार कूपन क्रमांक 122521 को इलेक्ट्रीक स्कूटर, चतुर्थ पुरस्कार कुपन क्रमांक 147122 को फ्रीज, पांचवा पुरस्कार कूपन क्रमांक 124259 को वाशिंग मशीन प्राप्त हुआ है। इसी तरह 46 ईनामों का कूपन ड्रा हुआ है जिन्हे भी माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। साथ ही शशिराज म्यूजिकल ग्रुप आर्केस्ट्रा के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक देवी गीतों की प्रस्तुती दी गई। वहीं 9 नवंबर की शाम 7 बजे माँ सरस्वती प्रांगण से डीजे की धून पर माँ वीणा वादिनी की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आतिशबाजियों के साथ निकाली गई, इस विसर्जन यात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया जिसके पश्चात क्षेत्रीय नागरिकों ने पूजन-अर्चन कर प्रसाद प्राप्त किया। यह शोभायात्रा नगर का भ्रमण करते हुए लालबर्रा, मानपुर, बकोड़ा होते हुए मिरेगांव वैनगंगा बड़ी नहर पहुंची जहां आरती के पश्चात रात 10 बजे माँ सरस्वती की प्रतिमा विसर्जित कर प्रसादी का वितरण कर महोत्सव का समापन किया गया।

### इन कूपन नंबरों में माँ भगवती का प्राप्त हुआ आशीर्वाद

आपकों बता दें कि नगर मुख्यालय स्थित सरस्वती ग्राउंड में माँ सरस्वती महोत्सव का गत 27 सितंबर को वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापना के साथ आगाज हुआ था। जिसके पश्चात प्रतिदिन भक्तिभाव से श्रध्दालुओं के द्वारा पूजन-अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किये। साथ ही जिले सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त, ऐतिहासिक रूप से मनाया जाने वाला माँ सरस्वती महोत्सव इस वर्ष हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जिसके लिए माता का भव्य दरबार सजाया गया था जो श्रध्दालुओं के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं इस माँ सरस्वती महोत्सव के अवसर पर ईनामी कूपन ड्रा भी रखा गया था, जिसमें 51 पुरस्कार रखे गये थे । वहीं 8 अक्टूबर की रात में पुरी पारदर्शिता के साथ बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कूपन ड्रा खोला गया और 51 भाग्यशाली भक्तजनों को माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रथम ईनाम कूपन क्रमांक 127629 को टीव्हीएस जूपिटर 113, द्वितीय ईनाम कूपन क्रमांक 134535 को टीवीएस स्पोटर्स 110 मोटरसाइकिल, तृतीय पुरस्कार कूपन क्रमांक 122521 को इलेक्ट्रीक स्कूटर, चतुर्थ पुरस्कार कुपन क्रमांक 147122 को फ्रीज, पांचवा पुरस्कार कूपन क्रमांक 124259 को वाशिंग मशीन प्राप्त हुआ है। इसी तरह अन्य भाग्यशाली भक्तों को माँ भगवती का आशिर्वाद प्राप्त हुए है जिन्हे कुपन ड्रा का पिटारा के तहत अनेक ईनाम फसे है वे समिति से संपर्क कर अपना ईनाम प्राप्त कर सकते है। माँ सरस्वती महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि माँ सरस्वती महोत्सव का 33 वें वर्ष सफलतम पूर्ण हुआ और महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। साथ ही उपहार कुपन ड्रा भी रखा गया था जिसका ईनामी कूपन ड्रा का पिटारा 8 अक्टूबर को रात में खोला गया जिसमें 51 ईनाम रखे गये थे और कूपन ड्रा में 51 भाग्यशाली भक्तों को मातारानी का आशिर्वाद प्राप्त हुए है। इस 13 दिवसीय आयोजन में माँ सरस्वती महोत्सव समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रध्दालुओं का सराहनीय योगदान रहा।

# वेतन मांगने पर रोजगार सहायक संगठन अध्यक्ष से जनपद पंचायत सीईओ ने की अभद्रता

## रोजगार सहायक संगठन ने लगाया आरोप, तीन माह से नही हुआ वेतन का भुगतान, सौंपा ज्ञापन

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में पदस्थ रोजगार सहायकों को विगत तीन माह से वेतन नही मिलने से वे खासा परेशान है। इस संबंध में जब रोजगार सहायक संगठन के अध्यक्ष विनोद पारधी ने सीईओं से वेतन दिलवाने के संबंध में चर्चा की तो सीईओं के द्वारा संघ अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। जिसकी जानकारी लगते ही समस्त रोजगार सहायकों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही सभी रोजगार सहायकों ने सीईओं पर संघ के अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार करने एवं दुरभाष पर एवं आमने-सामने अनर्गल वार्तालाप करने का भी आरोप सीईओं पर लगाया है। वहीं शाम 4 बजे रोजगार सहायक संगठन अध्यक्ष विनोद पारधी के नेतृत्व में रोजगार सहायकों ने सीईओं को ज्ञापन सौंपकर तीन माह का वेतन जल्द दिलवाने एवं संघ के अध्यक्ष के साथ जो अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। जिसके लिए संगठन से माफी मांगने की मांग की है।



### मूर्छित हुआ रोजगार सहायक

जनपद पंचायत लालबर्रा की कमान विगत 3 वर्ष से संभाल रहे सीईओं चंदरसिंह मंडलोई के कार्य व्यवहार से समस्त क्षेत्रीयजन वाकिफ है क्योंकि बहुत कम समय वे कार्यालय में मौजूद रहते है। ऐसी स्थिति में कालेज की छात्राएं गांव की बेटी दस्तावेज में साइन करवाने सहित सहित अन्य लोगों को भी अपने आवश्यक काम के लिए परेशान होना पड़ता है। वहीं ददिया के रोजगार सहायक का एक माह का वेतन रोक दिया गया है और वेतन की मांग करने पर संघ अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना से ददिया रोजगार सहायक देवेन्द्र बोपचे आहत हो गया और उनका स्वास्थ्य अचानक खराब होने से वे मुर्छित होकर गिर गये। जिन्हे उनके सार्थियों के द्वारा उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है जहां उपचार जारी है।

### सीईओं के दुर्व्यवहार से सभी आहत है - विनोद

रोजगार सहायक संगठन अध्यक्ष विनोद पारधी ने बताया कि तीन माह से रोजगार सहायकों को वेतन नही मिला है। जिस संबंध में मेरे द्वारा ग्रुप में वेतन के संबंध में पोस्ट डाली गई थी जिस पर सीईओं लालबर्रा के द्वारा शुक्रवार को प्रात: 9 बजे कॉल आया कि तू बहुत 'यादा नेता बन रहा है, वेतन के बारे में तुझे क्या मालूम सहित अन्य अभद्र भाषा कर प्रयोग कर दुर्व्यवहार किया गया है। जबकि मैं समस्त रोजगार सहायकों की जायज मांग को लेकर चर्चा कर रहा था, सीईओं की इस दुर्व्यवहार से सभी आहत है। श्री पारधी ने बताया कि सभी को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए और ज्ञापन सौंपकर तीन माह का वेतन जल्द दिलवाने की मांग की है एवं मांगे पूरी नही होने पर कठोर कदम उठाने बाध्य होगें।

### दुर्व्यवहार करने का आरोप निराधार है - चंदरसिंह

दूरभाष पर चर्चा में सीईओं चंदरसिंह मंडलोई ने बताया कि शासन स्तर से रोजगार सहायकों का वेतन लंबित है और हमारे स्तर से ट्रेजरी से जो वेतन की प्रक्रिया होती है उसे कर दिया गया है एवं जो रोजगार सहायक अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरत रहे है। उन्हे नोटिस भी जारी किया गया है एवं संघ के अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने का जो आरोप लगा रहे है वह आरोप निराधार एवं बेबुनियाद है।

# बकोड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सांई बाबा की 107 वीं पुण्यतिथि

## डोला और कलशों की निकली शोभायात्रा, कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। 'बोलो सच्चिदानंद सदगुरू सांईनाथ महाराज की जय'- जयकारों के साथ शिरडी सांई बाबा की 107 वीं पुण्यतिथि 9 अक्टूबर गुरूवार को सांईग्राम बकोड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस शिरडी सांई बाबा की 107 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंदिर में दो दिवस तक विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न करवाये गये। जिसमें प्रात: से बाबा का सुप्रभातम, नगर संकीर्तन, अभिषेक, हवन-पूजन, भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ और 9 अक्टूबर की शाम 7.30 बजे मंदिर प्रांगण से डीजे की धून पर सांईबाबा का डोला एवं कलशों की शोभायात्रा निकाली गई। यहां शोभायात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची जहां उपस्थित श्रध्दालुओं ने मंदिर प्रांगण में बाबा की पालकी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात सांई बाबा के चादर की नीलामी की गई। जिसके बाद महंत हंसराज मिश्रा के द्वारा आरती करवाई गई तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। वहीं रात 9 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित कवियों के द्वारा हास्य व्यंग कविताओं की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। साथ ही उपस्थितजनों को गुदगुदाने के लिए मजबूर भी कर दिया और यह कार्यक्रम देररात्रि तक चला। आपकों बाद दे कि शिरडी सांई बाबा की 107 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चारों तरफ सांई मंदिर में हुई आकर्षक सजावट आकर्षण का केन्द्र रही और सांई बाबा के डोला कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रध्दालुजन सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित किये। श्री सांई मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय सांई बाबा की 107 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें दोनों दिन प्रात: के समय बाबा का सुप्रभातम, नगर संकीर्तन सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न हुए एवं 9 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे मंदिर प्रांगण से सांई बाबा का डोला एवं कलशों की शोभायात्रा निकाली गई। जो ग्राम का भ्रमण करते हुए सांई मंदिर पहुंची जहां पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर में महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही यह भी बताया कि विगत वर्षों से जो परंपरा चलते आ रही है उसका निर्वहन करते हुए सांई बाबा के चादर की नीलामी की गई और सांईनाथ महाराज से प्रार्थना करते है कि सभी के जीवन में खुशहाली, सुख, शांति व समृध्दि बनाये रखे। इस अवसर पर सांई मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी, सदस्य व श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# जेवर सफाई के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने सोने की चैन पर किया हाथ साफ

## पीड़िता को डेढ़ लाख रुपये का लगा चूना,फुटेज खंगाल रही पुलिस

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के वार्ड नंबर 9 निवासी दिनेश बोकड़े के मकान में दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 10 अक्टूबर को जेवर सफाई के नाम पर सोने की चैन चोरी कर फ रार हो गए। मामले में पीड़ित के द्वारा पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर सीसीटीवी फुटेज में आए आरोपियों की तस्वीर भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। वहीं मामले में जल्द कार्यवाही करने की मांग की गई है,इसमें उक्त अज्ञात चोरों के द्वारा करीब 12.5 ग्राम सोने की चैन चोरी होने से करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक की हानि हुई है। घटना की जानकारी लगते ही मामले में पुलिस के द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है।**





### यह है मामला

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में कई अज्ञात लोगों के द्वारा लगातार भ्रमण कर विभिन्न वस्तुओं का विक्रय कर अनेकों स्कीम बेची जाती है। इसी कड़ी में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नगर के वार्ड नंबर 9 में भ्रमण करते हुए दिनेश बोकड़े के घर में पहुंचे। जहां घर पर उस समय उनकी भाभी मंदा बोकडे उपस्थित थी जिसे उक्त व्यक्तियों के द्वारा जेवर सफाई और तांबे के बर्तन सफाई के संबंध में पाउडर की जानकारी दी गई। जिस पर उनके द्वारा तांबे के बर्तन चांदी और सोने की सफाई करने के लिए दिया गया । तभी उक्त अज्ञात चोरों के द्वारा मौके से उक्त परिवार के लोगों को बहला फ ुसला कर भ्रम में डालकर मौके से सोने की चैन लेकर फरार हो गए। जिसमें बोकडे परिवार के लोगों के द्वारा उक्त व्यक्तियों का भी पीछा किया गया किंतु इस दौरान एक व्यक्ति पहले से मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था। दूसरा व्यक्ति चैन चुराकर दौड़ा और मोटरसाइकिल में बैठकर दोनों फरार हो गए।

### बाहरी व्यक्ति मुसाफिरी को दिखा रहे ठेंगा

प्रशासन के द्वारा लगातार पुलिस मुसाफि री बाहर से आए व्यक्तियों को लिखने के लिए बैठकों के माध्यम से कहा जाता है। तो वहीं नगर वासियों के द्वारा भी चोरी या किसी प्रकार की वारदात होने पर पुलिस मुसाफिरी को लेकर प्रश्न उठाए जाते हैं। परंतु पुलिस प्रशासन हो या आम नागरिक किसी के द्वारा पुलिस मुसाफिरी का शक्ति से पालन नहीं किया जाता है। जिसका परिणाम है कि नगर के अंदर उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित बाहर के अन्य रा'यों एवं अन्य जिलों के लोग खटिया घमेला चना चूड़ा सहित अन्य सामग्री व खाद्य सामग्री का विक्रय करते नजर आते हैं। तो वहीं बाहर जिलों के लोग प्रतिदिन नगर में आना.जाना कर व्यापार करते हैं। ऐसे में बाहर से आए लोग नगर के विभिन्न स्थानों पर निवास करते हैं। इस परिस्थिति में नगर में घूम रहे लोगों से पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ कर मुसाफिर भी नहीं दर्ज की जाती है। वहीं नगर वासियों के द्वारा किराए पर लोगों को रहने दिया जाता है परंतु उनकी जानकारी थाने में दर्ज नहीं कराई जाती है। इस प्रकार से लगातार नगर में आ रहे बाहरी व्यक्ति मुसाफि री को ठेंगा दिखा रहे हैं और आए दिन चोरी लूट ठगी जैसी वारदात में बढ़ोतरी हो रही है।

### कुछ लोग बाहर से जेवर को पॉलिश करने के लिए मोहल्ले मोहल्ले में घूम कर लोगो को ठग रहे है-दिनेश बोकड़े

पोड़ित दिनेश बोकड़े ने बताया कि कुछ लोग बाहर से जेवर को पॉलिश करने के लिए मोहल्ले मोहल्ले में घूम रहे थे। उनके झासे में हमारी भाभी आ गई जिसने सोने की चैन दी थी वह उसे लेकर भाग गए। गाड़ी से आए थे दो लोग थे मटन मार्केट की तरफ भागे है। यह सभी पूरे नगर में घूमते रहते हैं पुलिस प्रशासन भी इन पर ध्यान नहीं देता है बिल्कुल निष्क्रिय है बाहर के लोग आ रहे हैं घूम रहे हैं कोई परिचय नहीं लिख रहा है। लूटमार हो रही है अब जो होना था हो गया मामले की शिकायत हमारे द्वारा थाने में आवेदन दे दिया गया है अब पुलिस से यही मांग है कि वह इसमें कुछ कर दे।

### सोना सफाई की बात कहकर अज्ञात दो लोगो ने सोने की चैन की चोरी-मंदा बोकडे

पीड़िता श्रीमती मंदा बोकडे ने बताया कि बाहर के लोग मार्केटिंग करने के लिए आए हुए थे। पाउडर बेच रहे थे उन्होंने कहा कि इससे तांबे के बर्तन साफ होते हैं तो उन्होंने तांबे का लोटा साफ किया फिर चांदी साफ करने की बात कही तो हमने अपनी पायल दी जिसे साफ किया। उसके बाद सोना सफाई की भी बात कही इस दौरान मेरे दिमाग में यह ख्याल नहीं आया और सामान्य रूप से मैंने अपने गले की चैन उतार कर दे दी। जिसे उन्होंने लिक्विड में डूबने की बात कहते हुए मुझे पानी और हल्दी मंगवाया एक डब्बे में डालकर उसे बंद कर दिया और खोलने के लिए मना किया मैं उसे लेकर पलटी और खोलकर देखी तो चैन नहीं थी। पीछे पलटी तो यह लोग भाग रहे थे डब्बा फेक मैं भी इनके पीछे भागी तो यह मटन मार्केट की तरफ भागे यह दो लोग थे इसमें एक व्यक्ति पहले आया था। दूसरा व्यक्ति आया और लिक्विड बनाने जा रहा हूं कहकर गया उसके बाद एकदम से यह व्यक्ति चैन लेकर भागा और दूसरा व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर तैयार था। हमारी जो सोने की चेन चोरी हुई है वह 12.5 ग्राम की थी।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** शासकीय एसएसपी महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस योजना के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य की सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी प्रदान करने के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रक्षा निकोसे के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं अंतर्गत कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। तत्पश्चात विकास साहू उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस योजना नोडल अधिकारी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा के विषय पर विस्तृत रूप से समझाया गया।



उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य कल्याण की व्यवस्था है जिसमें व्यक्ति अपनी क्षमताओं का एहसास करता है। जीवन की सामान्य तनाव का सामना करता है एक उत्पादक, फ लदाई एवं रचनात्मक ढंग से काम करता है। यह केवल मानसिक बीमारी के अनुपस्थित नहीं है,बल्कि भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण की एक सकारात्मक स्थित है जो किसी की सोचने, महसूस करने और कार्य करने की तरीके को प्रभावित करती है । मानसिक स्वास्थ्य को स्थाई स्थिति नहीं है बल्कि एक सतत प्रक्रिया जो बदलती रहती है, इसके पश्चात डॉ अनिरुद्ध सिंह काकोड़िया सहायक प्राध्यापक के द्वारा शॉट एनालिसिस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया । जिसमें छात्र छात्राओं को अपने मजबूत पक्ष को सुदृढ बनाने एवं कमजोर पक्ष पर सुधार करने संबंधित पर व्याख्यान दिया गया। इसी तारताम्या में त्रिरत्नेश गजभिए ने भी छात्र.छात्राओं प्रोत्साहित करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य मानव जीवन के विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है ।

जीवन शैली को बेहतर बनाने से संबंधित सुझाव दिए गए जिससे कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सके। मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य को एक दूसरे का पूर्वक बताया। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस गेडाम के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत रूप से छात्र.छात्राओं को संबोधित किया गया। उनके द्वारा दैनिक जीवन में होने वाले विभिन्न साइकोलॉजिकल डिसऑर्डर के बारे में छात्र.छात्राओं को जानकारी दी गई, कुछ लोगों में अनावश्यक शक करने की बीमारी होती है, शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस, सामान्य क्रियाकलापों को भी बार बार चेक करना, सामान्य परिस्थितियों में भी अधिक चिंता करना, मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद, के संबंध में बताया गया। उन्होंने छात्र.छात्राओं को बताया कि अगर महाविद्यालय के अध्ययन सम्बंधित क्रियाकलापों को वह समय समय पर निरंतर करते रहेंगे तो वर्ष के अंत में किसी प्रकार की चिंता तनाव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी, एवं शिक्षण संबंधी किसी अवसाद संबंधी किसी अवसाद से ग्रसित नहीं होंगे, एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु दैनिक जीवन में शारीरिक क्रिया एवं खेल को शामिल करने का सुझाव दिया गया। मंच संचालन नरेंद्र डोंगरे सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया।

# भजन गायिका शहनाज अख्तर के भजनों में झूमे लोग

## सम्राट नगर दुर्गा उत्सव समिति का लक्की ड्रा संपन्न






**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** रानी अवंती बाई स्टेडियम सिविल क्लब मैदान में सम्राट नगर दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में देश की ख्याति प्राप्त भजन गायिका शहनाज अख्तर की भजन संध्या के साथ लक्की ड्रा खोला गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल , पूर्व सांसद बोधसिंह भगत,विधायक विवेक पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें स्टेज पर शहनाज अख्तर के द्वारा माता रानी का दरबार लगाकर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। जिसमें गणेश वंदना से शुरुआत कर मां भगवती के भजनों की शानदार मनमोहक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गयी। उक्त कार्यक्रम के बीच में पूरी पारदर्शिता के साथ लक्की कूपन ड्रा खोला गया।

इस दौरान उपस्थित जनता काफी उत्साहित नजर आई यह क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। जहाँ उपस्थित दर्शक झुम उठे और उक्त कार्यक्रम देर रात्रि तक चला जिसका लोगों ने जमकर लुप्त भी उठाये कार्यक्रम की जमकर सराहना भी की गई। सिविल क्लब मैदान में रात करीब 9.30 बजे स्टेज पर प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी टीम के साथ पहुंची। जहां भजन संध्या कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें हजारों संख्या में दर्शकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान शहनाज अख्तर के द्वारा मुझे चढ़ गया भगवा रंग रंग, खेल पंडा खेल पंडा खेल पंडा रे आ गई भवानी खेल पंडा रे, दुल्हनिया रे दुल्हनिया रे ,9 दिन बनी माई दुल्हनिया रे, शंकर चौड़ा रे श्रृंगार माई कर रही सोलहा रे,तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती में सहित अन्य भगवान के दरबार में हाजिरी लगाते हुए स्वयं के एक से बढ़कर एक भजनों की सुरीली और शानदार प्रस्तुति दी गई। सम्राट दुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा शहनाज अख्तर की भजन संध्या के साथ लक्की कूपन ड्रॉं पारदर्शिता के साथ खोला गया। इसमें पहला इनाम सुजूकी जिक्सर एसएफबाईक के लिये 32592 ,सुजूकी एक्सेस स्कूटी के लिये 43040 , एलसीडी 43 इंच के लिये 32140, फ्रीज 180 ली.के लिये 31498 ,वाशिंग मशीन के लिये 44586,कूलर 5 नग के लिये कूपन नम्बर . 27498, 18495 , 54717 ,11483, 20807 ,मिक्सर 10 नग के लिये 37375,48740, 22397, 57379, 12924,46888, 48187 ,23090,53112, 32994 , इलेक्ट्रॉनिक प्रेस 20 नग के लिये कूपन के अंतिम चार अंक 3496, सान्त्वना पुरुस्कार कूपन में अंतिम तीन अंक 186 के नंबर वाले कूपन खरीदने वाले भाग्यशाली भक्तों पर माता ने कृपा बरसायी। वहीं सिविल क्लब मैदान में शहनाज अख्तर के कार्यक्रम को देखने के लिए 9 अक्टूबर की रात में नगर सहित क्षेत्र की भीड़ बड़ी संख्या में उमड़ गई। जहां शहनाज अख्तर के द्वारा अपने एक से एक प्रसिद्ध भजनों की लगातार प्रस्तुति दी जाती रही। जिसमें स्टेज के दोनों तरफ पब्लिक में उपस्थित युवाओं के द्वारा जमकर नृत्य किया गया। तो वहीं लगातार अपने पसंदीदा गीतों की प्रस्तुति देने की मांग की जाती रही। ऐसे में शहनाज अख्तर के द्वारा अपने समस्त एल्बम के सुप्रसिद्ध गीतों की प्रस्तुति देर रात तक की गई। जहां उपस्थित लोगों के द्वारा कार्यक्रम का देर रात तक जमकर आनंद लिया गया।

# करवाचौथ पर सुहागिन महिलाओं ने रखा व्रत

## अखण्ड सौभाग्यवती की कामना से महिलाओं ने धारण किया निर्जला व्रत

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अखंड सौभाग्यवती होने का महापर्व करवा चौथ सुहागिन माता बहनों के द्वारा हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा घरों और मंदिरों में सामूहिक रूप से करवा माता भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ करवा चौथ पर्व मनाया गया। जिसमें करवा चौथ की कथा का वाचन करने के उपरांत चांद के दीदार कर पति के हाथों जल ग्रहण का व्रत का समापन किया गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा पूरे दिन निर्जला व्रत अपने अखंड सौभाग्यवती होने की कामना से किया गया।

### रामदेव बाबा मंदिर में हुआ सामूहिक पूजन

नगर के वार्ड नं. 6 लालबर्रा रोड़ स्थित रामदेव बाबा मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस 25 वां वर्ष में भी सामूहिक करवाचौथ कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक मान्यता अनुरूप किया गया। जिसमें सुहागिन महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर अपने अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुये करवा देवी की पूजा अर्चना की गई । जिसमें सर्वप्रथम पूजा की सामग्री सॅजाकर करवा देवी एवं भगवान गणेश की कथा का पाठ कर करवा चौथ गीत गाकर पूजा की थाली को एक दूसरे के हाथ में देते हुये परिक्रमा करवाई गई। सभी ने अपने अपने पति की उम्र को लेकर दीघार्यु होने की कामना की गई। विदित हो की करवाचौथ के दिन अलसुबह बहुओं को सगरी सॉस के दौरान प्रदान कि गई साथ ही कुछ सुहाग साम्रगी भी दी गई। सभी सुहागिन महिलाऐं ने निर्जला व्रत धारण किया फिर देर शाम पति के हाथ से पानी पीकर व्रत को समाप्त किया। इस दौरान व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया जिन्होने सोलह श्रृंगार कर पूरी पूजा विधि विधान से की।



### चांद के दीदार के बाद तोड़ा व्रत

करवा चौथ के अवसर पर पूजा और चांद के दीदार का अपना पौराणिक है यह करवाचौथ अपने पति की दीघार्यु के लिये रखे जाने वाला कठिन व्रत है। जो कार्तिक महिने के कृष्ण पक्ष में चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी तिथी को सुहागिन महिलाऐं करवा चौथ का व्रत करती है। इस दिन निर्जला व्रत धारण कर पति की लंबी उम्र और सदा सौभाग्य की कामना कर आस्था और विश्वास के साथ सुहागिन महिलाओं ने व्रत धारण कर रात्री में छलनी से चांद देखकर पति का दीदार किया। जिसके बाद पति ने अपनी व्रतधारी पत्नी को पानी पिलाकर व मीठा खिलाकर व्रत स्थगित करवाया।

### करवा देवी ने बचाई थी अपने पति की जान

करवाचौथ का व्रत आदि काल से चला आ रहा है जिसमें पौराणिक कथा के अनुसार करवा देवी अपने पति के साथ तुंगभद्रा नदी के पास रहती थी। एक दिन देवी करवा के पति स्नान करने इसी नदी के तट पर गये तो एक मगरमच्छ ने उनका पैर पकड़ लिया और नदी के पानी में खींचने लगा। उन्होने करवा देवी को आवाज दी जिसके बाद करवा देवी नदी के तट पर पहुॅची और अपने पति की जान बचाई। तब से करवाचौथ का व्रत महिलाओं के द्वारा अपने सुहाग को अमर करने पति की दीर्घायु व सौभाग्यवती होने की कामना से किया जाता है।

### सभी का व्रत सफल हो सुहाग अमर हो

सुहागिन महिलाओं ने बताया की करवा चौथ का व्रत सुहागन महिलाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण व्रत होता है। इस दौरान सुहागिन महिला सोलह श्रृंगार कर यह निर्जला व्रत धारण करती है, वह सौभाग्यवती होने और अपने पति की दीर्घायु के लिए काम करती है। सभी को करवा चौथ पर्व की बधाई माता रानी से कामना है कि सभी का सुहाग अमर रहे सभी का व्रत सफ ल हो। बाबा रामदेव मंदिर में पिछले 25 वर्षों से लगातार सामूहिक करवा चौथ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास की सुहागिन महिलायें उपस्थित होकर धार्मिक मान्यता अनुसार पूजा अर्चना करने आती है। यह व्रत सभी सुहागिन महिलाएं रखती है जो सुबह उठकर स्नान ध्यान करने के बाद पूजा अर्चना करती है फिर सास के द्वारा सरगी दी जाती है जिसे करने के बाद व्रत प्रारंभ होता है। यह निर्जला व्रत होता है जिसमें पानी नहीं पिया जाता है महिलाएं 16 श्रृंगार करने के बाद शाम को पूजा अर्चना करती है। सभी महिलाओं के द्वारा अपने घरों में चंद्र देवता को अर्क देखकर अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत छोड़ा जाएगा।

# महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में 10 अक्टुबंर को मध्यप्रदेश शासन राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र एवं निर्देशानुसार हर वोट कीमती, हर निकाय महत्वपूर्ण मतदाता जागरूकता अभियान अंर्तगत जनपद पंचायत वारासिवनी तथा नगर पालिका वारासिवनी के सहयोग से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम के मार्गदर्शन में तथा कृष्णा पराते के नेतृत्व में 80 स्वयं सेवको की उपस्थिति में महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इफ ान एहमद खान खण्ड पंचायत अधिकारी वारासिवनी, निर्दोष टेंभरें निर्वाचन प्रभारी नगर पालिका वारासिवनी, अजय उके निर्वाचन सहायक नगर पालिका वारासिवनी, डॉ रक्षा निकासे ,विकास साहू उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते के द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। मुख्य वक्ता के द्वारा बताया कि यह अभियान 8 अक्टूबंर से 17 अक्टूबंर 2025 तक चलाया जा रहा हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया 8 अक्टूबंर से प्रथम सूची का प्रकाशन होना है। और अंतिम सूची का प्रकाशन 13 नवंबर 2025 तक किया जायेगा। अजय उके ने बताया कि समस्त मतदाता नगर पालिका स्तर पर सक्षम अधिकारी तथा ग्रामीण स्तर पर सचिव से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोड़ना , हटाना तथा संसोधन कर सकते है। साथ ही किसी की मौत हो जाने एवं विवाह होकर आये या चले गये तथा शहर में पलायन हो जाने पर आप पुन: मतदाता सूची में परिवर्तन कर सकते है। परिवर्तन करने हेतु अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 दोपहर 3 बजे निर्धारित है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं आवश्यक सुधार हेतु बताया की आप अपने परिवार, समाज तथा ग्रामीण एवं नगरीय स्तर पर रा'य निर्वाचन आयोग के निर्देशो का व्यापक रूप प्रचार प्रसार करें ताकी मतदात सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के पश्चात फ ोटो युक्त प्रारूप में सार्वजनिक रूप से मतदाता सूची का प्रकशन 13 नवंबर 2025 तक किया जा सके। कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त कर समापन किया गया।

## संपादकीय

# साइबर संजाल का गिरोह और जोखिम का दौर

तेजी से बदलते दौर में नई तकनीकों के उपयोग को वक्त की जरूरत के तौर पर देखा जा रहा है। इसी क्रम में आम जिंदगी में संवाद से लेकर पढ़ाई-लिखाई और लेन-देन जैसे तमाम मामले अगर डिजिटल तकनीक के दायरे में आ रहे हैं तो यह स्वाभाविक है। इसी के मद्देनजर 'डिजिटल इंडिया' का नारा भी दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इंटरनेट आधारित तकनीकों के उपयोग के प्रति आकर्षित हों। विडंबना यह है कि जिस तेजी के साथ डिजिटल यंत्रों का उपयोग बढ़ा है, उसी अनुपात में इसमें सुरक्षित गतिविधियों का ढांचा विकसित नहीं हुआ है। इससे उपजने वाले जोखिम रोज नए और जटिल स्वरूप में सामने आ रहे हैं। अमूमन हर रोज देश के किसी हिस्से से डिजिटल धोखाधड़ी की खबरें आती हैं और उसमें किसी की मेहनत की कमाई के लाखों रुपए अलग-अलग तरीके से लूट या उड़ा लिए जाते हैं। ऐसे मामले आम हैं, जिनमें सिर्फ किसी को फोन पर की जाने वाली बातचीत में उलझा कर उसे धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। सवाल है कि अगर देश में आधुनिक तकनीकों का विस्तार किया जा रहा है तो क्या इससे बचाव के इंतजामों को भी उतना ही अहम माना जा रहा है।

> गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी हमारे लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है।

गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी हमारे लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। हालांकि डिजिटल फर्जीवाड़े के मामलों में कोई अचानक उफान नहीं आया है, बल्कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे यह साफ है कि आधुनिक तकनीक जितनी सुविधाजनक है, उतना ही यह जोखिम का वाहक भी बन रही है। किसी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आता है और वह व्यक्ति बातों के जाल में इस कदर फंस जाता है कि अपने बैंक खाते से खुद ही लाखों रुपए भेज देता है। इसके कुछ ही पल बाद जब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में पता चलता है, तब तक देर हो चुकी होती है। पिछले कुछ समय से ऐसे मामले आम होते देखे गए हैं, जिसमें अनजान नंबर से आए फोन काल के जरिए किसी व्यक्ति को डरा-धमका कर 'डिजिटल कैद' की स्थिति में डाल दिया जाता है और फिर भयादोहन करके उसके बैंक खाते में जमा रकम को उड़ा लिया जाता है।

अब ऐसी घटनाएं कोई नई नहीं रह गई हैं, लेकिन इसमें तेजी से होते इजाफे ने यह सवाल पैदा किया है कि जिन डिजिटल संसाधनों का विकास सुविधाजनक और सुरक्षित लेनदेन और अन्य गतिविधियों के लिए किया गया, आज उसी से उपजे खतरे से निपटने के तौर-तरीके आम क्यों नहीं हो पा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि आर्थिक भ्रष्टाचार से लेकर अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने या उन्हें खत्म करने के दावे के साथ डिजिटल दुनिया का विस्तार किया गया, कुछ जगहों पर व्यवहार में इसे अनिवार्य बना दिया गया, मगर आज हालत यह है कि सख्त कानूनों के बावजूद फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह साइबर संजाल में रोज नए तरीके अपना कर आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हालांकि एक समस्या डिजिटल यंत्रों के उपयोग में लापरवाही से लेकर प्रशिक्षण की सीमा की भी है, लेकिन इससे साइबर सुरक्षा का सवाल बेमानी नहीं हो जाता। निश्चित रूप से 'डिजिटल इंडिया' एक आकर्षक नारा है, लेकिन अगर इसमें जोखिम का पैमाना इतना ही ऊंचा रहता है, तो इसकी कामयाबी संदिग्ध ही रहेगी।

# यह पहचान खोने का दौर है

यह हमारे समय का सबसे बड़ा संकट यह है कि हम अपनी जड़ों से कटते हुए आधुनिकता और प्रगति की चकाचौंध में अपनी पहचान खोते चले जा रहे हैं। यह त्रासदी केवल व्यक्ति स्तर पर नहीं, समाज और राष्ट्र स्तर पर भी दिखाई देती है। एक तरफ तकनीक, शिक्षा, राजनीति और भौतिकता का विस्तार हो रहा है, तो दूसरी तरफ संस्कृति, परंपरा और मूल्य बिखरते जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह पहचान खोने का दौर है, जहां व्यक्ति अपने भीतर से खाली होता जा रहा है और समाज अपनी आत्मा से।

शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना या रोटी-रोजगार की गारंटी भर नहीं है। शिक्षा का मूल स्वरूप व्यक्ति में विवेक, संवेदनशीलता, सृजनशीलता और आत्मविश्वास जगाना होता है। लेकिन आज शिक्षा अब केवल अंक, डिग्री और पैकेज का पर्याय बनकर रह गई है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले छात्र किसी मशीन की तरह प्रशिक्षित तो हो रहे हैं, पर उनमें मनुष्यता घटती जा रही है। वे अपनी जमीन, अपने गांव, अपनी संस्कृति से अनजान रह जाते हैं। उनकी सोच उपभोक्तावाद से संचालित होती है। दुर्भाग्य यह है कि आज शिक्षा व्यक्ति को %उपभोक्ता% तो बना रही है, %संस्कारवान नागरिक% नहीं।

शिक्षा के द्वारा नैतिकता और चरित्र का विकास होना चाहिए, लेकिन हो रहा है उल्टा। यह एक विसंगति है। तर्कशास्त्र का एक शब्द है- विपर्यय यानी विपरीत ज्ञान। जैसे चमकती हुई रेत पानी का आभास कराती है, दूर से चमकती हुई सीपी चांदी का भ्रम पैदा करती है और अंधेरे में पड़ी हुई रज्जु या रस्सी सांप जैसी दिखाई देती है। यह विपर्यय है। विद्या के अध्ययन के द्वारा नैतिकता और चरित्र का विकास होना चाहिए, लेकिन नहीं हो रहा है। केवल भारत ही नहीं, पूरे विश्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो पाएंगे कि अपराध में पढ़े-लिखे और पैसे वाले लोग भी लिप्त हैं। कम पढ़े-लिखे या अनपढ़ आदमी में इतनी चालाकी नहीं होती कि वह बारीक योजना बनाए, जिससे किसी को पता न चले और वह कानून की पकड़ से बाहर रहे। पढ़-लिख लेने के बाद चालाकी और क्षमता तो आ जाती है, लेकिन उसी मात्रा में नैतिकता का विकास नहीं होता। बुद्धि का विकास हो और नैतिकता का विकास न हो, तो आदमी सड़क खोद कर गड्ढा करके वहां कीचड़ पैदा करेगा और फिर गाड़ी फंसने पर लोगों से पैसे वसूल कर उनकी गाड़ियां निकलवाएगा। जानबूझकर समस्या पैदा करने, उसमें दूसरे लोगों को फंसाने और पैसे लेकर उन्हें समाधान देने के लिए लोग बुद्धि का ही प्रयोग करते हैं। हमने बुद्धि को अतिम विकल्प और सीमा मान लिया, यही सारी समस्याओं की जड़ है। राजनीति कभी लोकसेवा का माध्यम मानी जाती थी, अब वह सत्ता-सुख और स्वार्थ सिद्धि का औजार बन चुकी है। राजनीति का लक्ष्य अब जनता की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक समीकरणों पर टिके रहना है। राजनीतिक दल मूल्यों पर बहस करने के बजाय चुनावी गणित साधने में व्यस्त हैं। आधुनिकता का अर्थ अगर वैज्ञानिक सोच, समानता और नए विचारों का स्वागत है तो यह स्वागतयोग्य है। पर जब आधुनिकता केवल उपभोग, फैशन और प्रदर्शन तक सिमट जाए तो यह आत्मा को खोखला कर देती है। आज का युवा अपने मोबाइल और सोशल मीडिया में इतना डूबा है कि उसे लोकगीत, लोकनृत्य, लोककला की कोई खबर नहीं। घर-आंगन में गाए जाने वाले मंगलगीत, तीज-त्योहार की पारंपरिक उमंग और पड़ोस की साझी संस्कृति सब खोती जा रही है।

**-बेला गर्ग**

## खेती बाड़ी-कलम स्याही

# बिहार चुनाव और देसी कलाकार !

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीति में नए चेहरों की एंट्री और बड़े-बड़े सरप्राइज की चर्चा बढ़ती जा रही है।

तमाम पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान करना शुरू कर दिया है, वहीं सीट बंटवारे के समीकरण भी बनाए जा रहे हैं। इसी बीच बिहार में कई सुपरस्टार भी चुनावी मैदान में नजर आ सकते हैं।

पवन सिंह पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं, वहीं अब मैथिली ठाकुर ने भी चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

हाल ही पवन सिंह भाजपा में शामिल हुए थे। पिछले दिनों वह दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मिले थे और उपेंद्र कुशवाहा से भी उन्होंने मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि वह बिहार चुनाव भी लड़ सकते हैं। बिहार चुनाव में भाजपा पवन सिंह को कैंडिडेट बना सकती है।



पवन सिंह के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारे में गायिका मैथिली ठाकुर सबसे अधिक सुर्खियां बटौर रही है। लोकगायिका मैथिली ठाकुर के बिहार चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरने की खूब चर्चा है। बिहार की सियासी लड़ाई में केवल मैथिली ठाकुर और पवन सिंह ही नहीं, और भी कई सितारे चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं।

विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है। चुनावी तारीख का ऐलान होते ही सियासी दल, खासकर बिहार में सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सबसे बड़ी घटक भारतीय जनता पार्टी अपना किला दुरुस्त करने में जुटी है। हाल ही में भोजपुरी फिल्मों के पावर स्टार पवन सिंह की बीजेपी में वापसी हुई थी। अब लोकगायिका मैथिली ठाकुर के भी कमल निशान पर चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा है। सोशल मीडिया पर तो मैथिली ठाकुर सबसे अधिक चर्चा में है। कई लोग तो उनकी और उनके पिता की कुंडली निकाल कर बैठे हुए हैं।

मैथिली ठाकुर की भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के साथ मुलाकात भी हो चुकी है। समाचार चैनलों से बातचीत करते हुए मैथिली ठाकुर ने कहा था कि बीजेपी नेताओं के साथ आधे घंटे तक बात हुई। बातचीत सकारात्मक रही है. उन्होंने यह भी कहा कि हम एनडीए के समर्थन में हैं और हमेशा से बीजेपी मेरी प्राथमिकता रही है। मैथिली ने कहा कि दिल्ली में काम के लिए रहती हूं। मेरी आत्मा बिहार से जुड़ी है। बिहार रहकर लोगों की सेवा करना चाहती हूं, विकास में योगदान देना चाहती हूं।

पहले पवन सिंह और अब मैथिली ठाकुर, बिहार में बीजेपी की स्टार पॉलिटिक्स चर्चा में आ गई है। बिहार की चुनावी जंग में भाजपा का फोकस इस बार लोकल सितारों पर है, जिनका प्रभाव बड़े क्षेत्र में हो। यदि आप इसे डिजिटल स्पेस की नजर से देखें तो यह सबकुछ इनफ्लुएंसर पर आधारित नजर आएगा।

मैथिली ठाकुर मिथिलांचल से आती हैं, लेकिन पूरे बिहार में लोकप्रिय हैं। वह ब्राह्मण हैं, लेकिन जातीय समीकरणों से परे महिला मतदाताओं को साधने में भाजपा और एनडीए के लिए सहायक सिद्ध हो सकती हैं।

भोजपुरी गायक और गीतकार विनय बिहारी पहले से ही भाजपा में हैं। वह तीन बार के विधायक हैं। भोजपुरी गायक और अभिनेता रितेश पांडे चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज में शामिल हो चुके हैं।

जनसुराज ने अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी कर दी है, जिसमें रितेश पांडे को भी टिकट दिया गया है। रितेश को रोहतास जिले की करगहर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। खास बात यह है कि इसी सीट से खुद प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही थी। ऐसे में रितेश की एंट्री ने बिहार की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है।

> जिस तरह से कलाकार वर्ग की दिलचस्पी राजनीति में दिख रही है, वह बताता है कि बिहार चुनाव इस बार काफी अलग होने वाला है। जनसुराज ने भोजपुरी गायक रितेश पांडे को टिकट दिया है। दूसरी पार्टियां भी दूसरे कलाकारों को टिकट देने पर विचार कर रही हैं।

रितेश पांडे भोजपुरी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। 34 वर्षीय रितेश ने एक दशक में कई हिट गाने दिए हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। सासाराम में जन्मे रितेश पांडे अब राजनीति में कदम रखकर बिहार की सियासत में नई धुन छेड़ने की तैयारी में हैं।

गौरतलब है कि रितेश ने लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद भभुआ में अपना कार्यालय खोला था और खुद को गायक नहीं, बेटा बताते हुए चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। रितेश ने शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने को अपना लक्ष्य बताया था।

उधर, भोजपुरी के चर्चित गायक राधेश्याम रसिया भी बिहार चुनाव की तैयारी में हैं। 1990 के दशक के सुपरस्टार गायक राधेश्याम रसिया पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भी पश्चिमी चंपारण सीट से मैदान में उतरने की तैयारी में थे। हालांकि, उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। वह यह ऐलान कर चुके हैं कि विधानसभा चुनाव हर हाल में लड़ेंगे। राधेश्याम रसिया किस पार्टी से, किस सीट से चुनाव लड़ेंगे, इसे लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है।

बिहार चुनाव में किस्मत आजमाने की तैयारी कर रहे भोजपुरी गायकी की दुनिया के सितारों की लिस्ट में खेसारी लाल यादव का भी नाम है।

खबर है कि भोजपुरी स्टार खेसारीलाल यादव की पत्नी चंदा देवी को राजद से टिकट मिल सकता है। हालांकि आधिकारिक ऐलान बाकी है, लेकिन उनके मैदान में उतरने की चर्चा ने चुनावी समीकरणों में नई गर्मी ला दी है।

खेसारी लाल यादव की ओर से सियासत में आने या चुनाव लड़ने को लेकर कोई बयान नहीं आया है। खेसारी यादव ने पिछले साल सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद अखिलेश ने कहा था कि खेसारी 2027 के यूपी चुनाव में सपा की मदद करेंगे। अखिलेश के बयान को इस बात का संकेत माना गया कि खेसारी उनकी मदद से बिहार चुनाव में आरजेडी के टिकट पर मैदान में उतर सकते हैं।

इन सबके बीच लोकप्रिय अभिनेत्री अक्षरा सिंह का भी नाम सामने आने लगा है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अक्षरा सिंह का नाम सबसे ऊपर आता है। अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह के चुनाव लड़ने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। दरअसल हाल ही में उन्होंने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की थी, जिसकी तस्वीर खूब वायरल हुई थी। वैसे इससे पहले अक्षरा सिंह को प्रशांत किशोर के साथ भी देखा गया था।

वैसे चुनाव कौन लड़ेगा यह तो पार्टी तय करेगी लेकिन जिस तरह से कलाकार वर्ग की दिलचस्पी राजनीति में दिख रही है, वह बताता है कि बिहार चुनाव इस बार काफी अलग होने वाला है क्योंकि चुनाव में चेहरे का प्रभाव सबसे अधिक होता है, अब देखिए ये सब चेहरे चुनाव का रंग बिगाड़ते हैं या फिर पार्टियों की तकदीर संवारते हैं।

**गिरीन्द्रनाथ झा**

गिरीन्द्र नाथ झा ने पत्रकारिता की पढ़ाई वाईएमसीए, दिल्ली से की. उसके पहले वे दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक कर चुके थे. आप ष्टस्ष्ठस् के फेलोशिप प्रोग्राम के हिस्सा रह चुके हैं. पत्रकारिता के बाद करीब एक दशक तक एनडीटीवी इंडिया सहित विभिन्न टेलीविजन चैनलों और अखबारों में काम किया. पूर्णकालिक लेखन और जड़ों की ओर लौटने की जिद उनको वापस उनके गांव चनका ले आयी. वहां रह कर खेतीबाड़ी के साथ लेखन भी करते हैं. राजकमल प्रकाशन से उनकी लघु प्रेम कथाओं की किताब भी आ चुकी है।

# इस दौर की महान किस्म की दुश्वारियां

जीब दौर से गुजर रहा है अपना देश। इतना अ अजीब दौर है कि जिनका काम है शासन चलाना, वे उलझे हुए हैं इस चिंता में कि हम क्या खा रहे हैं, क्या पी रहे हैं, शादी किससे कर रहे हैं, प्यार किससे कर रहे हैं। इन चीजों के आधार पर हमारे शासक हमें आजकल प्रमाण-पत्र देने में लगे हुए हैं। सो, बिहार के मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह फैसला सुनाया कि जो लोग शराब पीते हैं, उनको भारतीय नहीं कहा जा सकता। दक्षिणी दिल्ली के एक मामूली अफसर ने तय किया कि नवरात्रों में मीट-मुर्गे बेचने वाली दुकानें बंद रहेंगी, हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए। यह फैसला हजम ही कर रहे थे हम कि भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद ने कहा कि इस फैसले को पूरे देश में लागू करना चाहिए।

हमको पूछना चाहिए ऊंची आवाज करके कि ये लोग होते कौन हैं इस तरह के फैसले लेने वाले। मगर माहौल कुछ ऐसा बन गया है 'न्यू इंडिया' में कि लोग डर के मारे इस तरह के प्रश्न नहीं पूछते हैं। जानते हैं कि उल्टे-सीधे सवाल करने वालों का हश्र अक्सर यह होता है कि केंद्र सरकार की प्रवर्तन निदेशालय जैसी जांच एजेंसियां पहुंच जाती हैं आधी रात को आपसे पूछताछ करने या फिर किसी और तरह आपकी शामत आ सकती है। पिछले सप्ताह दो पत्रकारों को विदेश जाने से उस समय रोका गया, जब वे जहाज पर चढ़ने वाले थे। दोनों ने मोदी सरकार की नीतियों का विरोध किया है। जब शाहरुख खान के बेटे को एक पूरा महीना जेल में बंद किया जा सकता है झूठे आरोप लगा कर, तो हम आप का क्या हो सकता है?

मगर डर डर के ही सही, सवाल तो हमको पूछने चाहिए कि लोगों की निजी जिंदगी के फैसलों में क्यों आजकल सरकारी अधिकारी और राजनेता दखल दे रहे हैं, जब अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल अस्पताल बेहाल हैं, महंगाई का यह आलम है कि पिछले दो हफ्तों में हर दूसरे दिन पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। और जिनका काम है इन चीजों को ठीक करना, वे उलझे हैं खाने-पीने के प्रतिबंधों में, ताकि प्रशासनिक विफलताओं से हमारा ध्यान भटका रहे। पिछले दिनों मुझे विश्वास-सा हो गया कि सोची-समझी रणनीति के तहत हिंदुओं और मुसलमानों में तनाव फैलाया जा रहा है, ताकि असली मुद्दों से हमारा ध्यान हट जाए। कर्नाटक में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, सो वहां पहले हिजाब को लेकर खूब हल्ला मचा, फिर आई बारी हलाल की और इतने में नवरात्रों में मीट की दुकानें बंद करवाने का। ऐसे ही चलता रहा देश, तो वह दिन दूर नहीं, जब हममें और कट्टरपंथी इस्लामी मुल्कों में फर्क मिट जाएगा। जाएग हम भी उनकी तरह इतने प्रतिबंध लगा बैठेंगे खाने-पीने और पहनावे पर कि परिवर्तन तो आएगा जरूर, लेकिन ऐसा जो हमें पीछे की तरफ लेकर जाएगा, आगे नहीं। ऐसा अगर गर होता है, तो हमको भारत के महाशक्ति बनने का सपना भूलना होगा।

इन मुद्दों के बीच डूब गया है शिक्षा का मुद्दा। स्कूल अब खुल गए हैं दो साल बंद रहने के बाद, लेकिन समस्या यह है कि लाखों की तादाद में बच्चे ऐसे हैं देश में, जो लिखना पढ़ना भूल कर वापस लौट रहे हैं स्कूलों में। अनुमान लगाया जाता है कि भारत के साठ फीसद बच्चे ऐसे हैं, जो पिछले दो वर्षों में आनलाइन पढ़ाई करने के काबिल नहीं थे, क्योंकि उनके माता-पिता स्मार्ट फोन खरीदने की क्षमता नहीं रखते हैं। इन बच्चों में कुछ ऐसे हैं, जो दस ग्यारह बरस के हैं, लेकिन अक्षर तक पहचान नहीं पाते हैं।

कोरोना ने हमें अगर सिखाया होता कि स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर खामियां हैं, तो कुछ तो इस महामारी से लाभ होता, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। आज भी 1445 भारतीयों पर सिर्फ एक डाक्टर उपलब्ध है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के हिसाब से एक हजार लोगों के लिए कम से कम एक डाक्टर होना चाहिए। मेडिकल कालेजों की कितनी कमी है, हमको तब मालूम हुआ जब यूक्रेन से हमारे बीस हजार मेडिकल छात्रों को वापस घर ले आने की नौबत आई। ऐसा क्यों है कि इन चीजों की बात करने के बदले हमारे शासक लगे रहते हैं ऐसे मुद्दों को उठाने में, जो बेमतलब हैं और जिनसे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरारें और गहरी हो जाती हैं? ऐसे सवाल करने को हम पत्रकार भी तैयार नहीं हैं 'न्यू इंडिया' में डर इतना है हममें कि जब डब्ल्यूएचओ ने पिछले सप्ताह ऐलान किया कि हमारी देशी कोवैक्सीन में नुक्स हैं, जिनको सुधारे बिना उसका इस्तेमाल बंद हो जाएगा, तो शायद ही किसी अखबार या टीवी चैनल ने इसका जिक्र किया। और जहां किया गया, वहां दबी जबान में। नतीजा यह कि निकट भविष्य में देश के बड़े मुद्दे यही रहेंगे कि नवरात्रों में हमको क्या खाना चाहिए और क्या शराब पीने से हम वास्तव में अपनी भारतीय पहचान खो देते हैं। ऊपर से है मुद्दा लव जिहाद का। इसकी चर्चा खूब होने वाली हैं उन राज्यों में, जहां इस साल चुनाव होने वाले हैं। ऐसे ही चलता रहा देश, तो वह दिन दूर नहीं, जब हममें और कट्टरपंथी इस्लामी मुल्कों में फर्क मिट जाएगा। हम भी उनकी तरह इतने प्रतिबंध लगा बैठेंगे खाने-पीने और पहनावे पर कि परिवर्तन तो आएगा जरूर, लेकिन ऐसा जो हमें पीछे की तरफ लेकर जाएगा, आगे नहीं। ऐसा अगर होता है, तो हमको भारत के महाशक्ति बनने का सपना भूलना होगा। अपने पड़ोसी दुश्मन मुल्क से हमको कम से कम इतना तो सीखना चाहिए कि किसी खोए हुए पुराने दौर की खोज करने से नुकसान होता है, लाभ नहीं।

इमरान खान ढेर सारी उम्मीदें लेकर बने थे प्रधानमंत्री 2018 में और अब जब जाने का समय आ गया है उनका, तो पीछे की तरफ जाने की बातें करते फिर रहे हैं। अपने देशवासियों से जब वोट मांगेंगे, तो उनका वादा होगा पाकिस्तान में रियासत-ए-मदीना कायम करने का। पीछे की तरफ वही देश जाते हैं, जिनको भविष्य से कोई उम्मीद नहीं रहती है, जिनका भविष्य रोशन नहीं दिखता है। दुआ करो कि ऐसा भारत में कभी न हो।

**तवलीन सिंह**
**( जानी मानी सम्पादक पत्रकार हैं )**

# बदलाव की बयार और सिनेमा

## ओटीटी मंच पर महंगी वेब श्रृंखलाओं का बोलबाला

अब ओटीटी मंच पर भी करोड़ों के बजट में वेब सीरीज का निर्माण होना शुरू हो गया है, जिसके कारण हाल ही में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने 120 करोड़ के बजट में द बेड्स आफ बालीवुड, छह एपिसोड की सीरीज बनाई। इसकी बहुत चर्चा हुई और दर्शकों द्वारा पसंद भी की गई। इस वेब श्रृंखला में बालीवुड की सच्चाई को उजागर करने की बतौर निर्देशक आर्यन खान ने कोशिश की है। आर्यन खान की इस वेब सीरीज में शाहरुख और आमिर खान के अलावा निर्माता निर्देशक करण जौहर जैसी कई हस्तियां शामिल हैं। इससे पहले अगर सबसे महंगी वेब श्रृंखला की बात करें तो दुनिया की सबसे महंगी वेब सीरीज थी लाट्स आफ द सिंस आफ पावर रही है। इसका कुल बजट 8300 करोड़ रुपए था और अगर हिंदी वेब सीरीज की बात करें तो संजय लीला भंसाली निर्देशित वेब सीरीज हीरा मंडी भी 200 करोड़ के बजट में बनी है। इसके अलावा अजय देवगन की वेब सीरीज रुद्र द एज ईफ डार्कनेस वेब सीरीज का भी बजट 200 करोड़ के करीब ही है। अजय देवगन अभिनीत ये वेब सीरीज ब्रिटिश वेब सीरीज लूथर पर आधारित है। यह एक मानसिक अपराध रोमांच वेब श्रृंखला है। इसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ऐसी ही कई बड़ी बजट की वेब सीरीज का ओटीटी मंच पर वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। एक निगाह....

ओटीटी मंच पर आने वाली वेब श्रृंखला की बढ़ती मांग के कारण उसका दायरा भी दिन पर दिन बढ़ रहा है। इसके बाद नेटफ्लिक्स, अमेजन सोनी,लिव जैसे कई बड़े ओटीटी मंच पर करोड़ों की लागत से वेब सीरीज चना रहे हैं। सैफ अली खान अभिनीत वेव श्रृंखला सेक्रेड गेम्स का बजट पहले भाग में 40 करोड़ था, लेकिन इसकी अपार सफलता के बाद जच इसका दूसरा सीजन आया तो उसका चजट सौ करोड़ रहा। इसी तरह सुपरहिट वेब सीरीज मेड इन हेवन और अनिल कपूर की वेब सीरीज 24 का बजट भी 100 करोड़ के करीब ही था। बालीवुड के प्रसिद्ध फिल्म मेकर करण जौहर अमेजन पर रियलिटी शो द ट्रेटर्स लेकर आए थे, जिसकी शूटिंग भव्य तरीके से जैसलमेर के महल में हुई थी और इसमें कई हस्तियों ने हिस्सा लिया था। इस कबह से इसका बजट काफी बढ़ गया था।

सूत्रों के अनुसार करण जौहर नेटफ्लिक्स के साथ बिग बजट वेब सीरीज लेकर आ रहे है। इसका विषय उनके दिल के करीब है। इसका बजट काफी अधिक है। इसका प्रसारण 2026 में होगा। महाभारत पर चनी पौराणिक एनीमेटेड वेब श्रृंखला 2025 अक्टूबर में नेटफ्लिक्स पर दिखाई जाएगी। करोड़ों की लागत से बनी इस वेब श्रृंखला का नाम कुरुक्षेत्र द ग्रेट वार आफ महाभारत है। इसी तरह यशराज बैनर में बनी करोड की लागत वाली फिल्म वेब

सीरीज मंडला मर्डर टाप 10 पर ट्रेंड कर रही है। इसमें चाणी कपूर सुरवीन चावला जैसी बेहतरीन अभिनेत्री शामिल है यह वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है।

इसके अलावा बिग बजट वेव श्रृंखला की बात करें तो मनोज बाजपेई अभिनेता फैमिली मैन का अगला भाग शैफाली शाह की वेब सीरीज दिल्ली क्राइम, भागवत चैप्टर 1 पौराणिक वेब सीरीज, माडर्न लव इन मुंबई, पाताल लोक का अगला सीजन, मिर्जापुर सीजन 3 पंचायत सीजन 4, मसावा मसाचा सीजन 2, कोटा फैक्ट्री ब्लैक एंड वाइट विग बजट प्रोजेक्ट, छोटी-छोटी बातें आधुनिक समय के प्रेम को दर्शाने वाली वेब सीरीज जो नेटफ्लिक्स पर आने वाली है।

खेल आप कभी अकेले नहीं खेलते, थ्रिलर वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर अक्टूबर 2025 में देखी जा सकती है। कोंकणा सेन अभिनीत नैना हत्याकांड नेटफ्लिक्स पर 10 अक्तूचर से प्रदर्शित होगी। भागवत अध्याय राक्षस 17 अक्तूबर 2025 से जी 5 पर, कुरुक्षेत्र 10 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर, इमोशनल और थ्रिलर दो पहिया, नारी प्रधान वेब सीरीज ऊबा काटेल, कोर्ट कचहरी, छल कपट, जलियांवाला बाग पर केंद्रित थे। वाकिंग आफ नेशन, कनखजूरा आदि वेब सीरीज आने वाले समय में दर्शकों का मनोरंजन करती नजर आएंगी। इसके अलावा रियलिटी शोज जो करोड़ों की लागत से बने हैं.. जैसे द ग्रेट इंडियन कपिल शो, टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल टाक शो, बिग बास 19 रियलिटी शो, राइस एंड फाल रियलिटी शो आदि करोड़ों की लागत में बनाए गए हैं और काफी द बेड्स आफ बालीवुड लोकप्रिय भी हैं।

**- आरती सक्सेना**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर एजेंसी।** मॉँग दबने से शुक्रवार को दलहनों में चना घटाकर बोला गया। मसूर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में बढ़त कायम रही। तिलहनों में बाजार बने रहे। किराना जिंसों में ग्राहकी सामान्य रही। आटा, मैदा व रवा में लेवाल सक्रिय रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में ऊपरी स्तरों पर मॉँग दबने से भावों में नरमी का वातावरण रहा। चना 50-100 रू. प्रति क्विंटल तक दबाकर बोला गया। तुअर व मसूर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में बड़त रही। तिलहनों में सोयाबीन में सुस्ती आयी। उधर, किराना जिंसों में ग्राहकी सामान्य ही रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4260-4310, खोपरा गोला 320-390, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 235-240, ऊंझा हल्का 245-255, मीडियम 245-255, बेस्ट 265-285, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-775, गरबल 720-725, मटरदाना 795-810, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 3250-3300, विरूद्ध नगर 3150-3200, मीडियम 3350-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3400-3500, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1550-1750, बेस्ट1800-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 950-980, काजू (320) 870-890, काजू एस. डब्ल्यू 840-845, काजू एस.एस. डब्ल्यू 820-825, टुकड़ी 790-870, बादाम मगज 845-870, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3750-3800, (160) 4400-4500, (200) 4900-5000, (250) 5300-5400

**तेल**- सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1380, राजकोट तेलिया 2170, सोया साल्वेंट 1190-1200, सोया रिफाइंड 1260-1270, कपास्या 1275-1280, धूलिया 1280, कड़ी 1280,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1350, मुम्बई पाम 1290, मुम्बई सोया 1290,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6900-7000, रायडा 6200-6300, सोयाबीन 4200-4300, नया सोयाबीन 3700-4000, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5900, एवरेज 5200-5300, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5850, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6400-6500, हल्की 6200-6300, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 380, उज्जैन 280, रतलाम 34.0 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर एजेंसी।** कमजोर उठाव के बावजूद शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 165000, चॉंदी (99) 164700, टंच 164000, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 126500,

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 13 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.66 पर बंद हुआ। सबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.80 पर कमजोर खुला, लेकिन जल्द ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.78 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 88.79 पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और आयातकों की मांग के कारण रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में कमी ने गिरावट पर अंकुश लगाया। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.32 पर रहा।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। जमीन जायदाद से जुड़ा कोई मामला दूर होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने व्यवहार में बदलाव लाना होगा, नहीं तो साथी से उनकी खटपट चलती रहेगी। आपकी प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है, लेकिन इसके साथ-साथ आपको कहीं बाहर भी जाना पड़ सकता है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। मित्रों के साथ आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी को कामों में कुछ मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपको अपने खर्चों को काबू में करना होगा, तभी आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। आप किसी विरोधी की बातों में ना आएं।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए बहुत ही सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप बिजनेस में फायदे को लेकर ज्यादा धन जुटा पाएंगे। घूमने फिरने के दौरान आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपको कोई फैसला बहुत ही समझदारी से लेना होगा। आज आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोग किसी एक्सपर्ट की राय के बिना आगे ना बढ़ें।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको कामों से एक नई पहचान बनेगी। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी, क्योंकि वह आपको कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। आपको वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखना होगा। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ कुछ बेफिजूल के खर्चों को भी कर सकते हैं।

**सिंह**- आज आप अपने रुके हुए कामों को करने में तेजी लाएंगे, जिस कारण आप काफी व्यस्त रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपकी किसी से खटपट होने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**कन्या**- आज आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा। भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती हैं। आप उनके मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करेंगे। बिजनेस में आपको अपने अनुभवों का पूरा लाभ मिलेगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको पिछले चली आ रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी, जिसमें आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की इच्छा जागृति हो सकती है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अपनी योजनाओं में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। पार्टनरशिप में आप थोड़ा सोच समझकर करें और ऑफिस में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है, जिसमें आप अपने कामों पर पूरा ध्यान दें। आपके घर किसी इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। आपकी कोई पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आपके कामों की गति भी तेज रहेगी।

**मकर**- आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं पर पूरी निगरानी बनाकर रखे। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिल सकता है और आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए भी आगे आएंगे। किसी सरकारी मामले को लेकर आप लापरवाही ना दिखाएं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी प्रॉपर्टी की डील को थोड़ा सोच समझकर फाइनल करना होगा और उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत अधिक होगी और आपके कुछ मित्रों भी साथ देंगे, जिससे आपको एक नई पहचान मिलेगी। आप किसी दूसरे से वाद-विवाद में ना पड़ें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए किसी नए व्यवसाय को शुरू करने के लिए अच्छा रहेगा। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। परिवार में भी आज माहौल खुशनुमा रहेगा, क्योंकि सभी सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि कोई कानूनी मामला आपको परेशान कर रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा।

## शब्दजाल - 8046

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | गो | र | कु | छ | तो | है | म | ला | नी | क्या |
| न | ल | क | ज | इं | डो | ने | ह | क | जी | कु |
| बं | मा | आ | ट | म | न | इ | व | न | ना | ल |
| टी | ल | ल | मा | ज | ल | स | रा | प | सि | है |
| औ | मु | झे | कु | छ | क | ह | ना | है | र्फ | ह |
| गा | जे | कि | र | य | द | का | म | ल | मे | म |
| य | मा | दे | श | व | ह | स | त | पी | रे | दी |
| ब | दे | क | र्त | न | प | दि | खा | की | लि | श |
| ली | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | ए | दे |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | र |
| ते | रा | जा | क्या | दि | ल | ने | क | हा | र | म |

शब्दजाल में तुषार कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

गोलमाल, क्या कुल है हम, कुछ तो है, जीना सिर्फ मेरे लिए, खाकी, मुझे कुछ कहना है, यह दिल, शर्त, गायब, क्या दिल ने कहा.

### शब्दजाल - 8045 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जु | श | मु | म | स्ती | त | हो | प | न | र | द |
| र्म | क्रि | ल | ना | द | म | जा | अं | दा | ज | क |
| य | के | दो | हे | नि | इ | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | स्ती | न | शा | वा | स्सा | क | ले | ज | की |
| प | दा | सा | भा | ने | तो | हो | न | गो | खा | त |
| ब | जि | त | प | ग | स | ए | व | सं | वॉ | व |
| द | प | ब्दा | न | जी | म | ह | अ | गो | प्ला | द |
| क | र | क | प | क्श | प | भा | र | चो | आ | ख |
| र | व | त | म | रा | भी | त | ग | अ | न | अ |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द |
| मुं | ब | ई | से | आ | या | मे | रा | दो | स्त | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6990

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फराह की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6989

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म | रा | व | जा | न | | आ | गा | ज |
| मं | | हु | | न | | र | ति | | मा |
| ग | ज | ल | | शी | बा | | श | बा | ना |
| | मी | | अ | न | जा | ना | | रू | |
| स | र | ग | म | | र | | स | द | मा |
| हे | | द | ला | ल | | सु | र | | ई |
| ली | ड | र | | ज्वा | | ख | | खे | ल |
| | कै | | का | | सो | | आ | | व |
| रा | त | औ | र | दि | न | | रे | | |
| खी | | | वॉ | | म | न | प | सं | द |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8514

**बाएँ से दाएँ**

1.दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4.पंजाब की एक नदी-4
7.अनाथालय-5
9.दूसरा, पराया-2
11.चलने का तरीका-2
12.नृत्य-2
13.समीप, पास, नजदीक-3
15.बुरी आदत-2
16.नृत्य करना-3
17.प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18.मालिक, ईश्वर-2
19.निहित, कारण-3
21.भाग्य(अंग्रेजी-2)
23.थूक, लेस-2
24.नवीन, नव-2
25.नयापन, अनूठापन-5
29.नामवाला, नामचिन-4
30.करिश्मा, चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**

1.मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2.कोक, कहवा-2
3.कामदेव की पत्नी-2
4.मित्र, दोस्त-2
5.पेड़ का मध्य भाग-2
6.नादानी, अनाड़ीपन-4
8.बंदर नचाने वाला-3
10.रचना करने वाला-5
11.आरचण, चरित्र-5
13.कपड़े की दिवार-3
14.उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18.पूजा, प्रार्थना-4
20.खूबसुरत, सुन्दर-3
22.कहर, भूचाल-4
25.नया, नवीन-2
26.शूर, बहादूर, सूरमा-2
27.अवधि में, पर्यंत-2
28.मृत, अप्रबल-2

### शब्द पहेली -8513 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | थ | न | | सी | धा | प | न |
| झ | | | ज | रु | र | | | म |
| ल | | जा | र | | त | र | | की |
| क | म | र | बं | द | | म | हा | न |
| | ग | | द | | प | | जि | |
| म | न | का | | प | रि | चा | र | क |
| द | | का | र | | चा | ल | | ह |
| म | | | ह | म | ल | | | वा |
| स्त | र | ही | न | | क | हा | नी | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**11 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.26 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 08.41 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.57 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.02 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.49 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.22 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.52 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.32 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.30 बजे से |
| | | कर्क | 23.44 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | सिंह | 02.00 बजे से |
| | | कन्या | 04.12 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 284 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 16.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 15.20 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 14.07 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 06.08 बजे, तैतिल 16.44 बजे तदनन्तर गर 03.27 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 02' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872494 **जूलियन दिन** 2460959.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 18 **विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: प्यार की पुचकार

एक राजा घोड़ों का बड़ा शौकीन था। एक बार उसने एक व्यापारी से घोड़े मंगवाए। राजा ने अपने दोनों पुत्रों को बुलवाया और कहा, 'इनको दौड़ाकर इनका गुण-दोष परखो।' वे लाखों रुपयों के मूल्यवान घोड़े थे। राजा को श्रेष्ठ घोड़े खरीदने थे। राजकुमारों ने घोड़ों पर बैठकर कुछ दूर जाकर उन्हें जांचा। राजा ने राजकुमारों से पूछा, 'बोलो, कैसे हैं ये? क्या हम इन्हें खरीद लें?' बड़ा राजकुमार बोला, 'महाराज, बिल्कुल खराब घोड़े हैं। ये हमारे किसी काम के नहीं हैं।' छोटे राजकुमार से पूछा गया तो वह कहने लगा, 'महाराज, बहुत बढ़िया घोड़े हैं। इन्हें बिना कुछ सोचे खरीद लीजिए।' राजा के सामने दुविधा खड़ी हो गई। एक राजकुमार घोड़ों को अयोग्य कह रहा था, जबकि दूसरा राजकुमार उन्हें योग्य और उपयोगी बता रहा था। आखिर किसकी राय को महत्व दें। राजा ने छोटे राजकुमार से कहा, 'बेटा, तुम्हारा भाई तो तुम्हारे विपरीत मत प्रकट कर रहा है। आखिर तुमने इनमें क्या अच्छाई देखी?' छोटे राजकुमार ने कहा, 'महाराज, भैया की राय भी ठीक है और मैं जो कह रहा हूं, वह भी ठीक है। वास्तव में भैया ने घोड़ों को अपनाया नहीं, बल्कि सीधे उन पर सवारी गांठनी चाही तो घोड़ों ने उन्हें गिरा दिया और मैंने पहले घोड़ों को प्यार दिया, फिर उन पर सवारी की इसलिए मेरे सामने कोई समस्या नहीं आई। मुझे लगता है अपरिचित घोड़े पर सीधे सवारी नहीं करनी चाहिए, पहले उसे प्यार से पुचकारना चाहिए। इंसान हो या जानवर, सब प्यार के भूखे होते हैं।' यह सुनकर राजा ने छोटे राजकुमार को गले लगा लिया।

## सूडोकु नवताल- 7299

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7298 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 328.72 अंक की बढ़त के साथ 82,500.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.55 अंक बढ़कर 25,285.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज निफ्टी पर 3,174 शेयरों में से 1,905 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 1,177 शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा 92 शेयरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया। आज सिप्ला , एसबीआई , मारुति सुजुकी , डॉ. रेड्डीज़ लैब्स व भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि टा स्टील, टीसीएस व एचडीएफसी लाइफ का शेयरगिरावट के साथ 747.30 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर में भी गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 82,075.45 पर खुला। खुलने के बाद इंडेक्स में गिरावट बढ़ गई और यह 82,072 तक फिसल गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 25,167.65 पर खुला। । एशिया के बाजारों में वॉल स्ट्रीट की तरह ही गिरावट देखी गई। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1.08 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.85 फीसदी और जापान का निक्केई 0.63 फीसदी नीचे आया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.81 फीसदी ऊपर रहा। अमेरिकी शेयर बाजार अपने हालिया रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे गिर गए। एसएंडपी 500 में 0.28 फीसदी की गिरावट आई। नैस्डैक में 0.08 फीसदी की गिरावट आई और डॉव जोन्स 0.52 फीसदी गिरकर बंद हुआ।



# अब अमेजन पर भी रॉयल इनफील्ड की बाइक ऑनलाइन उपलब्ध

नई दिल्ली **एजेंसी।** अगर आप रॉयल इनफील्ड की बाइक खरीदना चाहते हैं तो अब आपको शोरूम जाने की जरूरत नहीं होगी। अब फ्लिपकार्ट के बाद अमेजन ने भी रॉयल इनफील्ड की बाइक ऑनलाइन उपलब्ध करा दी है। अब अपने पसंद की बाइक को घर पर ही डिलीवर करवा सकते हैं। फिलहाल यह सुविधा देश के 5 शहरों में शुरू की गई है और आगे इसमें अन्य शहरों को भी जोड़ा जाएगा। प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने बताया है कि उसके ब्रांड वाली 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। इसमें क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350, गोअन क्लासिक 350 और नई मेट्योर 350 जैसी बाइक शामिल हैं। कंपनी के अनुसार अब ये सभी बाइक अमेजन इंडिया पर रॉयल एनफील्ड ब्रांड के बिक्री केंद्र के जरिये बेची जाएंगी। ग्राहक ऑनलाइन ऑर्डर करने के बाद अपने घर पर ही डिलीवरी ले सकते हैं। फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है। इन शहरों में मोटरसाइकिल की आपूर्ति और बिक्री के बाद की सेवाएं ग्राहक के शहर में मौजूद उनके पसंदीदा रॉयल एनफील्ड डीलरशिप के जरिये की जाएगी। अमेजन से पहले फ्लिपकार्ट ने भी रॉयल इनफील्ड की बाइक को ऑनलाइन बेचना शुरू कर दिया है। फ्लिपकार्ट पर 22 सितंबर यानी नवरात्र की शुरुआत से ही 350 सीसी वाली बाइकों की बिक्री शुरू की जा चुकी है। कंपनी ने बताया है कि 350 सीसी की रेंज वाली सभी बाइक उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। फ्लिपकार्ट इन बाइकों की डिलीवरी देश के 5 चुनिंदा शहरों में कर रहा है, इसमें बैंगलुरु, गुरुग्राम, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई शामिल हैं।

# पेट्रोल-डीजल यूपी में महंगा तो बिहार में हुआ सस्ता

**नई दिल्ली एजेंसी।** सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार सुबह करवाचौथ के त्योहार के दिन देश के ज्यादातर शहरों में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमते बढ़ा दी हैं। शुक्रवार को यूपी से लेकर बिहार तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव दिख रहा है। हालांकि, तेल कंपनियों ने दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी नोएडा शहर में पेट्रोल 34 पैसे बढ़त के साथ 95.05 रुपये लीटर हो गया तो डीजल भी 38 पैसे बढ़कर 88.19 रुपये लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 94.70 रुपये लीटर हो गया है तो डीजल भी 14 पैसे महंगा हो गया है और 87.81 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 30 पैसे सस्ता हुआ और 105.23 रुपये लीटर हो गया, जबकि डीजल की कीमतें 28 पैसे गिरकर 91.49 रुपये लीटर हो गई है। कच्चे तेल में बीते 24 घंटे में गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 65.31 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरावट के साथ 61.63 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।



## ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के सरपंच पति की मनमानी

# बिना अनुमति पटवारी का भवन तोड़ा

### शिकायत पर एसडीएम ने जारी किया नोटिस, पटवारी को पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने दिए निर्देश

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में सरकारी पटवारी कार्यालय भवन को बिना किसी औपचारिक अनुमति के तोड़े जाने का विवाद तेज हो गया है। शिकायतकर्ता द्वारा इस घटना पर समाचार प्रकाशित करने के बाद ग्राम पंचायत सरपंच पति अशोक मलगाम द्वारा फोन पर धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के पुराने पटवारी कार्यालय भवन, जो वन विभाग कार्यालय के सामने स्थित था, को हाल ही में सरपंच पति अशोक मलगाम द्वारा अपनी मर्जी से ध्वस्त कर दिया गया। शिकायत के अनुसार, इस कार्रवाई से पहले ग्राम पंचायत की किसी बैठक में प्रस्ताव पारित नहीं किया गया, न ही शासकीय अधिकारियों से कोई लिखित स्वीकृति ली गई। यह भवन राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण संपत्ति है, जहां हल्का पटवारी दैनिक राजस्व कार्यों का संचालन करते हैं। अनधिकृत तोड़फोड़ से न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, बल्कि ग्रामीणों के राजस्व सेवाओं पर भी असर पड़ा है।



#### शिकायत पर एसडीएम ने जारी किया नोटिस

शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी कमलचंद सिंहसर ने 10 अक्टूबर 2025 को सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा तथा अशोक मलगाम को नोटिस जारी किया। नोटिस में स्पष्ट किया गया कि बिना पूर्व सूचना, पंचायत प्रस्ताव या सक्षम अधिकारी की अनुमति के पटवारी कार्यालय को डिस्मेंटल करना मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 के उल्लंघन के दायरे में आता है। दोनों पक्षों को 13 अक्टूबर 2025 को कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि समय पर जवाब न मिलने पर एकपक्षीय विधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन या आपराधिक मुकदमा शामिल हो सकता है।

#### एसडीएम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पटवारी को दिए निर्देश

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद सिंहसार ने हल्का पटवारी रिसेवाड़ा भूनेश अड़में को निर्देशित किया कि उक्त पटवारी कार्यालय भवन का कब निर्माण हुआ है, निर्माणाधीन एजेसी कौन थी, भवन की लागत क्या थी के संबध में अनावेदक गणो के विरूद्ध पुलिस थाना बहेला में प्रथम सूचना रिर्पोट पजीबद्ध कराया जाकर शिकायतकर्ता को प्रथम सूचना रिर्पोट पजीबद्व की जानकारी से अवगत कराते हुये एसडीएम कार्यालय को जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे ।

# आवारा कुत्तों ने किया चीतल पर हमला

### वन अमले ने रेस्क्यू कर सुरक्षित वन क्षेत्र मे छोड़ा

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्र जो कि वन संपदा से घिरा हुआ है जहां बड़ी मात्रा मे वन्य प्राणी भी निवास करते है. इन्हीं वन्य प्राणियों मे से बड़ी संख्या मे चीतल भी जंगल क्षेत्र मे निवास रत है जो कि पानी आदि की तलाश मे रिहायशी इलाकों मे पंहुच जाते है इस दौरान इनके पीछे आवारा कुत्ते पड़ जाते है जो कि इनका शिकार करने के नियत से इनके पीछ पड़ते है ऐसा ही एक मामला लांजी वन परिक्षेत्र अंतर्गत पूर्व सामान्य घोटी नंदोरा चौक मे देखने मे आया जहाँ 10 ऑक्टोबर को सुबह 10 बजे खण्डवा के जंगल की ओर से एक व्यस्क मादा चीतल पानी आदि की तलाश मे ग्राम की ओर आ गया था. जिसके पीछे आवारा कुत्ते पड़ गए थे। तथा उसकी घायल भी किया था चीतल दौड़ते हुए घोटी चौक पंहुच गया जहां ग्रामीण जनो ने चीतल की जान बचाई और पूर्व वन क्षेत्र के संबधित अमले को फोन पर सूचना दी गई. वन अमले के द्वारा मादा चीतल का सुरक्षित रेस्क्यू कर पशु चिकित्सालय लांजी लाकर पूर्ण उपचार करवाया गया। अधिकारियो को जानकारी से अवगत करा कर मादा चीतल को सुरक्षित वन क्षेत्र मे छोड़ा गया। इस कार्यवाही मे पूर्व सामान्य लांजी का संबधित वन आमला एवं ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।



## महिलाओं ने निर्जला व्रत रख मनाया करवा चौथ

पद्मेश न्यूज। लांजी। सुहाग का पर्व करवा चौथ 10 अक्टूबर को नगर एवं क्षेत्र में महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ श्रद्धाभाव से मनाया गया । नगर व क्षेत्र में करवाचौथ कार्यक्रम धार्मिक रिति रिवाज के अनुसार मनाया गया जिसमें सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुये करवा देवी की पूजा अर्चना कर करवा चौथ पर्व मनाया। सर्वप्रथम पूजा की सामग्री सजाकर करवा देवी एवं भगवान गणेश की कथा का पाठ कर अपने पति की दीघार्यु होने की कामना की गई। सभी सुहागिन महिलाऐं ने निर्जला व्रत धारण किया। फिर देर शाम पति के हाथ से पानी पीकर व्रत को खुलवाया। इस दौरान व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। जिन्होने सोलह श्रृंगार कर पूरी पूजा विधि विधान से की। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दिर्घायु के लिए कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा भरकर निर्जला व्रत रखते हुये शाम को भगवान शिव , माता पार्वती , कार्तिकेय और भगवान गणेश सहित चन्द्रमा की विशेष पूजा अर्चना कर चन्द्रोदय के उपरान्त चांद व अपने पति के दर्शन करने के पश्चात पति के हाथों से पानी पीकर व मिष्ठान खाकर व्रत खोला गया । कुछ जगहों पर सार्वजनिक रूप से इकट्ठा होकर नवग्रहों में एक चन्द्रदेव की पूजा अर्चना कर चन्द्रोदय उपरान्त अर्घ्य देकर चलनी से चन्द्रदेव व अपने पति के दर्शन कर अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत परम्परानुसार खोला गया । करवा चौथ के दिन सुबह सुहागिनें मांग में सिंदूर , माथे पर विंदियां व हाथों में रंग - बिरंगी चूड़ियां व आभूषणों के साथ - साथ विशिष्ट परिधानों को धारण कर व्रत रखा गया । व्रत का नियम है कि महिलाओं द्वारा पति परमेश्वर के प्रति पूरी निष्ठा , त्याग , मन , वचन , से उसको अपना सर्वस्व अर्पण करती है । करवा चौथ व्रत से पति - पत्नि के मध्य जहां विश्वास व श्रद्धा की डोर मजबूत होती है, वहीं समर्पण की भावना को भी बल मिलता है ।



# वीरांगना रानी अवंती बाई शिशु मंदिर लांजी में पालक-अभिभावक व शिक्षक बैठक संपन्न





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** स्थानीय वीरांगना रानी अवंती बाई शिशु मंदिर में 10 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे पालक-अभिभावक व शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालक-अभिभावक शिक्षक संघ की अध्यक्ष श्रीमती पारबता महेरबान द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि फागेश्वर खरे, विशिष्ट अतिथि बलवंत रामटेककर, श्रीमती मनिता लिल्हारे, व दिलीप महेश्वरी का शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। शाला के प्रधानाचार्य विजय कुशले ने आगामी शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान पांचवीं व आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, नवोदय प्रवेश परीक्षा, अर्धवार्षिक परीक्षा, नैतिकता, शिष्टाचार, स्वच्छता की शिक्षा, और प्रात: 4 बजे उठकर योग व शिक्षण कार्य की प्रेरणा जैसे विषय शामिल रहे। बैठक में मोबाइल फोन, ऑनलाइन गेम्स, और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर भी गहन चर्चा हुई। इसके अलावा शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता कार्यक्रम, आधार आईडी, छात्रवृत्ति योजनाएं, नवोदय चयन परीक्षा, इंस्पायर अवार्ड, और विज्ञान मंथन जैसे कार्यक्रमों की जानकारी पालकों को दी गई। बैठक में अमरनाथ पटले, बलवंत रामटेककर, प्रीत कुमार खैरवार, श्रीमती इमला बड़मे, श्रीमती राजेश्री ऐरने, श्रीमती नितेश्वरी कुंघाड़कर, श्रीमती जीरनबाई कुमरे, श्रीमती रोशनी नेवारे, चरण लाल सर्राटे, विनोद खरे, वीरेंद्र प्लांदुरकर, श्रीमती संगीता डोंगरे, श्रीमती मनीषा बारेकर, राजू भिमटे, श्रीमती शांति सैयाम, श्रीमती सुनीता बसोने, श्रीमती महेश्वरी धारणे, श्रीमती रामबाई कुशले, श्रीमती ममता बम्बुरे, श्रीमती सीमा मेहरबान, श्रीमती राजनंदनी बसाने सहित कई पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण कु. पूनम नेवारे, श्रीमती दमयंती राने, श्रीमती प्रेमकुमारी तिड़के, कु. दीक्षा कुशले, कु. काजल किरमे, झनकार कुशले, कु. मनीषा जा, कु. अर्चना राउत, और कु. आंचल भंडारकर का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन श्रीमती दमयंती राने ने किया। अंत में, प्रधानाचार्य विजय कुशले ने सभी उपस्थित पालकों व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जिला जेल में 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण का हुआ समापन

### बंदियों को स्वरोजगार के लिए की गई सशक्तिकरण पहल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** अग्रणी जिला प्रबंधक एवं जिला जेल अधीक्षक के मार्गदर्शन में 10 अक्टूबर को जिला जेल बालाघाट में 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया गया। यह कार्यक्रम सेंट ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालाघाट और मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य दंडित एवं विचाराधीन बंदियों को रिहाई के बाद स्वरोजगार से जोड़ना रहा।

प्रशिक्षण में जिला जेल के 25 बंदियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें मशरूम की खेती की बारीकियों से अवगत कराया गया, जिसमें खेती की तकनीक, उत्पादन प्रक्रिया और बाजारीकरण पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, बैंकिंग सेवाओं की जानकारी, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का परिचय तथा उद्यमी बनने के आवश्यक गुणों पर भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक अंकित लिल्हारे ने पूरे प्रशिक्षण का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया।




प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला जेल अधीक्षक श्री आरएल सहलाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री स्वेता मेहतो, कार्यक्रम समन्वयक श्री अंकित लिल्हारे, जिला प्रबंधक (स्किल) दिलीप सिंह तथा मुकेश गोखे ने भी शिरकत की। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त बंदियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जो उनके भविष्य के स्वरोजगार प्रयासों में सहायक सिद्ध होंगे।

प्रशिक्षण के दौरान डोमेन स्किल ट्रेनर के रूप में श्री सत्येंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मशरूम खेती की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक बारीकियां सिखाईं, जिससे प्रतिभागी आत्मविश्वास से भरपूर हो गए। जिला जेल अधीक्षक श्री सहलाम ने समापन संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण बंदियों के पुनर्वास का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने में सक्षम बनाएगा। यह पहल न केवल बंदियों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने में भी योगदान देगी। जिला प्रशासन ने ऐसे और अधिक कौशल-आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालयए बालाघाट में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता एवं आइक्यूएसी के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ गृह विज्ञान विभाग एवं काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. दीपरत्ना मासुलकर ने छात्राओं को संबोधित कर कार्यक्रम के उद्देश्य की सारगर्भित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मासुलकर के मार्गदर्शन में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रीति उइके एवं श्रीमती पुष्पा कुशरे के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्रों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## पीएम आवास योजना के बकायादार हितग्राहियों की सूची जारी,होगी वसूली

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर पालिका बालाघाट द्वारा पीएम आवास (बीएलसी) योजना के बकायादार 133 हितग्राहियों की सूची जारी की गई है। इन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए राशि आवंटित की गई थी लेकिन उनके द्वारा इस राशि का उपयोग आवास निर्माण में न कर अन्य कार्यों में किया गया है। शासन के निर्देशानुसार ऐसे हितग्राहियों के नाम सरेण्डर कर दिये गए है तथा इन हितग्राहियों को दी गई राशि की वसूली की जाना है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि 133 सरेण्डर हितग्राहियों से कहा गया है कि वे 07 दिनों के भीतर उन्हें आवंटित की गई राशि नगर पालिका बालाघाट में जमा करा दे अन्यथा उनके विरूद्ध थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर निकाय द्वारा दी गई राशि ब्याज सहित वसूलने के लिए कुर्की व नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए हितग्राही स्वयं जिम्मेदार होंगे। इन हितग्राहियों को 25 हजार रुपए से लेकर 02 लाख 50 हजार रुपए तक की राशि दी जा चुकी है। राशि जमा नही करने पर इन हितग्राहियों की चल अचल संपत्ति की कुर्की व नीलामी कर बकाया राशि वसूल की जाएगी।

लांजी में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# दम तोड़ते रहे बच्चे, शासन-प्रशासन का सुध नहीं

**भोपाल एजेंसी।** मप्र में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से अब तक 25 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं कई बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। यह स्थिति शासन-प्रशासन की निष्क्रियता के कारण बनी है। छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से हुई बच्चों की मौतों को टाला जा सकता था, यदि जिला प्रशासन नागपुर से मिले अलर्ट को सीरियसली लेता और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल पहले ही सक्रियता दिखा देते।

दरअसल, नागपुर के कलर्स अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश अग्रवाल ने 16 सितंबर को ही परासिया के स्थानीय पार्षद अनुज पाटकर को बताया था कि अलर्ट हो जाइए, बच्चों की किडनी फेल हो रही है। ये किसी दवा का साइड इफेक्ट हो सकता है। इस अलर्ट के बाद स्थानीय पार्षद ने कलेक्टर और एसडीएम को इसके बारे में बताया। इसके बाद भी जिला प्रशासन ने जागने में 15 दिन की देरी कर दी और 30 सितंबर को जानलेवा कफ सिरप कोल्ड्रिफ पर बैन लगाया। 15 सितंबर से लेकर आज तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है, जो टाली जा सकती थी।

## एक महीने बाद जागे उप मुख्यमंत्री और विभाग



### मौतें होती रही उप मुख्यमंत्री बने रहे निष्क्रिय

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सितंबर में मंत्रालय में पांच बार बैठक की, इसमें दो बार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार की समीक्षा की। 30 सितंबर तक 10 बच्चों की मौत हो चुकी थी। केंद्र व प्रदेश सरकार की टीमों ने भी 24 से 27 सितंबर के बीच छिंदवाड़ा का दौरा कर सैंपल लिए। 29 सितंबर को छिंदवाड़ा कलेक्टर ने सीरप पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद भी स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे उप मुख्यमंत्री ने गंभीरता से नहीं लिया, न ही विभाग के अधिकारियों ने उन्हें मामलें की जानकारी दी। सीरप में डीइजी मिलने की पुष्टि के बाद पहली बार उन्होंने छह अक्टूबर को एनएचएम कार्यालय में विभाग के अधिकारियों और शिशु रोग विशेषज्ञों के साथ बैठक की। इसके पहले चार अक्टूबर को उनका पहला बयान इस मामले में आया कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कोल्ड्रिफ बनाने वाली कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

उधर, कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगानाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई एसआईटी की टीम ने 8 अक्टूबर की रात चेन्नई में दबिश देकर रंगनाथन को पकड़ा। एसआईटी ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं।

### एक माह बाद सक्रिय हुए डिप्टी सीएम

अब कोल्ड्रिफ कफ सीरप के सेवन से बच्चों की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग देख रहे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की अनदेखी पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, बच्चों की किडनी की बायोप्सी में जहरीला केमिकल डायथिलीन ग्लायकाल (डीईजी) पाए जाने के बाद नौ सैंपलों (कोल्ड्रिफ के अतिरिक्त) की मानक रिपोर्ट के आधार पर राजेंद्र शुक्ल ने जहरीले केमिकल से मौत की बात नकार दी थी। अगले दिन ही तमिलनाडु औषधि प्रशासन विभाग की आई रिपोर्ट में कोल्ड्रिफ कफ सीरप में डीईजी 48.6 प्रतिशत मिला, जिससे बच्चों की मौत हुई। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल गृह जिले रीवा और राजधानी से करीब पांच घंटे का रास्ता होने के बाद भी एक माह तक पीड़ित या मृत बच्चों के स्वजन से मिलने छिंदवाड़ा या नागपुर नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का दौरा होने के दो दिन बाद राजेंद्र शुक्ल ने मंगलवार नागपुर और बुधवार को छिंदवाड़ा का दौरा किया। यही नहीं, स्वास्थ्य विभाग में चल रही लापरवाही को नजरअंदाज करते रहे। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहले बच्चे की मौत के एक माह बाद हुई। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जिस दिन छिंदवाड़ा पहुंचे उसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पहुंचे। इस पर कांग्रेस ने भी सीरप अमानक मिलने के बयान और मामले में गंभीरता नहीं दिखाने पर राजेंद्र शुक्ल को घेरा। हालांकि, शुक्ल मीडिया से कई बार यह कह चुके हैं कि उन्होंने कभी क्लीन चिट नहीं दी। यह कहा था कि रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगी।

# राप्रसे से भाप्रसे में प्रमोट हुए 16 अफसरों की सीनियरिटी तय

### - नारायण, बुंदेला होंगे 2018 बैच के आईएएस, दो नए आईएएस मिले

**भोपाल एजेंसी।** राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोट हुए 16 अफसरों को केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय (डीओपीटी) ने कैडर इयर अलॉट कर दिया है। एक माह पहले डीओपीटी द्वारा किए गए नोटिफिकेशन में इन्हें आईएएस अवार्ड किया गया था। वर्ष 2023 और 2024 की डीपीसी के बाद आईएएस बने अफसरों को 2018 से 2020 तक के कैडर इयर अलॉट किए गए हैं। नारायण प्रसाद नामदेव और कैलाश बुंदेला को सात साल की सीनियरिटी का लाभ मिला है और दोनों ही अधिकारी 2018 बैच के आईएएस माने जाएंगे। वहीं दस प्रमोटी आईएएस अफसरों को 2019 और चार अफसरों को 2020 बैच का आईएएस अफसर घोषित किया गया है। उधर, एमपी को सीधी भर्ती के दो नए आईएएस अफसर भी मिले हैं।

नारायण प्रसाद नामदेव का सिलेक्शन 2023 बैच के आईएएस अफसर के रूप में हुआ है और विभागीय जांच खत्म होने के बाद आईएएस बनाए गए नामदेव को सीनियरिटी में आठ साल का लाभ मिला है, जिसके चलते वे 2015 बैच के आईएएस के लिए इंटाइटल्ड हैं, लेकिन आईएएस रेगुलेशन ऑफ सीनियरिटी रूल्स 1987 में हुए संशोधन के आधार पर उन्हें 2018 बैच अलॉट किया है और उनका नाम 2022 में आईएएस बनाई गई अर्चना सोलंकी के नाम के नीचे रखा गया है। इस आधार पर नारायण नामदेव अब 2018 बैच के आईएएस अफसर होंगे। इसी तरह कैलाश बुंदेला को भी 2018 बैच अलॉट किया है। ये दोनों ही अधिकारी सीनियरिटी में 2019 बैच के सीधी भर्ती के सीनियर आईएएस अधिकारी श्रेयस कुमट से सीनियर होंगे। 2023 बैच में आईएएस के लिए सिलेक्ट हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों नंदा भलावे कुशरे, अनिल कुमार डामोर, सविता झानिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी और जितेंद्र सिंह चौहान को 2019 का वर्ष अलॉट किया है। इन सभी प्रमोटी अफसरों का नाम आईएएस 2019 बैच के सीधी भर्ती के जूनियर आईएएस अफसर नागार्जुन बी गौड़ा के नाम के नीचे और 2020 बैच के सीधी भर्ती के सीनियर आईएएस अफसर हिमांशु जैन के नाम के ऊपर होगा। राज्य प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के आधार पर इन अफसरों को चार से सात साल की सीनियरिटी का वेटेज मिला है।

### 2024 वालों को 2019 और 2020 बैच मिला

डीओपीटी द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार वर्ष 2024 के लिए हुई डीपीसी में आईएएस बनाए गए आठ राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को वर्ष 2019 और 2020 का वर्ष अलॉट किया गया है। ये सभी आठ अफसर संतोष टैगोर, निशा डामोर, राकेश कुशरे, शैली कनाश, रोहन सक्सेना, कविता बाटला, सपना अनुराग जैन और आशीष कुमार पाठक हैं। इसमें 2024 बैच के चार प्रमोटी आईएएस अफसर संतोष टैगोर, निशा डामोर, राकेश कुशरे और शैली कनाश को 2019 का वर्ष अलॉट किया गया है उनका नाम सीनियरिटी लिस्ट में 2019 के प्रमोटी आईएएस जितेंद्र सिंह चौहान के नाम के नीचे और 2010 के सीधी भर्ती के सीनियर आईएएस अफसर हिमांशु जैन के नाम के ऊपर होगा। इसके अलावा रोहन सक्सेना, कविता बाटला, सपना अनुराग जैन और आशीष कुमार पाठक को वर्ष 2020 का कैडर इयर अलॉट किया गया है। इन चारों ही अधिकारियों को सीनियरिटी लिस्ट में 2020 की सीधी भर्ती की आईएएस अधिकारी सर्जना यादव के नाम के नीचे और 2021 बैच की सीधी भर्ती के आईएएस वैशाली जैन के नाम के ऊपर रखा गया है।

### 2023 वालों को मिले से बैच

2024 के लिए हुई डीपीसी में आईएएस बनाए गए अफसरों में नारायण प्रसाद नामदेव 2018, डॉ. कैलाश बुंदेला 2018, नंदा भलावे कुशरे 2019, अनिल कुमार डामोर 2019, सविता झानिया 2019, सारिका भूरिया 2019, कमल सोलंकी 2019 और जितेंद्र सिंह चौहान 2019 बैच अलॉट हुआ है।

### सीधी भर्ती के दो आईएएस आएंगे एमपी

डीओपीटी ने सीधी भर्ती के दो आईएएस अफसरों को दूसरे राज्यों से एमपी कैडर में भेजने के आदेश जारी किए हैं। वर्ष 2021 बैच के त्रिपुरा कैडर के आईएएस सुमित पांडेय को एमपी कैडर की 2022 बैच की आईएएस अधिकारी मिनी शुक्ला के साथ विवाह करने के बाद एमपी कैडर अलॉट किया गया है। इसी तरह तमिलनाडु कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी अंकित जैन को एमपी कैडर की 2020 बैच की आईपीएस अधिकारी सोनाक्षी सक्सेना के साथ विवाह करने के आधार पर एमपी कैडर अलॉट किया गया है।

# आईएएस सूफिया के बाद अब प्रीति केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

### - दोनों महिला अफसर एमपी में ही रहेंगी, जनगणना निदेशक का पद रिक्त

**भोपाल एजेंसी।** सूफिया फारुकी वली के बाद अब आईएएस अफसर प्रीति मैथिल भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगी। प्रीति एमपी कैडर की दूसरी महिला आईएएस अफसर हैं जो भोपाल में रहकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अफसर के रूप में काम करेंगी। प्रीति को ट्राइबल को-आपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (ट्राइफेड) में डिप्टी जनरल मैनेजर बनाया गया है। उधर जनगणना निदेशक एमपी का पद 10 दिन से खाली है।

वर्ष 2009 बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति मैथिल की ट्राइफेड में प्रतिनियुक्ति पर पांच साल के लिए पदस्थापना की गई है। मैथिल की पोस्टिंग को लेकर डीओपीटी ने मुख्य सचिव एमपी को निर्देश जारी कर दिए हैं और तीन हफ्ते में मैथिल को जॉइन करने के लिए कहा है। प्रीति मैथिल मंडला, सागर और रीवा की कलेक्टर रह चुकी हैं।

### फारुकी बन चुकी है निगम में जीएम

इसके अलावा मुख्यमंत्री सचिवालय, किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग में भी वे संचालक और अपर सचिव के पद पर काम कर चुकी हैं। इसके दस दिन पहले 2009 बैच की ही आईएएस अधिकारी सूफिया फारुकी वली को भारतीय खाद्य निगम में एमपी रीजन में जनरल मैनेजर के रूप में पदस्थ किया जा चुका है। इसके पहले मार्च 2025 में प्रियंका दास, पंकज जैन, प्रवीण सिंह अधयक, अगस्त में तन्वी सुंद्रियाल, सितंबर में नीरज कुमार सिंह की पदस्थापना केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर की जा चुकी है। एमपी कैडर के छह अधिकारी केंद्रीय मंत्रियों के यहां विशेष सहायक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश की पदस्थापना 2024 में की गई है।

एमपी कैडर की आईएएस अधिकारी और जनगणना निदेशक एमपी भावना वालिम्बे पिछले माह रिटायर हो गई हैं। इसके बाद जनगणना निदेशक एमपी का पद रिक्त है। अभी इस पद पर किसी अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई है।

# भाईदूज से पहले लाड़ली बहनों को मिलेगा गिफ्ट

## 250 रूपए की वृद्धि से बढ़ेगा 318 करोड़ का भार

**भोपाल एजेंसी।** मध्य प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इस माह से 1,500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। दीपावली पर्व के अवसर पर 15 अक्टूबर से पहले लाड़ली बहनों के बैंक खातों में यह बढ़ी हुई राशि डाली जाएगी। इससे सरकार पर 318 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा। वर्तमान में लाड़ली बहनों को 1250 रुपये हर माह दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की किस्त में 250 रुपये बढ़ाने की घोषणा अगस्त में की थी। इसके बाद अब इसी माह से यह राशि राज्य सरकार को देना है, क्योंकि 23 अक्टूबर को भाई दूज है और इसी दिन से सीएम ने 250 रुपये बढ़ाने की घोषणा की है। अभी इस योजना पर प्रतिमाह 1541 करोड़ व्यय होते है।

यह राशि 1250 से बढ़ाकर 1500 रुपये करने से 1859 करोड़ रुपए का खर्च हर माह आएगा। हर माह मुख्यमंत्री 15 तारीख के पहले इस योजना की राशि ट्रांसफर करते हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि लाड़ली बहनों के खाते में 15 अक्टूबर के पहले ही यह राशि जमा करा दी जाएगी। तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले लाड़ली बहना योजना शुरू की थी। योजना की शुरुआत में लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए प्रति माह दिए गए। अक्टूबर, 2023 से योजना में 1250 रुपए दिए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन सरकार ने इस योजना के तहत चरणबद्ध तरीके से राशि बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह करने का वादा किया था। सरकार इस महीने से योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपए करने जा रही है।

### सालाना खर्च होंगे 21 हजार करोड़ रुपए

दो साल के लंबे इंतजार के बाद लाड़ली बहना योजना की राशि में 250 रुपए की वृद्धि होने जा रही है। हालांकि लाड़ली बहनों को इस महीने पैसे के लिए कुछ दिन इंतजार करना पड़ेगा। अमूमन हर महीने की 13 तारीख के आसपास योजना की राशि लाड़ली बहनों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है, लेकिन इस माह उनके खाते में राशि दिवाली के बाद आएगी। उनके खाते में 1250 रुपए के स्थान पर 1500 रुपए आएंगे। इससे सरकार के खजाने पर हर महीने 1800 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। दिवाली 20 अक्टूबर को है। सीएम डॉ. मोहन यादव की लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रुपए भाईदूज पर यानी 23 अक्टूबर को ट्रांसफर करेंगे। इससे पहले तत्कालीन शिवराज सरकार ने अक्टूबर, 2023 में योजना में राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1250 रुपए की थी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना में 250 रुपए की बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव तैयार कर लिया है। कैबिनेट की अगली बैठक में प्रस्ताव को मंजरी दी जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार अक्टूबर से लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपए की जा रही है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक लाड़ली बहना योजना में वर्तमान में पात्र हितग्राहियों की संख्या एक करोड़ 26 लाख है। योजना में इनके खाते में हर महीने 1541 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा रहे हैं। योजना में अक्टूबर से 250 रुपए की वृद्धि होने के बाद सरकारी खजाने पर हर महीने करीब 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा, जबकि योजना में सालाना कुल 21 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### कम हो सकती है पात्र हितग्राहियों की संख्या

लाड़ली बहना योजना में एक महीने में पात्र हितग्राहियों की संख्या में 83 हजार की कमी आई है। अगस्त में एक करोड 26 लाख 83 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1859 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। अगस्त में लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के अलावा 250 रुपए राखी के शगुन के रूप में दिए गए थे। योजना में सितंबर में एक करोड़ 26 लाख बहनों के खाते में 1541 रुपए ट्रांसफर किए गए थे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार योजना में अक्टूबर में पात्र हितग्राहियों की संख्या में और कमी आ सकती है। सरकार योजना में अपात्र हितग्राहियों की छंटनी कर रही है। लाड़ली बहना योजना जब शुरू हुई थी, तब पात्र हितग्राहियों की संख्या 1.31 करोड़ थी।

# होलसेलर को 30 दिन में 1000 कफ सिरप, रिटेलर को 50 बोतल

**भोपाल एजेंसी।** मध्य प्रदेश के नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दिनेश श्रीवास्तव द्वारा कफ सिरप की सीमा तय की गई है। होलसेल डीलर को 1000 बोतल से ज्यादा कफ सिरप प्रतिमाह सप्लाई किया जाएगा। वहीं रिटेलर के लिए प्रतिमाह 50 बोतल की सीमा तय की गई है। कोई भी होलसेलर या रिटेलर इस सीमा से ज्यादा खरीद बिक्री नहीं करेगा।

कफ सिरप का उपयोग नशे के लिए भी किया जाता है। इसमें कोडीन युक्त दवाओं का उपयोग किया जाता है। जो नशे के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। नशे को रोकने के लिए,अब बिना डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के सिरप नहीं बेचे जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है, दवा दुकानों से बड़े पैमाने पर नशा करने वाले कफ सिरप लेते हैं। इसका उपयोग नशे के लिए करते हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के करीब दो दर्जन बच्चों की मौत जहरीले कफ सिरप के कारण हुई है। उसके बाद नियंत्रक खाद्य एवं औषधि ने खरीद बिक्री की सीमा तय की है।

# सीबीआई नहीं करेगी कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले की जांच

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी याचिका

**भोपाल एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित रूप से जहरीली खांसी की सिरप से बच्चों की मौत के मामलों पर सीबीआई जांच और देशभर में दवा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्जल भूयान और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। शुरुआत में पीठ नोटिस जारी करने के पक्ष में थी, लेकिन बाद में विचार कर याचिका खारिज कर दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता अखबार पढ़कर सीधे अदालत पहुंच जाते हैं। मेहता ने कहा कि वह किसी राज्य की ओर से पेश नहीं हो रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने इस मामले में गंभीर कदम उठाए हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों में दवा कानूनों को लागू करने की उचित व्यवस्था पहले से मौजूद है। पीठ ने याचिकाकर्ता तिवारी से पूछा कि उन्होंने अब तक शीर्ष अदालत में कितनी जनहित याचिकाएं दायर की हैं। तिवारी की ओर से बताया गया कि उन्होंने अब तक आठ से दस ऐसी याचिकाएं दायर की हैं, तो पीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी।

### याचिका में ये की गई थी मांग

याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह यह पता लगाए कि दवा सुरक्षा और गुणवत्ता जांच प्रणाली में कौन सी चूक हुई, जिनकी वजह से निम्न गुणवत्ता वाली दवाएं बाजार में पहुंचीं। इसमें अदालत से यह भी आग्रह किया गया है कि आगे किसी भी बिक्री या निर्यात की अनुमति देने से पहले सभी संदिग्ध उत्पादों का एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के माध्यम से विष विज्ञान परीक्षण अनिवार्य किया जाए।

### मध्य प्रदेश में अब तक 25 मौतें

बता दें कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत की पुष्टि हो गई है। छिंदवाड़ा में 22, पांढुर्ना में एक तो बैतूल में दो बच्चों की मौत हो चुकी है। हालांकि एक बच्चे के परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए हैं, जिसके बाद बच्चे का शव कब्र से निकालकर जांच की गई। वहीं राजस्थान में भी तीन बच्चों की मौत इन्हीं कारणों से होना बताया जा रहा है। पहले बच्चों को सर्दी-खांसी हुई तो उन्हें खांसी की दवा दी गई। दो-तीन दिन बाद बच्चों ने यूरिन करना बंद किया। जांच में उनकी किडनी फेल होने की जानकारी सामने आई। कुछ दिनो के इलाज के बाद बच्चों की लगातार मौत हो रही हैं। देशभर में ये मामला चर्चा में बना हुआ है।

# दैवेभो रखने पर 25 साल से प्रतिबंध, फिर भी कीं नियुक्तियां

## नगर निकायों से 17 दिन में मांगी रिपोर्ट, हटाए जा सकते हैं दैवेभो, अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**भोपाल एजेंसी।** प्रदेश के नगरीय निकायों में 25 साल पहले बंद हो चुकी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति व्यवस्था को दरकिनार करते हुए कई जगहों पर नियुक्तियां की गई हैं। मामला सामने आने के बाद नगरीय विकास और आवास विभाग ने सभी नगरीय निकायों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

विभाग ने 28 मार्च 2000 के बाद नियुक्त किए गए सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की जानकारी 25 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ये भी पूछा है कि इन कर्मचारियों की नियुक्ति के समय कौन अधिकारी (आयुक्त या मुख्य नगर पालिका अधिकारी) पदस्थ था और क्या राज्य शासन से इस संबंध में कोई अनुमति ली गई थी।

### साल 2000 में लगा था प्रतिबंध

विभाग के उप सचिव ने जारी आदेश में स्पष्ट कहा है कि दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति पर पूरी तरह प्रतिबंध है। वित्त विभाग ने 28 मार्च 2000 को जारी आदेश में यह साफ किया था कि यह प्रतिबंध सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मंडल, नगरीय निकाय, विकास प्राधिकरण और अन्य सरकारी संस्थानों पर समान रूप से लागू होगा। इसके बावजूद हाल में वित्त विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि कई नगरीय निकायों ने नियमों की अनदेखी करते हुए दैनिक वेतन पर कर्मचारियों को नियुक्त किया है। इसे राज्य सरकार के निर्देशों का सीधा उल्लंघन माना जा रहा है।

### अधिकारियों पर भी हो सकती है कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार, विभाग को भेजी जाने वाली जानकारी के बाद इन नियुक्तियों को अवैध करार दिया जा सकता है और




नियुक्ति देने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में 28 मार्च 2000 के बाद दैनिक वेतन पर नियुक्त कर्मचारियों का 25 अक्टूबर 2025 तक विवरण मांगा है। इस निर्णय से प्रदेश के करीब 80,000 दैनिक वेतनभोगी और उनके परिवारों का भविष्य अधर में है। जिन हाथों ने शहरों को संवारा, आज वही असुरक्षा में हैं। सरकार को इन मजदूरों की रोजी-रोटी से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। मैं इन मेहनतकश परिवारों की चिंता साझा करता हूं। सरकार बताए, जिनसे शहर चलते हैं, अब उनके घर कैसे चलेंगे?

### ब्यूरोक्रेसी के भीतर भी खिंचतान

मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक, इस आदेश के बाद विभागीय स्तर पर भी मतभेद उभर आए हैं। दैनिक वेतनभोगी मानते हैं कि इस तरह के आदेश सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा सकते हैं, खासकर जब सरकार स्थायी रोजगार नीति और युवा अवसर अभियान जैसी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। राज्य में जारी यह आदेश अब केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं रह गया है, बल्कि एक राजनीतिक तूफान का रूप ले चुका है। जहां एक ओर भाजपा सरकार इसे नियमों की पुनर्पुष्टि बता रही है, वहीं कांग्रेस और कर्मचारी संगठन इसे दैनिक वेतनभोगियों पर हमला और सरकार की छवि खराब करने की कोशिश मान रहे हैं। अब नजर इस बात पर है कि क्या सरकार इस आदेश को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेगी या विवाद बढ़ने पर पीछे हटेगी।

# यशस्वी के शतक से भारत ने बनाये दो विकेट पर 318 रन

नई दिल्ली, एजेंसी। यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक से भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 318 रन बना लिए थे। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय यशस्वी नाबाद 173 व कप्तान शुभमन गिल 20 रनों पर खेल रहे थे। आउट होने वाले बल्लेबाज साई सुदर्शन 87 और केएल राहुल 38 रन रहे। सुदर्शन केवल 13 रनों से अपना शतक पूरा नहीं कर पाये। वह 165 गेंद पर 87 रन बनाकर आउट हुए। आज सुबह भारतीय कप्तान शुभमन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो सही साबित हुआ। मैच में भारतीय बल्लेबाज छाये रहे। यशस्वी ने इस मैच में अपने करियर का सातवों शतक लगा दिया और अब वह दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। अब देखना हो कि वह दूसरे दिन दोहरा शतक लगा पाते हैं या नहीं। राहुल के आउट होने के बाद सुदर्शन के साथ मिलकर यशस्वी ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। सुदर्शन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की पर वह जोमेल वारिकन की गेंद पर आउट हो गये। वारिकन ने ही इससे पहले राहुल को भी अपना शिकार बनाया था। सुदर्शन के आउट होने के बाद शुभमन और यशस्वी ने भारतीय टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया।

मेहमान टीम की ओर से जायडन सील्स ने भी अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें कोई विकेट हासिल नहीं हुआ। शुरुआती घंटे में अच्छी गेंदबाज़ी करने के साथ ही वेस्टइंडीज़ ने अंतिम सत्र में भी आक्रामक गेंदबाजी कर विकेट लेने का प्रयास किया पर सफल नहीं हुई। आज युशस्वी और सुदर्शन के बीच दूसरे विकेट के लिए 193 रन की अच्छी साझेदारी निभाई। यशस्वी ने सातवां शतक लगाने के साथ ही अपने 3000 रन भी पूरे किये।



# राहुल डब्ल्यूटीसी में 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों के विशेष क्लब में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज़ केएल राहुल ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 16 रन बनाने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। इसी के साथ ही राहुल चैंपियनशिप विश्व टेस्ट (डब्ल्यूटीसी) में 2000 रन बनाने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज़ बन गये। राहुल ने जेडन सील्स की गेंद पर लगातार दो चौके लगाकर अपने 2000 रन पूरे किये।

इसके साथ ही वह विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ डब्ल्यूटीसी में 2000 से अधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की एक खास सूची में शामिल हो गये। अभी भारतीय टीम की ओर से डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन ऋषभ पंत के नाम 2731 हैं। उनके बाद रोहित शर्मा 2716 रन , शुभमन गिल 2697 रन, विराट कोहली 2617 रन, रवींद्र जडेजा 2505 रन और यशस्वी जायसवाल 2251 रन हैं। वहीं विश्व में सबसे अधिक रन का रिकार्ड इंग्लैंड के जो रूट के नाम है। रुट ने अब तक 69 टेस्ट मैचों में 6080 रन बनाए हैं।

## भारतीय महिला टीम के नाम दर्ज हुआ ऐसा रिकार्ड जो वह भूलना चाहेगी

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नाम दक्षिण के खिलाफ हुए विश्वकप मुकाबले में एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जो कोई भी टीम नहीं चाहेगी। भारतीय टीम इस मैच में जीत के करीब पहुंचकर भी तीन विकेट से हार गयी। इस हार के साथ ही भारतीय टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। यह रिकॉर्ड है विरोधी टीम के पांच विकेट गिराने के बाद भी सबसे ज्यादा रन देने का। भारतीय टीम ने इस में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 253 रनों का लक्ष्य दिया था।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के लिए शीर्ष क्रम को जिम्मेदार बताया

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में हार के बाद बेहद नाराज नजर आयीं। इस मैच में भारतीय टीम जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। विश्वकप में ये भारतीय टीम की पहली हार है। पहले मैच में उसने श्रीलंका और दूसरे में पाकिस्तान को हराया था। हरमनप्रीत ने हार के लिए शीर्ष क्रम को जिम्मेदार बताया है। उनका कहना है कि शीर्ष क्रम ने रन नहीं बनाये। इस मैच में ऋचा घोष के साथ मिलकर निचले क्रम की बल्लेबाजों ने रन बनाकर सम्मानजनक स्कोर बनाया। ऋचा की इस मैच में 94 रनों की पारी के बाद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में शुरुआती पांच विकेट गंवाने के बाद भी जीत हासिल कर ली।

मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, 卐 शीर्ष क्रम ने जिम्मेदारी से नहीं खेला और अपने विकेट सस्ते में ही गंवा दिये।ये गलती इससे पहले के मैचों में भी हुई थी हालांकि हमें काफी सबक भी मिले हैं। मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमें बैठकर बात करनी होगी कि एक अच्छा स्कोर बनाने के लिए कौन सी चीजें



हमारे लिए प्रभावी होंगी। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच हमारे लिए मुश्किल पर हमें इससे काफी कुछ सीखने को भी मिला है। इससे हमें आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिली है।卐

उन्होंने कहा, 卐दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला कठिन रहा। दोनों टीमों ने ही शानदार खेल दिखाया। हालांकि बल्लेबाजी करते हुए हम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये और 250 के स्कोर तक ही पहुंच पाये। दूसरी ओर विरोध टीम की क्लो और डी क्लार्क ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर मैच हमारे हाथों से छीन लिया। उन्होंने दिखाया कि पिच बहुत अच्छी थी और जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, उससे वे जीत की अधिकारी थीं।

भारतीय टीम की ओर से ऋचा ने इस मैच में दक्षिए अफ्रीका के खिलाफ 94 रनों की पारी खेली, यह महिता एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में 8वें या उससे नीचे नंबर पर खेली गई अब तक की सबसे बड़ी पारी है। ऋचा की बल्लेबाजी को लेकर हरमन बोलीं, 卐ऋचा हमेशा हमारे लिए हमेशा से ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी रही हैं। वह हमेशा मैच का रुख बदल सकती हैं। और जिस तरह से उन्होंने कठिन हालात में बल्लेबाजी की, हम सभी इसे देखकर बहुत खुश हुए।

## दक्षिण अफ्रीक की नादिन बोली, मैच को अंत तक ले जाने की योजना से मिली जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के खिलाफ महिला विश्वकप क्रिकेट मैच में शानदार बल्लेबाजी कर दक्षिण अफ्रीकी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने वाली नादिन डी क्लर्क ने कहा है कि उसकी योजना मैच को अंत तक ले जाने की थी जिसमें वह सफल रहीं। इस मैच में एक समय दक्षिण अफ्रीक टीम ने 81 रनों पर ही पांच विकेट खो दिये थे और उसकी हार तय नजर आ रही थी पर इसके बाद नादिन की 84 रनों की आक्रामक पारी के बल पर दक्षिण अफ्रीका टीम ने मुकाबला जीत लिया। नादिन ने निचले क्रम के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। नादिन ने कहा कि उसे इस बात का विश्वास था कि अगर अंतिम 5 ओवरों में हर ओवर में 10



रन भी बनाने होंगे तो भी ये बनाये जा सकते हैं। इस बल्लेबाज ने कहा, मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। हमने पिछले कुछ दिनों में बहुत सारे अच्छे प्रयास किए हैं। ऐसे में मैच समाप्त करने के लिए पूरी क्षमता से खेलने की कोशिश करें, अपने को सर्वश्रेष्ठ अवसर दें और उम्मीद है कि इससे हमारी टीम का आगे बढ़ने के लिए मनोबल मजबूत होगा। मुझे दबाव में खेलना पसंद है। मुझे विश्व कप में खेलना अच्छा लगता है। वह भी भारतीय टीम के खिलाफ उसके ही घरेलू मैदान पर और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हमें पता था कि हमें आज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि मेजबान भारतीय टीम ने 250 रनों का अच्छा स्कोर बनाया था। जीत हासिल करना बहुत अच्छा है, और यह दिखाता है कि हम बड़ी टीमों को हराने में सक्षम हैं।जब मैं और क्लोई साथ आए, तो हमें पता था कि हमें जीत के लिए अंत तक खेलना होगा। ये खुशी की बात है कि हमारी योजना सफल रही।

## प्रशंसक रोहित, विराट की बल्लेबाज देखने स्टेडियम जरुर जाएं - हैडिन

सिडनी, एजेंसी। इस माह भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौर में सभी के आकार्षण का केन्द्र भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली रहेंगे। ये दोनो ही करीब सात महीने बाद खेलते नजर आयेंगे। इसी को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ब्रैड हैडिन ने क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा है कि इस बार स्टेडियम जाकर मैच जरुर देख लें क्योंकि ये विराट और रोहित का अंतिम दौरा हो सकता है।

हैडिन ने कहा, वे खेल के महान खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि यह आखिरी बार होगा जब वे हमारे मैदानों पर खेलते दिखेंगे। इसलिए उनको खेलते हुए देखने के इस अवसर को मत खोना। उन्होंने कहा कि शुभमन के कप्तान बनने के बाद अब रोहित केवल एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे। भारतीय टीम का ये दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें वह तीन एकदिवसीय और पाँच टी20 मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। विराट और रोहित, दोनों ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है और अब ये दोनो केवल एकदिवसीय सीरीज में ही नजर आयेंगे। टी20 से इन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया था।

रोहित ने साल 2017 में एकदिवसीय कप्तानी संभाली थी और अब तक 56 मैचों में 42 जीत दर्ज की हैं। उनका 75फीसदी का जीत प्रतिशत उन्हें दुनिया के सबसे सफल सफेद गेंद कप्तानों में शामिल करता है।

## यशस्वी ने सातवां शतक लगाने के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3000 रन पूरे किये

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शुक्रवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाकर एक साथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। इस मैच में यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक लगाया। इसी के साथ ही वह एलेस्टेयर कुक और जावेद मियांदाद जैसे खिलाड़ियों के 24 साल से कम उम्र में सात शतक लगाने वाले चार खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये। यशस्वी ने 145 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए अपना शतक बनाया। जायसवाल ने ये सातवां टेस्ट शतक 24 साल से कम उम्र में बनया है और ऐसे में अब वह मियांदाद, ग्रीम स्मिथ,कुक और केन विलियमसन के साथ सात-सात शतक लगाने वाले क्लब में शामिल हो गए है। वहीं इस मैच में यशस्वी ने



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ ही वह 23 साल की उम्र में ऐसा कारनामा करने वाले 6ठे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों की सूची में अपनी जगह बना ली है। 23 साल की उम्र में बतौर भारतीय सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम है। तेंदुलकर ने इस दौरान 8696 रन बनाए थे, वहीं विराट कोहली 5052 रनों के साथ ही सूची में दूसरे स्थान पर है। इस सूची में युवराज सिंह, सुरेश रैना और रवि शास्त्री जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं।

**23 साल की उम्र में भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन**

8696 - सचिन तेंदुलकर
5052 - विराट कोहली
3853 - युवराज सिंह
3350 - सुरेश रैना
3224 - रवि शास्त्री
3000 - यशस्वी जायसवाल

## मैक्सवेल को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलने की उम्मीद

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भारतीय टीम के खिलाफ अगले माह होने वाली टी20 सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। मैक्सवेल अभी कलाई की सर्जरी से उबर रहे हैं। मैक्सवेल को उम्मीद है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के अंतिम तीन मैचों तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। मैक्सवेल ने अपनी दाहिनी कलाई की सर्जरी कराई है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले नेट सत्र के दौरान चोटिल हो गये थे। उन्हें भारत के खिलाफ 29 और 31 अक्टूबर को होने वाले पहले दो टी20 मैचों के लिए शामिल नहीं किया गया है।

मैक्सवेल ने कहा, ''मुझे लगता है कि सर्जरी के बाद मेरे भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में खेलने की थोड़ी उम्मीद बनी है हालांकि इसके लिए मुझे शीघ्र फिटनेस हासिल करनी होगी।'' मैक्सवेल ने जल्द से जल्द फिट होने के लिए सर्जरी का विकल्प चुना, जिससे वह भारतीय टीम के साथ होने वाली सीरीज के अंतिम तीन मैचों में खेल सकें। ये मैच होबार्ट में दो नवंबर, गोल्ड कोस्ट में छह नवंबर और ब्रिस्बेन में आठ नवंबर को खेले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, ''मैंने सर्जरी इसलिए करवाई, क्योंकि मुझे दो विकल्प दिए गए थे या तो मैं भारत के खिलाफ सीरीज से हट जाऊं या उसमें खेलने के लिए अपनी उम्मीद बनाये रखूं।

## रणजी के लिए टीम घोषित की, पृथ्वी और जलज भी शामिल

पुणे, एजेंसी। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने रणजी ट्रॉफी के लिए अपनी टीम घोषित कर दी गयी है। इसमें मुम्बई छोड़कर आये बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और केरल छोड़कर आये ऑलराउंडर जलज सक्सैना को भी शामिल किया गया है। अब ये दोनो ही पहली बार महाराष्ट्र की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित हैं। हाल में पृथ्वी का अपनी पुरानी टीम मुंबई के साथी खिलाड़ी मुशीर खान से झगड़ा हो गया था पर इसके बाद दोनो में सुलह भी हो गयी है। इस मैच में झगड़े के लिए पृथ्वी को सजा नहीं मिली है और वह महाराष्ट्र की ओर से अपना रणजी डेब्यू करने जा रहे हैं। इससे पहले महाराष्ट्र का मुंबई से तीन दिन का अभ्यास मैच हुआ था। उसमें पृथ्वी ने शतक लगाया था। इसी मैच में मुशीर की गेंद पर आउट होने के बाद उनका मुम्बई टीम के खिलाड़ियों से विवाद हो गया था।




इसी सत्र में पृथ्वी मुंबई का साथ छोड़कर महाराष्ट्र आए हैं जिससे उनका करियर फिर पटरी पर पहुंच जाये। मुंबई से ही पृथ्वी ने अपने करियर की शुरुआत की थी पर पिछले सत्र में टीम ने उन्हें रणजी के लिए शामिल नहीं किया था । इसी कारण अब मजबूरी में पृथ्वी महाराष्ट्र से खेलने आये हैं। वह रणजी में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में वासी करना चाहते हैं।

वहीं इसी सत्र में केरल से आये जलज भी पहली बार महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे। जलज को घरेलू क्रिकेट का दिग्गज माना जाता है और उनके आने से टीम को काफी मदद मिलेगी। टीम में ऋतुराज गायकवाड़ भी शामिल है। अंकित बवाने टीम की कप्तानी करेंगे।

**महाराष्ट्र रणजी टीम**

अंकित बवाने (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, पृथ्वी शॉ, अर्शिन कुलकर्णी, सिद्धेश वीर, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), मंदार भंडारी (विकेटकीपर), जलज सक्सेना, विक्की ओस्तवाल, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, प्रदीप दाधे, हितेश वालुंज, सिद्धार्थ म्हात्रे, हर्षल केट, रजनीश गुरबानी।

## पूर्व क्रिकेटर जूलियन की याद में काली पट्टी बांधकर उतरी वेस्टइंडीज टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरु हुए दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर उतरे। रोस्टन चेज की कप्तानी वाली इंडीज टीम के खिलाड़ियों ने दिवंगत बर्नार्ड जूलियन की याद में काली पट्टी बांधी थी। 75 साल के जूलियन का 4 अक्टूबर को त्रिनिदाद एंड टोबैगो के वाल्सेन में निधन हो गया। जूलियन ने वेस्टइंडीज की ओर से साल 1973-77 के दौरान 24 टेस्ट और 12 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। टेस्ट क्रिकेट में जूलियन ने 30.92 की औसत से 866 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। जूलियन ने टेस्ट मैचों में 37.36 के औसत से 50 विकेट भी लिए हैं। वह 1975 विश्वकप विजेता टीम के भी सदस्य रहे थे।

जूलियन के नाम पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 14.33 की औसत से 86 रन दर्ज हैं। उनके नाम 18 विकेट भी हैं। दिल्ली टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में दो बदलाव किए. ब्रैंडन किंग और जोहान लेन की जगह पर विकेटकीपर टेविन इमलाच और तेज गेंदबाज एंडरसन फिलिप को शामिल किया गया है। दूसरी ओर भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वेस्टइंडीज की अंतिम-11= जॉन कैम्पबेल, तेजनारायण चंद्रपॉल, एलिक अथानाज, शाई होप, रोस्टन चेज (कप्तान), टेविन इमलाच (विकेकीपर), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वॉरिकन, खैरी पियरे, एंडरसन फिलिप, जेडन सील्स।

भारत की अंतिम ग्यारह शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

## आयुष की कप्तानी में हैदराबाद के खिलाफ रणजी मैच में उतरेगी उतरेगी दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए अपनी 24 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी आयुष बडोनी करेंगे जबकि यश ढुल को उपकप्तान बनाया गया है। चयन समिति ने इस टीम में बल्लेबाज नितीश राणा को भी शामिल किया है। राणा की एक बार फिर दिल्ली की टीम में वापसी हुई है। बीच में वह उत्तर प्रदेश चले गये थे। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने कहा, 'चयनकर्ताओं ने 24 खिलाड़ियों को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रत्येक मैच में चयन के लिए एक बड़ा पूल हमारे पास रहेगा।

## मेरे ऊपर संन्यास के लिए कोई दबाव नहीं था - अश्विन

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के संन्यास को लेकर कहा जाता रहा है कि उनके ऊपर इसके लिए दबाव बनाया गया था। वहीं अब अश्विन का कहना है कि इस प्रकार की कोई बात नहीं थी और ये उनका निजी फैसला था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वह बैंच पर बैठकर थक गये थे।

अश्विन ने इसके बाद इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को भी अलविदा कह दिया था। जिससे कि वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेल सकें। वह इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में भी खेलने जा रहे हैं। अश्विन ने कहा, 'किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से मना किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं। उन्होंने कहा, 'तब कप्तान रहे रोहित शर्मा ) ने भी मुझे अपने फैसले के बारे में फिर से सोचने को कहा था। कोच गौतम गंभीर ने भी दोबारा विचार करने को कहा था पर मैंने संन्यास के बारे में अजीत अगरकर से अधिक बात नहीं की थी।

## किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 अक्टूबर से खेले जायेंगे अंडर-17 एएफसी कप क्वालीफायर मुकाबले

### भारतीय टीम का पहला मुकाबला 13 अक्टूबर को किर्गिस्तान से

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन में साल 2026 में होने वाले अंडर-17 महिला एशियाई कप (एएफसी) फुटबॉल के लिए क्वालीफायर मुकाबले किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। इसमें 23 सदस्यीय भारतीय टीम शामिल होगी। भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम अलेक्जेंडरसन ने कहा है कि टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शामिल भारतीय टीम का मुकाबला 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। दोनों मैच डोलेन मुर्जाकोव स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट की ग्रुप विजेता टीमें अगले साल चीन में होने वाले 12 टीमों के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद से ही भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए बेंगलुरु में अभ्यास किया था। भारतीय टीम इस टूनामेंट के लिए पहले ही बिश्केक पहुंच गयी है जिससे की हालातों के अनुसार अपने को ढ़ाला जा सके।

**इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारतीय टीम इस प्रकार है -**

गोलकीपर - मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, थमीना फातिमा।

डिफेंडर = एलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइड्रोम, रितु बदाइक, तानिया देवी टोनम्बम।

मिडफील्डर - अभिस्ता बसनेट, अनीता डुंगडुंग, बोनिफिलिया शुलाई, जुलान नोंगमाईथेम, प्रीतिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की।

फॉर्वर्ड - अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, नीरा चानू लोंगजाम, पर्ल फर्नांडिस, वलैना फर्नांडिस।

## बीबीएल के लिए नहीं बदला जा सकता टेस्ट क्रिकेट कार्यक्रम - स्टार्क

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए उसे पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिये। स्टार्क ने कहा है कि बिग बैश लीग (बीबीएल) मुकाबलों के लिए नई विंडो बनाई जा सकती है पर इसके लिए टेस्ट कार्यक्रम में फेरबदल नहीं होना चाहिये। साथ ही कहा कि इसे किसी भी टी20 लीग के लिए पीछे नहीं धकेला जा सकता । उन्होंने कहा, 卐टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। इसे टी20 क्रिकेट के लिए जगह नहीं देनी चाहिए, चाहे वह बीबीएल हो, आईपीएल हो या कुछ और। टेस्ट क्रिकेट हमेशा सबसे आगे रहना चाहिये।卐

सिडनी सिक्सर्स के साथ करार के बाद स्टार्क ने कहा कि बीबीएल के मैच लगातार दो दिन खेले जा सकते हैं, क्योंकि टी20 प्रारूप में अधिक थकान नहीं होती है उन्होंने वर्तमान समय के छोटे सत्र की भी प्रशंसा की और कहा कि इसका सही प्रभाव पड़ता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पैट कमिंस और ट्रैविस हेड को टी20 लीग में खेलने के लिए लगभग 1 करोड़ डॉलर की पेशकश की गई थी पर टेस्ट के लिए इन दोनो ने ठुकर दिया। इस पर स्टार्क ने कहा कि यह खिलाड़ियों की व्यक्तिगत प्राथमिकता है और हर किसी का फैसला अलग हो सकता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता रही है और अब इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

# भोपाल पुलिस ने बेरहमी से पिटाई कर बालाघाट डीएसपी के साले की ली जान

## - दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों सस्पेंड, बीटेक छात्र था मृतक
## - पुलिस का कहना, कस्टडी में नहीं हुई मौत, घबराहट के चलते हार्ट अटेक आने से मौत की आंशका

भोपाल। शहर के पिपलानी थाना इलाके में डीएसपी के इंजीनियर साले की पुलिसकर्मियों की मारपीट से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मृतक इंजीनियर छात्र अपनी कार में बैठकर शराब पी रहा था, तभी पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया था। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है, और पीएम रिर्पोट आने पर की मौत का कारण साफ हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। मृतक के जीजा बालाघाट जिले में डीएसपी पद पर पदस्थ हैं।

### तीन दिन पहले ही बेंगलुरु से आया था भोपाल

मिली जानकारी के अनुसार पिपलानी निवासी उदित पुत्र राजकुमार गायकी ने वीआईटी आष्टा से बीटेक की पढ़ाई की थी। उसके पिता उदित ने उदित के पिता राजकुमार गायकी, एमसीबी सूखी सेवनिया में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। और मां टीचर हैं। उसके बहनोई डीएसपी हैं, और फिलहाल बालाघाट में पदस्थ हैं। बताया गया है कि उदित पिछले तीन महीनों से नौकरी की तलाश कर रहा था, जिसके चलते वह बेंगलुरु में रह रहा था। तीन दिन



पहले ही वह भोपाल अपने कॉलेज के कुछ दस्तावेज लेने आया था। घटना के समय उदित के साथ मौजूद उसके दोस्त का कहना है कि उदित सहित हम छह दोस्त रात के समय इंद्रपुरी में मिलकर पार्टी कर रहे थे। बाद में रात करीब डेढ़ बजे अक्षत नामक दोस्त उदित को छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वह कार में बैठै तभी एक पुलिसकर्मी आ गया। इससे उदित घबरा गया और अंधेरी गली की तरफ भागा। दो पुलिसवाले उसके पीछे दौड़े और उसे पकड़ लिया। थोड़ी ही देर में वहां से मारपीट की आवाजें आने लगीं। जब दोस्तो ने जाकर देखा तो उदित की शर्ट निकली हुई थी, और उसके शरीर पर मारपीट के कई निशान थे, खासकर सिर पर। उसके दोस्त पुलिसवालों से बात करने की कोशिश कर रहे थे, तब एक दोस्त ने उदित को कार में बिठाया। कार में बैठै उदित ने कहा की एसी चला दे और पानी दे दे। चौकी जाने के दौरान रास्ते में उसे दो-तीन उल्टियां हुई। चौकी पहुंचने पर दोस्तो ने पुलिसवालो को सारी बात बताई। इस दौरान एक दोस्त ने उदित का हाथ पकड़ा तो उसका हाथ बेजान नजर आया और लटक गया। उसे तुरंत पास के अस्पताल लेकर पहुचें जहॉ डॉक्टरों ने कहा कि उदित के बचने के चांस बेहद कम है, उसे फौरन ही एम्स ले जाओ। एम्स ले जाने पर डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि पिटाई के दौरान सिर में आई चोट से उसकी जान गई है।

### घटना का सीसीटीवी हुआ वायरल

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक पुलिसकर्मी उदित को पकड़कर खड़ा है, और दूसरा उसे डंडे से मार रहा है। आरोप है, कि डंडे के वार से ही छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी में दो अन्य लोग भी एक वाहन पर दिखाई दे रहे हैं।

### दोनो पुलिसकर्मी संस्पैंड

छात्र की मौत के मामले में अधिकारियो का कहना है, दो आरक्षकों संतोष बामनिया और सौरभ आर्य को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि अफसरो का यह भी कहना है की युवक को थाने नहीं लाया गया था, आंशका है की युवक को घबराहट के चलते अटैक आया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पांच डॉक्टर की पैनल ने पोस्टमॉर्टम कर रही है। पीएम की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। पुलिस परिजनो सहित उसके दोस्तो के बयान दर्ज कर रही हैं। वहीं मामले की जांच सीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। जॉच के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया जा सकता है। घटना के बाद एम्स अस्पताल में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर किया गया था। पिपलानी थाने में भी अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई।

# 25 बच्चों की जान लेने वाले कफ सिरप बनाने वाली कंपनी मालिक पर कोर्ट में हमले की कोशिश...वकील बोले-फांसी दो

## मासूमों की मौत का सौदागर 10 दिन की रिमांड पर

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत के मामले में पकड़े गए दवा कंपनी मालिक गोविंदन रंगनाथन को शुक्रवार को परासिया कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उन पर हमले की कोशिश की गई। लोगों और वकीलों ने हत्यारे को फांसी देने की मांग की।

आरोपी रंगनाथन को प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शैलेंद्र उइके की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 10 दिन की रिमांड पर सौंपा है। इससे पहले मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विशेष जांच दल सुबह 11 बजे रंगनाथन को लेकर परासिया पहुंचा था। उसे परासिया थाने में में रखा गया था। रंगनाथन की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल में बना कप सिरप पीने से छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्णा में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। कुछ बच्चों का नागपुर में इलाज चल रहा है। इधर, परासिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्याम कुमार साहू ने कहा- जिले का कोई भी वकील ऐसे आरोपी की पैरवी नहीं करेगा। अगर बाहर से कोई वकील उसकी पैरवी करने आता है तो हम उसका भी विरोध करेंगे।



### सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई जांच की मांग खारिज

उधर, सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग खारिज कर दी है। वकील विशाल तिवारी ने जनहित याचिका लगाकर केस की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआई के जरिए गठित एक्सपर्ट कमेटी से कराने की मांग की थी।

### नशीली दवा दुरुपयोग रोकने कमेटी बनी

छिंदवाड़ा और बैतूल में कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत के मामलों के बाद राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध ड्रग व्यापार और मादक फसलों की खेती पर रोक लगाने के लिए समन्वित कार्य करेगी। सरकार के आदेश के अनुसार, यह समिति ड्रग कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए प्रदेश के विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी। राज्य सरकार का मानना है कि इस समिति के गठन से ड्रग्स नियंत्रण व्यवस्था और एंटी-नार्कोटिक्स एक्शन को मजबूत आधार मिलेगा। साथ ही प्रदेश में हाल में बढ़े कफ सिरप और नशीली दवाओं से जुड़ी घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी। समिति द्वारा राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी की निगरानी करना जिसमें बंदरगाहों समुद्री मार्गों के माध्यम से तस्करी और नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों पर तटीय राज्यों में राष्ट्रीय नीति का कार्यान्वयन शामिल हैं। ड्रग कानून प्रवर्तन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से संबंधित मामलों पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के मुद्दों को संबोधित करना।

# 1.45 करोड़ की लूट मामले में टीआई सहित 9 पुलिसकर्मी सस्पेंड

सिवनी। मध्य प्रदेश में सिवनी पुलिस पर 1.45 करोड़ की लूट के आरोप लगे हैं। मामले कार्रवाई करते हुए आईजी प्रमोद वर्मा ने बंडोल टीआई सहित 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया है, सीएसपी पूजा पांडे के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। पुलिस के सूत्रों ने बताया कि कटनी से नागपुर के लिए एक कारोबारी अपनी गाड़ी में हवाला के 1.45 करोड़ लेकर जा रहा था। तभी पुलिस को इस बात की सूचना मिली, इसके बाद गाड़ी को सीलादेही के पास रोककर 1.45 करोड़ बरामद किए गए। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई न करने का आश्वासन देकर व्यापारी को जाने देकर राशि का गबन किया। दूसरे दिन जब व्यापारी वापस पहुंचा और कोतवाली में पूरी घटना की शिकायत दी। तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। निलंबित पुलिसकर्मियों में बंडोल टीआई अर्पित भैरम, सीएसपी का रीडर रविंद्र उइके, ड्राइवर, दो गनर, सीएसपी कार्यालय में तैनात दो आरक्षक और बंडोल थाने का एक आरक्षक शामिल है। आईजी वर्मा ने बताया कि 1.45 करोड़ की बरामदगी के मामले में बंडोल टीआई सहित 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। साथ ही सीएसपी पूजा पांडे के ख़िलाफ़ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है।

### तेजस्वी का नीतीश पर तंज..बिहार को गिड़गिड़ाने वाला नहीं, शेर की तरह दहाड़ने वाला मुख्यमंत्री चाहिए

# हमारी सरकार आने पर हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी

पटना। तेजस्वी यादव ने एक बड़े चुनावी वादे की घोषणा की, जो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लिए चुनाव में मास्ट्रस्ट्रोक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अगले माह विधानसभा चुनावों में महागठबंधन सत्ता में आता है, तब बिहार के हर घर से एक इसतहर के व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी, जिसके पास सरकारी नौकरी नहीं है। तेजस्वी ने ऐलान किया कि हमारी सरकार आने पर हम यह सुनिश्चित करने वाले हैं कि हर घर में एक व्यक्ति सरकारी नौकरी वाला हो। बिहार में हमारी सरकार बनने के 20 दिन के अंदर हम इसके लिए एक नया कानून बनाएँगे और 20 महीनों में एक



भी घर ऐसा नहीं रहेगा जहाँ कोई सरकारी नौकरी वाला न हो।

तेजस्वी ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले उनकी ओर से की जाने वाली कई घोषणाओं में से यह पहली घोषणा है। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता बिहार के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है, न कि उन्हें नीतीश कुमार सरकार की तरह बेरोजगारी भत्ता देना। इससे पहले तेजस्वी ने कहा था कि हर बिहारी बदलाव लाने वाला मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा था कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है। वे इस बार महागठबंधन की सरकार चाहते हैं। बिहार से बेरोजगारी जड़ से मिटा दी जाएगी। आज से एक उत्सव शुरू हो रहा है...तेजस्वी के साथ, इस बार हर बिहारी मुख्यमंत्री होगा।

यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधकर कहा कि बिहार के लोग गिड़गिड़ाने वाला मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि शेर की तरह दहाड़ने वाला मुख्यमंत्री चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। पिछली महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे यादव ने कहा, 20 साल तक उन्होंने राज्य को अपराध, भ्रष्टाचार, नौकरशाही, अत्याचार और घोटाला दिया। बिहार के लोग इस बात से तंग आ चुके हैं। सीएम अपने होश में नहीं हैं। हमें ऐसा सीएम नहीं चाहिए जो गिड़गिड़ाए, हमें ऐसा सीएम चाहिए जो शेर की तरह दहाड़े। कोई ऐसा जो बिहार के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ सके और उन्हें न्याय दिला सके। 14 नवंबर की तारीख इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखी जाएगी।

# नोटबंदी से परिवार कर्जे में आ गया इसलिए नहीं चुका सके 60 करोड़ की रकम

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा से ईओडब्ल्यू पूछताछ कर रही है। बीते दिन शिल्पा से 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में 5 घंटे तक उनके घर पर पूछताछ की गई थी, लेकिन अब राज कुंद्रा का जांच के दौरान दिया बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि नोटबंदी की वजह से उनका परिवार कर्जे में आ गया था। इलेक्ट्रिकल और घरेलू उपकरणों का बिजनेस करने वाली उनकी कंपनी को नुकसान झेलना पड़ा, जिसकी वजह से वे कर्ज की 60 करोड़ रुपए की रकम चुकाने में असमर्थ थे। बता दें राज कुंद्रा से जांच एजेंसी ने दूसरी बार पूछताछ की है। अधिकारियों ने बताया कि कुंद्रा को आने वाले हफ्तों में फिर से समन जारी किया जाएगा। इससे पहले बॉम्बे कोर्ट ने भी मामले पर सख्त टिप्पणी की थी। शिल्पा के वकील ने कोर्ट से कोलंबो जाने की परमिशन मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने पूछा कि क्या इवेंट का इनविटेशन आया है। वकील ने कहा कि जब तक कोर्ट से इजाजत नहीं मिलेगी, तब तक इनविटेशन नहीं मिलेगा। ऐसे में कोर्ट ने कहा कि पहले 60 करोड़ की धोखाधड़ी की रकम को भरें और फिर इस बारे में विचार करेंगे। कोर्ट ने साफ कहा कि एक्ट्रेस मामले के सुलझ जाने तक देश छोड़कर नहीं जा सकतीं। अब मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। बता दें धोखाधड़ी मामले में राज कुंद्रा ने बिपाशा बसु, नेहा धूपिया और एकता कपूर को भी प्रोफेशनल तौर पर पैसे देने की बात कही थी। इसी बीच, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने करवाचौथ की प्यारी झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

# मेरठ के सीजीएचएस के अतिरिक्त निदेशक और ऑफिस सुपरिटेंडेंट के खिलाफ रिश्वतखोरी मामले में चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली । सीबीआई ने मेरठ के सीजीएचएस के अतिरिक्त निदेशक और ऑफिस सुपरिटेंडेंट के खिलाफ रिश्वतखोरी मामले में चार्जशीट दाखिल की है। मेरठ के सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम दफ्तर में भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में डॉ। अजय कुमार, अतिरिक्त निदेशक (सीजीएचएस मेरठ), लवेश सोलंकी, ऑफिस सुपरिटेंडेंट (सीजीएचएस मेरठ) और एक अन्य व्यक्ति रईस अहमद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। यह मामला 12 अगस्त 2025 को दर्ज किया गया था, जब मेरठ के एक निजी अस्पताल समूह ने सीबीआई में शिकायत की थी। शिकायत में आरोपा लगाया गया कि सीजीएचएस के अधिकारी अस्पतालों को पैनल से हटाने की धमकी देकर 50 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के बाद सीबीआई ने जांच शुरू की। सीबीआई ने शिकायत के बाद जांच शुरू की और एक जाल बिछाकर 12 अगस्त को ही तीनों आरोपियों को पहली किश्त के रूप में 5 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज

पटना। बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ वैशाली जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पैसे बांटने के आरोप में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला जिला प्रशासन की शिकायत पर सहदेई पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। मामला सीसीटीवी फुटेज और चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी के बयान के आधार पर दर्ज किया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें और आचार संहिता- राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा। जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

वहीं बिहार चुनाव को लेकर बिहार कोर ग्रुप की बैठक 11 अक्टूबर को दिल्ली में होगी, जिसमें उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगाने के लिए चर्चा होगी। वहीं केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक 12 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों और रणनीति पर चर्चा और उसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। एनडीए की पहली संयुक्त सूची 13 अक्टूबर को जारी होने की उम्मीद है, जिसके साथ एनडीए के चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत होगी। उधर इंडिया ब्लॉक (राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व में, जिसमें कांग्रेस, भाकपा (माले), भाकपा, माकपा और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) शामिल हैं, में सीटों को लेकर अभी पेंच फंसा हुआ है। जन सुराज पार्टी (प्रशांत किशोर की, जिसने राज्य की सभी 243 सीटों पर दावा ठोका है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 37 दिनों में फैसला, आरोपी को 20 साल की जेल और 50 हजार जुर्माना

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर में विशेष न्यायाधीश प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (पॉक्सो) सह चौथे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, खुर्दा ने ऐतिहासिक और त्वरित फैसले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को 37 दिनों के भीतर दोषी ठहराया।

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) सुभंजन मोहंती ने दुष्कर्म और गंभीर यौन उत्पीड़न के मामले में मामला दर्ज होने की तारीख से 37 दिनों के भीतर दोषसिद्धि का फैसला सुनाया। दोषी मुन्ना बेहरा को 20 साल के सश्रम कारावास (आरआई) और 50,000 रुपये के जुर्माने का भुगतान करने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना ना देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) को अदालत द्वारा पीड़िता को छह लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया।विशेष लोक अभियोजक सुब्रत प्रियदर्शिनी ने भुवनेश्वर के अभियोजन उप निदेशक हेमंत कुमार स्वांई की सक्रिय निगरानी में मामले की सुनवाई की थी।

उल्लेखनीय है कि 31 अगस्त, 2025 (रविवार) को जब शिकायतकर्ता घर पर मौजूद नहीं थी, तब उसकी नाबालिग बेटी, जिसकी उम्र करीब 13 वर्ष थी, खुदुरुकुनी ओसा मनाने के लिए अपने पड़ोसी के घर गई थी। हालांकि, वह लंबे समय तक घर नहीं लौटी, इसलिए उसकी मां ने उसकी तलाश की। पूछताछ के दौरान नाबालिग लड़की शुरू में कुछ भी बताने में हिचक रही थी। मां के बार-बार पूछने पर बच्ची ने खुलासा किया कि आरोपी मुन्ना बेहरा ने उसके साथ एक गंभीर अभद्र कृत्य किया था। घटना के बाद आरोपी ने धमकी दी थी कि अगर घटना के बारे में किसी को बताया, तब उस गंभीर परिणाम भुगतने होगा।

# गोवा में नाइजीरियाई नागरिक के पास से 2.53 करोड़ रुपये की कोकीन और एक्स्टेसी जब्त

पणजी। गोवा पुलिस की एंटी-नार्कोटिक सेल (एएनसी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नाइजीरियाई नागरिक चिगोजी इनोसेंट नेजेडिग्वे (24) के पास से 2.53 करोड़ रुपये की कोकीन और एक्स्टेसी पाउडर बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह ड्रग्स आरोपी के सिओलिम इलाके स्थित किराए के घर से जब्त की गई। जांच के दौरान पुलिस को घर से 1.16 किलोग्राम कोकीन और 106 ग्राम एक्स्टेसी पाउडर मिला। इसके अलावा, आरोपी के पास से एक टू-व्हीलर भी जब्त किया गया, जिसका उपयोग वह कथित तौर पर ड्रग्स की डिलीवरी में करता था। पुलिस ने बताया कि नेजेडिग्वे पहले भी इसी तरह के एक नार्कोटिक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है और इस समय जमानत पर बाहर था। पुलिस को उसके फिर से ड्रग्स कारोबार में शामिल होने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह छापा मारा गया। एएनसी अधिकारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह किन लोगों को ड्रग्स सप्लाई करता था और उसके नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि नेजेडिग्वे गोवा में विदेशी पर्यटकों और स्थानीय युवाओं को निशाना बनाकर नशे का कारोबार कर रहा था। गोवा में पिछले कुछ महीनों में ड्रग्स की तस्करी के कई मामले सामने आए हैं।

# इजराइल और हमास के बीच 2 साल से जारी जंग आखिरकार खत्म...गाजा में युद्धविराम लागू, पीछे हटने लगे सैनिक

तेलअवीव। इजराइल और फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू हो गया है, जिसकी औपचारिक घोषणा शुक्रवार को इजराइली डिफ्रेंस फोर्स ने की। इसके साथ ही 2 साल से जारी गाजा युद्ध आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इस समझौते के तहत कुछ इलाकों से सैनिकों को पुन: तैनात किया जा रहा है। ये संघर्ष 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था, जब हमास ने दक्षिणी इजराइल में बर्बर हमला किया था। इस हमले में कम से कम 1200 लोगों की मौत हुई थी और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था। अब 2 साल में 70 हजार से अधिक मौतों और विकास के विनाश के बाद अब शांति की स्थापना के लिए कदम उठाया गया है।

गाजा में सीजफायर शुक्रवार दोपहर 12 बजे (इजराइल समयानुसार) यानी भारतीय समयानुसार 2:30 बजे से लागू हो गया। ये कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना के पहले चरण का हिस्सा है, जिस पर इजराइल और हमास दोनों ने सहमति जताई है। इजराइली डिफेंस फोर्स ने बयान जारी कर कहा कि युद्धविराम समझौता दोपहर 12 बजे से प्रभावी हुआ। इसके बाद इजराइली डिफेंस फोर्स के सैनिकों ने अपनी नई तैनाती लाइनों पर पुन: पोजिशन ले ली है ताकि युद्धविराम लागू हो सके और बंधकों की वापसी की प्रक्रिया शुरू की जा सके। इजराइली डिफेंस फोर्स ने यह भी कहा कि दक्षिणी कमान के सैनिक क्षेत्र में तैनात हैं और किसी भी तात्कालिक खतरे को समाप्त करने की कार्रवाई जारी रखेंगे। बता दें कि बीते दो साल में लगभग 70 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अब ट्रंप के हस्तक्षेप के बाद इजराइल और हमास के बीच शांति समझौता हुआ है।

### बंधकों की होगी अदला-बदली

गाजा युद्धविराम समझौते पर सहमति डोनाल्ड ट्रंप की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता मानी जा रही है। इस समझौते का मकसद गाजा में 2 साल से जारी युद्ध को समाप्त करना है, जिसने पूरे मिडिल ईस्ट को झकझोर दिया था। समझौते की शर्तों के अनुसार इजराइल अपने सैन्य अभियान को रोक देगा, जबकि हमास इजराइली बंधकों को रिहा करेगा, इसके बदले में इजराइल सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। शांति समझौते के तहत अब इजराइल गाजा से धीरे-धीरे अपनी सेना हटा रहा है, जिसके साथ ही लड़ाई खत्म हो जाएगी। हमास ने वादा किया है कि वह इजराइल की जेलों में बंद सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों के बदले सभी बचे हुए बंधकों को रिहा करेगा। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि बंधकों की रिहाई अगले हफ्ते की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है।

# वर्षों पुराना नाला बंद करने से घरों का पानी हुआ जाम

## शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला, नगर के वार्ड नं 3 का मामला, विरोध के बाद खोला गया नाला

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

शुक्रवार की दोपहर नगर के वार्ड नंबर 3 सुदर्शन नगर में उस वक्त विवाद बढ़ गया ,जब एक भू स्वामी द्वारा निजी भूमि में मालमा डालने के साथ-साथ प्लांट के बाजू से बहने वाले वर्षों पुराने नाले में भी मलमा डालकर उसे पूर दिया गया। जहां सरकारी नाले को मलमे से पूरकर, बंद करने के चलते आसपास के कई घरों की पानी निकासी रुक गई और घरों से निकलने वाला पानी, घरों में ही जाम हो गया। जिस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए जमकर हंगामा मचाया।जहा बरसों पुराने सरकारी नाले से पानी निकासी को लेकर बड़े इस विवाद के बीच वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, जिन्होंने नपा के राजस्व अधिकारियों और पटवारी को मौके पर बुलाकर, नाले से मलमा हटवाया, तब कहीं जाकर उपजा यह विवाद शांत हो गया।

### सरकारी नाले को स्वयं की भूमि बताकर पूरवाया जा रहा था नाला

सरकारी जमीन को स्वयं की बताकर उसे पूरने के मामले लगातार सामने आ रहे है। ऐसे ही एक मामले में वार्ड क्रमांक तीन व वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों की टेंशन बढ़ा दी। यहां निजी भूमि स्वामी के कहने पर जेसीबी से वर्षो पुराना नाला ही पूरने का काम कर दिया गया। जब ये बात रहवासियों को पता चला थी उन्होंने इसका विरोध कर प्रदर्शन करना शुरु कर दिया। टेंशन बढ़ने पर जेसीबी की मदद से नाला को खोला गया तब कहीं जाकर रहवासियों ने राहत की सांस ली।

### वार्ड नं 3,वार्ड नं 8 के प्रतिनिधि सहित दोनो वार्ड के वार्डवासियो ने जताया विरोध

सालों पुराने नाला को पूरने का विरोध रहवासियों द्वारा किया गया तो उन्हें जेसीबी के चालक ने बताया कि निजी भूमि स्वामी का कहना है कि ये नाला उनकी निजी जमीन पर है इस लिए इसे पूरा जा रहा है। जिसके बाद वार्ड क्रमांक तीन के पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड क्रमांक आठ के पार्षद प्रतिनिधि सहित दोनों वार्डों के रहवासियों ने मौके पर नपा के अमले और पटवारी को बुलाया और नाला पूरने का विरोध किया।जहा प्रशासनिक दखल के बाद उसी जेसीबी के माध्यम से नाला को खोलने का काम किया गया।



### राजस्व अमले से मौके पर पहुचकर खुलवाया नाला

उधर पार्षद प्रतिनिधि से मिली शिकायत और वार्ड में बढ़ रहे इस विवाद की सूचना मिलने पर नपा राजस्व अधिकारी व पटवारी अमला भी मौके पर पहुच गया। हालांकि इस दरमियान भू स्वामी मौके पर नहीं था जिसके चलते उसी जेसीबी मशीन से पूरे नाले को वापस खुलवाया गया।जिससे पानी निकासी की व्यवस्था पुन: बहाल हो गई।

### नाला बंद होने से जाम हो गया घर का पानी- वार्डवासी

नाला पूरने को लेकर नाराजगी जता रहे रहवासी सोना बाई, लाजवंती तुरकेल, और हीरालाल पंचेश्वर ने बताया कि हमारी कई पीढ़िया बीत गई सुदर्शन नगर में रहते हुए, हमारे दादा, पिता के समय से यहां से नाला गया हुआ है, और दस फीट की रोड भी है जिससे आवागमन होता है, और नाला से बरसात का पानी निकलता है, लेकिन निजी भूमिस्वामी के द्वारा नाला को स्वयं की भूमि में बताकर उसे भरने का काम किया जिससे जल भराव की समस्या के साथ ही आगामी समय में गदंगी की समस्या गंभीर हो सकती है जिसके चलते ही सभी रहवासियों ने इसका विरोध किया और नाला को खुलवाया गया है।वर्तमान समय मे भी नाला बंद होने से कई घरों का पानी जाम हो चुका है।

### सदियों पुराने सरकारी नाले को बंद करने से उपजा था विवाद- सोहेल

वार्ड क्रमांक तीन के पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान ने बताया कि वार्ड क्रमांक तीन का सरकारी नाला जिससे तीन व और आठ वार्ड सहित शहर के अन्य वार्डों का पानी निकलता है और वर्षा का पानी भी निकलता है। उन्होंने बताया कि नाला पूर जाने से पानी वापस लोगों के घरों में पहुंचने लगा,जिससे रहवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा जिसके चलते ही इस बात का विरोध किया गया। वार्डवासियों के विरोध पर प्रशासनिक अमले को बुलाकर नाले को पुन: खुलवाया गया है।हमारी मांग है कि इस सरकारी नाले को यथावत रखा जाए, क्यो की यह सदियों पुराना नाला है।पानी निकासी भी इसी नाले से होती है।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत

## राष्ट्रीय राज्यमार्ग नेवरगांव की घटना, माता-पिता का इकलौता बेटा था शैलेश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

किरनापुर थाना अंतर्गत गोंदिया सिवनी राष्ट्रीय राज राष्ट्रीय राज मार्ग राज्य मार्ग राज्य राजभर राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर स्थित ग्राम नेवरगांव के पास पिकअप की ठोकर से गंभीर रूप से घायल शैलेश पिता ओमकार डोरस 32 वर्ष ग्राम बोट्टे हजारी सागर टोला निवासी की नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। 5 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई थी जब यह व्यक्ति मोटरसाइकिल में अपने ससुराल ग्राम कोसते किरनापुर से अपने घर लौट रहा था। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलेश डोरस अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था जिसकी दो बहने हैं और शैलेश डोरस और उसकी दोनो बहनों की शादी हो चुकी है। शैलेश डोरस की एक बेटी है। शैलेश डोरस मजदूरी करता था। बताया गया है कि डेढ़ वर्ष पहले शैलेश डोरस की पत्नी डुलेश्वरी अपनी बच्ची को लेकर अपने मायके कोसते चली गई है। 5 अक्टूबर को शैलेश डोरस मोटरसाइकिल में अपनी बेटी का आधार कार्ड छोड़ने के लिए अपने ससुराल कोसते गया था। ग्राम कोसते में आधार कार्ड छोड़कर शैलेश डोरस मोटरसाइकिल में अपने घर लौट रहा था। शाम 7:00 बजे करीब गोंदिया सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग से रजेगांव से बालाघाट की ओर आते समय ग्राम नेवरगाँव के पास बालाघाट की ओर से तेज रफ्तार से जा रही पिकअप ने शैलेश डोरस की मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया ।पिकअप की जबरदस्त ठोकर से शैलेश डोरस गंभीर रूप से घायल बेहोश हो गया था। जिसे डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शैलेश डोरस को हायर सेंटर रेफर किया गया था। किंतु परिजनों ने उसे बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती किए थे। जहां चार दिन चले उपचार के दौरान 10 अक्टूबर को दोपहर में शैलेश डोरस की मौत हो। जिसका शव जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही पश्चात शैलेश डोरस का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिए और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना किरनापुर भिजवा दी गई है।



# शराब दुकान के सेल्समैन ने की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के वार्ड नंबर 13 बूढ़ी स्थित शराब दुकान में शराब खरीदने आए एक व्यक्ति को दुकान के सेल्समैन ने मारपीट कर दिया वहीं एक व्यक्ति ने उसके सिर में लाठी मार कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति आशीष पिता तेजलाल परते 36 वर्ष वार्ड नंबर 13 बूढ़ी बालाघाट निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष मजदूरी करता है। गुरुवार को सुबह 9-30 बजे आशीष बूढ़ी स्थित शराब दुकान, शराब लेने के लिए गया था। आशीष ने शराब लेने के बाद पहले से जमा पैसे मांगा तभी शराब दुकान के गद्दी में बैठे सेल्समैन ने आशीष को अश्लील गालियां देते हुए उसके साथ हाथ बुक्के से मारपीट कर दिए। इस समय किसी व्यक्ति ने आशीष के सिर में लकड़ी से वार कर दिया। जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा था। मारपीट और लकड़ी के वार से घायल आशीष अपना इलाज करवाने के लिए जिला अस्पताल पहुंचा। जिला अस्पताल पुलिस ने आशीष का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।




# मोटरसाइकिल हटाने को लेकर दो लोगों ने की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

नगर के गुजरी में मालवाहक ई-रिक्शा के पीछे खड़ी मोटरसाइकिल हटाने के विवाद को लेकर दो व्यक्ति ने सब्जी विक्रेता युवक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल तोड़फोड़ कर दिये। मारपीट में घायल युवक आमिर कुरैशी पिता सफी आलम कुरेशी 20 वर्ष वार्ड नंबर 3 गोस नगर बालाघाट निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमिर कुरेशी मंडी में सब्जी की दुकान लगता है। 9 अक्टूबर की रात 9:30 बजे आमिर कुरैशी का माल सब्जी गुजरी में आया था और आमिर कुरैशी गुजरी गया और मालवाहक ई रिक्शा में सब्जी लोड किया। माल वाहक ई रिक्शा के पीछे एक मोटरसाइकिल खड़ी थी। तभी अमीर कुरैशी ने मोटरसाइकिल हटाने के लिए बोला था। किंतु मोटरसाइकिल वाले ने ई-रिक्शा के पीछे खड़ी मोटरसाइकिल हटाने से मना मना कर दिए और वह आमिर कुरैशी से उलझ गये। मोटरसाइकिल वाले और दुकान वाले बोलने लगे की यह रोड तेरे पिता की नहीं है। यह कहकर दोनों आमिर कुरैशी को हाथबुक्के से मारपीट कर दिए और उसका मोबाइल भी तोड़फोड़ कर दिए। मोटरसाइकिल हटाने बोलने पर जान से मारने की धमकी दे दिये। बीच बचाव के बाद मारपीट में घायल आमिर कुरैशी को उसके भाई के यासिर कुरैशी ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, प्रधान संपादक - उमेश बागरेचा, मो.नं. - 9425138710, स्थानीय संपादक - विपिन बिहारी शाडिल्य, रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट